फाल्गुन कृष्ण पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 1 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 104, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ 16


तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप 15

# व्हाट्सएप पर वायरल हुआ गणित-जीव विज्ञान का पेपर

**इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा** केंद्र व्यवस्थापक समेत कई के खिलाफ मामला दर्ज

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की गुरुवार को गणित और जीव विज्ञान की परीक्षा थी। परीक्षा के दौरान गणित और जीव विज्ञान का पेपर लीक होने की सूचना व्हाट्सएप के जरिए फैल गई। प्रश्न पत्र का फोटो वायरल होते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। पेपर आगरा जनपद के ऑल प्रिंसिपल व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल हुआ था। कोई एक्शन लिया जाता, इस बीच परीक्षा संपन्न हो गई। डीआईओएस की ओर से फतेहपुर सीकरी थाने में अतर सिंह इंटर कॉलेज, रौझौली किरावली के केंद्र व्यवस्थापक सहित अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है।



इंटरमीडिएट गणित और जीव विज्ञान का प्रश्नपत्र जो व्हाट्सएप पर वायरल हुआ।

गुरुवार को परीक्षा की दूसरी पाली दोपहर 2 से 5:15 बजे तक गणित और जीव विज्ञान की परीक्षा थी। करीब 3 बजे व्हाट्सएप ग्रुप पर जीव विज्ञान और गणित के प्रश्नपत्र की फोटोकॉपी वायरल हुई। इस ग्रुप में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्रधानाचार्य और शिक्षक जुड़े हैं। मोबाइल पर प्रश्नपत्र देखकर अधिकारियों के होश उड़ गए। प्रश्न पत्र को डिलीट किया गया, लेकिन तब तक खबर फैल गई। मिलान करने पर प्रश्नपत्र समान निकला।

बताया जा रहा है कि विजय नाम के व्यक्ति ने प्रिंसिपल व्हाट्सएप ग्रुप में पेपर की फोटो भेजी थी, जिसे बाद में उसने डिलीट कर दिया। परीक्षा पर्यवेक्षक मुकेश अग्रवाल ने कहा कि मामले से उत्तर प्रदेश माध्यमिक बोर्ड को अवगत करा दिया गया है। पेपर लीक होने की जानकारी आई तो पता लगाया गया, लेकिन केंद्रों से कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई।

### कंप्यूटर ऑपरेटर विनय ने लगाई सेंध : डीआईओएस

आगरा के डीआईओएस दिनेश कुमार ने बताया कि थाना फतेहपुर सीकरी के किरावली रौझोली के अतर सिंह इंटर कॉलेज में कंप्यूटर ऑपरेटर विनय चौधरी ने अपने मोबाइल से पेपर को व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर किया था। जिला परीक्षा पर्यवेक्षक मुकेश अग्रवाल के निर्देश पर विनय चौधरी, केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गंभीर सिंह, स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉ. गजेंद्र सिंह समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

# अक्टूबर-दिसंबर में आर्थिक वृद्धि दर 8.4%

- एनएसओ ने जारी किए आंकड़े, समूचे वित्त वर्ष में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष (2023-24) की तीसरी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में तेजी से बढ़कर 8.4 प्रतिशत हो गई, जिसमें विनिर्माण, खनन और निर्माण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। आर्थिक वृद्धि का यह अनुमान जताए गए विभिन्न अनुमानों से कहीं अधिक है। आरबीआई ने तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत और पूरे वित्त वर्ष के लिए सात प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 4.3 प्रतिशत रही थी। जीडीपी वृद्धि एक निश्चित अवधि में वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य में वृद्धि को दर्शाती है। इसके साथ ही एनएसओ ने राष्ट्रीय खातों के अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देश की वृद्धि दर के बढ़कर 7.6 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है। इस साल जनवरी में जारी पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

### यह वृद्धि अर्थव्यवस्था की ताकत को दर्शाती है : मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और क्षमता को दर्शाती है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे प्रयास तेज आर्थिक विकास लाने के लिए जारी रहेंगे, जिससे 140 करोड़ भारतीयों को बेहतर जीवन देने में मदद मिलेगी।

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/- प्रतिदिन

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

LAST 6 DAYS
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, सिलेक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
पशमीनाशॉल एण्ड स्टाल
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

## केंद्रीय कैबिनेट ने दी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी

# देश में 1 करोड़ घरों को मिलेगी 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

## छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक मिलेगी सब्सिडी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी। इस पर 75,021 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। योजना के तहत एक करोड़ घरों को छतों पर सौर संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक सब्सिडी और 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि छत पर सौर संयंत्र लगाने और एक करोड़ परिवारों को हर महीने प्रति परिवार 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने की योजना को मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री ने 13 फरवरी, 2024 को यह योजना शुरू की थी। योजना के तहत दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए लागत का 60 प्रतिशत और दो किलोवाट से तीन किलोवाट क्षमता के बीच प्रणाली के लिए अतिरिक्त लागत के 40 प्रतिशत की केंद्रीय वित्तीय सहायता मिलेगी। यह सहायता तीन किलोवाट तक के लिए है।



मौजूदा मानक कीमतों पर देखा जाए तो एक किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 60,000 रुपये और तीन किलोवाट क्षमता या उससे अधिक के लिए सब्सिडी 78,000 रुपये होगी। योजना के तहत प्रत्येक जिले के एक गांव को 'मॉडल सोलर' गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। यह ग्रामीण क्षेत्रों में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 'रोल मॉडल' के रूप में कार्य करेगा। इसके अलावा, स्थानीय शहरी निकायों और पंचायती राज संस्थानों को भी अपने क्षेत्रों में छतों पर सौर संयंत्र लगाने को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

### पीएम सूर्य घर पोर्टल पर करवा सकते हैं पंजीकरण

परिवार राष्ट्रीय पोर्टल पीएम सूर्य घर डॉट गॉव डॉट इन (https://pmsuryaghar.gov.in) के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन करेंगे और छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए एक उपयुक्त विक्रेता का चयन कर सकेंगे। राष्ट्रीय पोर्टल के जरिए उपयुक्त सौर प्रणाली, लाभ आकलन, विक्रेता रेटिंग आदि जैसी जरूरी जानकारी उपलब्ध होगी। परिवार रिहायशी मकानों में छतों पर तीन किलोवाट तक की क्षमता के सौर संयंत्र लगाने के लिए करीब सात प्रति ब्याज पर बिना किसी गारंटी के कर्ज ले सकेंगे।

### अधिशेष बिजली की बिक्री से कर सकेंगे कमाई

इस योजना के माध्यम से, परिवार बिजली बिल बचाने के साथ-साथ वितरण कंपनियों को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। घर में अगर तीन किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली लगाई जाती है, तो इससे प्रतिमाह औसतन 300 से अधिक यूनिट बिजली पैदा की जा सकेगी। अनुमान है कि इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से लगभग 17 लाख नौकरियां सृजित होंगी।

### अन्य फैसले...

- बाघों के संरक्षण को इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस का होगा गठन
- तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित किए जाने पर भी लगी मुहर
- 12 महत्वपूर्ण एवं सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की गई
- राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य संस्थान, नागपुर में निदेशक पद सृजन को मंजूरी

**पीएंडके उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये सब्सिडी :** सरकार ने आगामी खरीफ सत्र के लिए फॉस्फेटिक एवं पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की घोषणा की। कहा है कि किसानों को प्रमुख पोषक तत्व डीएपी 1,350 रुपये प्रति क्विंटल के दाम पर मिलती रहेगी। कैबिनेट बैठक में पीएंडके उर्वरकों पर 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक के खरीफ सत्र के लिए पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आगामी खरीफ सत्र के लिए नाइट्रोजन पर सब्सिडी 47.02 रुपये, फॉस्फेटिक पर 28.72 रुपये, पोटाश पर 2.38 रुपये और सल्फर पर 1.89 रुपये प्रति किलोग्राम तय की गई है।

# सीरियल बम विस्फोट केस में करीम टुंडा बरी



- 1993 में देशभर में पांच ट्रेनों में हुए थे सिलसिलेवार धमाके
- अजमेर की टाडा कोर्ट ने दो अन्य आरोपियों को दी उम्रकैद

जयपुर, एजेंसी

अजमेर की एक विशेष अदालत ने 1993 में कई ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल करीम टुंडा को गुरुवार को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर सका।

न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता की टाडा अदालत ने दो अन्य आरोपियों-इरफान और हमीदुद्दीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। भारत में वांछित आतंकवादी दाऊद इब्राहिम के घनिष्ठ सहयोगी टुंडा (81) पर दिसंबर 1993 में बाबरी मस्जिद विध्वंस की पहली बरसी पर विभिन्न शहरों में पांच ट्रेनों में विस्फोट करने का आरोप है। इन बम धमाकों में दो लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। टुंडा के वकील शफकतुल्लाह सुल्तानी ने अजमेर में संवाददाताओं से कहा कि अदालत ने अब्दुल करीम टुंडा को उसके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी कर दिया। टाडा अदालत ने 5-6 दिसंबर 1993 की रात लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में यात्री ट्रेनों में हुए विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी टुंडा और सह आरोपियों इरफान उर्फ पप्पू और हमीदुद्दीन- के खिलाफ 30 सितंबर 2021 को आरोप तय किए थे।

### धमाकों में हुई थीं दो मौतें, 22 लोग हुए थे घायल

नई दिल्ली और हावड़ा जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों, नई दिल्ली-मुंबई राजधानी एक्सप्रेस, सूरत-बड़ौदा फ्लाइंग क्वीन एक्सप्रेस और हैदराबाद-नई दिल्ली एपी एक्सप्रेस में हुए विस्फोटों में दो लोग मारे गए थे और कम से कम 22 घायल हो गए थे। आरोपियों के खिलाफ आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के साथ ही विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम और भारतीय रेलवे अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे।

### एक नजर

**ओपीएस लागू नहीं होने पर हड़ताल की दी धमकी**

**नई दिल्ली।** ज्वाइंट फोरम फॉर रिस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम (जेएफआरओपीएस) के तहत एकजुट हुईं रेलवे कर्मचारियों व श्रमिक यूनियनों ने धमकी दी है कि अगर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे एक मई से देश भर में सभी ट्रेन सेवाओं का संचालन बंद कर देंगी। जेएफआरओपीएस के संयोजक शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि अब विकल्प नहीं बचा है। मिश्रा ने कहा कि हम 19 मार्च को आधिकारिक तौर पर रेल मंत्रालय को एक नोटिस देंगे, जिसमें 1 मई से ट्रेनों का संचालन रोकने के बारे में सूचित किया जाएगा।

# भाजपा के प्रकोष्ठ के तौर पर काम कर रही है सीबीआई : अखिलेश



- सीबीआई के समन पर सपा प्रमुख का भाजपा पर पलटवार
- बोले-पांच साल तक क्यों नहीं भेजा समन, चुनाव के करीब ही क्यों

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव अवैध खनन मामले में गुरुवार को पूछताछ के लिए सीबीआई के सामने हाजिर नहीं हुए, लेकिन जवाब जरूर दिया है। सपा प्रमुख ने सीबीआई से जांच दिल्ली की जगह लखनऊ में कराने की मांग की है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ने का भी प्रस्ताव रखा है।

सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश यादव ने समन के जवाब में कहा कि जांच में सहयोग के लिए तैयार हूं, लखनऊ में जांच हो या फिर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी जुड़ सकता हूं। साथ ही सवाल भी उठाया कि चुनाव से पहले ही नोटिस क्यों भेजा है? 2019 के बाद यानी पिछले 5 सालों में कोई जानकारी क्यों नहीं मांगी गई? अखिलेश ने गुरुवार को लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर पीडीए की बैठक को संबोधित किया। बैठक में उन्होंने कहा, भाजपा इस समय सबसे कमजोर स्थिति में है। वह संवैधानिक संस्थाओं को अपने प्रकोष्ठ की तरह प्रयोग कर रही है। अखिलेश की पत्नी और सपा सांसद डिंपल यादव ने भी कहा, वे ऐसे पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं हैं जिन्हें समन भेजा गया है। लगातार नेताओं, उद्योगपतियों, व्यापारियों, छोटे व्यापारियों पर दबाव बनाया जा रहा है।

# भाजपा ने डेढ़ सौ सीटों पर उम्मीदवार तय किए

- पार्टी एक-दो दिन में जारी कर सकती है पहली सूची

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की गुरुवार शाम महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें लोकसभा चुनाव के लिए पांच राज्यों की करीब 150 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर विचार किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने की।

बैठक में केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ प्रदेशों के चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी, पांचों भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री भी मौजूद थे। बैठक में उत्तर प्रदेश की 80, उत्तराखंड की पांच, राजस्थान की 24, मध्य प्रदेश की 29 एवं छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों पर चर्चा हुई। इन 149 सीटों में 122 सीटें भाजपा के पास हैं। हारी हुईं 27 सीटों में से अधिकांश नए चेहरे होने की संभावना है। उम्मीद है कि एक दो दिन में पहली सूची जारी हो जाएगी।

# संदेशखालि : शाहजहां शेख गिरफ्तार तृणमूल से छह साल के लिए निलंबित



- ईडी टीम पर हमले के मामले में फरार था बाहुबली नेता
- हाईकोर्ट की सख्ती पर की गई गिरफ्तारी की कार्रवाई

बशीरहाट, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन और कई दिनों तक चले सियासी संग्राम के बाद गुरुवार तड़के 55 दिनों से फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। शेख पर यौन उत्पीड़न एवं जमीन हड़पने का आरोप है। हालांकि उसकी गिरफ्तारी ईडी की टीम पर हमला करने के मामले में हुई है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने शेख को पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया है।

पार्टी नेता डेरेक ओ''ब्रायन ने कहा कि महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपी शाहजहां शेख को छह वर्ष के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया। संदेशखालि विधानसभा क्षेत्र का पार्टी संयोजक शेख उत्तर 24 परगना जिला परिषद के सदस्य भी था। एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि शेख को उत्तर 24 परगना जिले के सुंदरवन के बाहरी इलाके में संदेशखालि से लगभग 30 किमी दूर मिनाखान थाना क्षेत्र में एक घर से गिरफ्तार किया गया। शेख कुछ साथियों के साथ उस घर में छिपा था। गिरफ्तारी के बाद उसे बशीर हाट कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

# हिमाचल में कांग्रेस के छह विधायक अयोग्य करार, जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

- विधानसभा अध्यक्ष ने दल बदल कानून के तहत की कार्रवाई
- राज्यसभा के लिए वोटिंग में भाजपा प्रत्याशी को दिया था वोट

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए हाल ही में हुए चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने के लिए गुरुवार को छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया। बागी विधायकों ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया है। बागी विधायकों ने वित्त विधेयक पर सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी व्हिप की अवहेलना करते हुए विधानसभा में बजट पर मतदान से भी परहेज किया था।

अयोग्य घोषित किए गए विधायकों में राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, इंद्रदत्त लखनपाल, देवेंद्र कुमार भुट्टो, रवि ठाकुर और चैतन्य शर्मा शामिल हैं। बागी विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद सदन में कुल विधायकों की संख्या 68 से घटकर 62 रह गई है। इससे कांग्रेस विधायकों की संख्या 40 से घटकर 34 हो गई है।

### पार्टी में सभी मतभेद दूर, संकट खत्म : शिवकुमार



**शिमला।** कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक डीके शिवकुमार ने गुरुवार को घोषणा की कि सभी मतभेद दूर हो गए हैं। सभी आंतरिक मामलों को सुलझाने के लिए एक समन्वय समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। दावा किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। शिवकुमार ने ये बातें संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहीं, जिसमें दो अन्य केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेंद्र सिंह हुड्डा और भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और हिमाचल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी शामिल थीं।

## आज से शुरू होगी गेहूं की सरकारी खरीद

**लखनऊ।** पहली मार्च यानी आज से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होगी, जो 15 जून तक चलेगी। सरकार ने 2275 रुपये प्रति कुंतल गेहूं का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। राज्य सरकार ने निर्देश दिया है कि इस दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने चाहिए। गेहूं की बिक्री हेतु किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल पर विभाग के मोबाइल एप पर पंजीकरण-नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। वहीं, विभाग की ओर से किसानों से अनुरोध किया गया है कि गेहूं को ओसाकर, मिट्टी, कंकड़, धूल आदि को साफकर अच्छी तरह से सुखाकर ही क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए लेकर जाएं। इस वर्ष बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं की बिक्री की जा सकेगी।

# 'प्रतिभा' से ग्रामीण क्षेत्रों में लाएंगे नवाचार

**विशेष**

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



- ग्रामीण विकास मंत्रालय का विकसित किया गया पोर्टल जल्द होगा लागू
- फ्लैगशिप कार्यक्रमों को मिलेगा बढ़ावा, सभी जिलाधिकारियों को पत्र

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में विकास के लिए अनुसंधान और नवाचार अपनाया जाएगा। इसके प्रोत्साहन के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रोग्राम फॉर एक्शन थ्रू इंटर्नशिप भारत (प्रतिभा) पोर्टल विकसित किया है।

ये पोर्टल जल्द ग्रामीण इलाकों में लागू होगा। इससे माध्यम से विकास मंत्रालय के फ्लैगशिप यानी महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा। संचालन के लिए ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षित युवक (इंटर्न्स) रखे जाएंगे। इन्हें ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय से जुड़े सभी कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह ग्रामीणों को प्रेरित करेंगे और विकास के क्षेत्र में नवाचार पर काम करेंगे। गांव की बेहतरी के लिए क्या जरूरी है, इसकी खोज कर क्रियान्वयन भी करेंगे। शासन ने सभी जिलाधिकारी को पोर्टल के क्रियान्वयन के लिए पत्र जारी किया है। लखनऊ में इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### हर ग्राम पंचायत पर रखे जाएंगे दो युवक

हर ग्राम पंचायत पर दो युवक रखे जाएंगे। इनका चयन दो माह के अंदर जिले स्तर पर होना है। विभाग युवाओं को कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षित करेगा। इसके बाद राज्य, जिला, ब्लॉक, उत्पादक, उद्यम, क्लस्टर, ग्राम पंचायत या फिर ग्रामीण विकास मंत्रालय की किसी योजना में तैनात किए जाएंगे। जो विकास के क्षेत्र में काम करेंगे। जिला स्तर पर इंटर्नशिप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिलाधिकारी बनाए गए हैं।

> ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह पहल है। नवाचार से गांव के विकास में और बेहतरी आएगी। योजनाओं का क्रियान्वयन होगा और ग्रामीणों को उसका लाभ मिलेगा। इस पर काम करेंगे। - **हिमांशु शेखर ठाकुर**, जिला पंचायत राज अधिकारी, लखनऊ

## शहर में आज

- पीएम विश्वकर्मा योजना जागरूकता कार्यक्रम विकास भवन सभागार में शाम 4 बजे।
- यूपी बोर्ड परीक्षा सुबह 8 :30 और दोपहर 2 बजे से।
- राज्य स्तरीय सिक्स ए साइड हॉकी टूर्नामेंट रोड नंबर चार रेलवे स्टेडियम में।
- उत्तर प्रदेश व्यापारी सुरक्षा फोरम द्वारा एफएसडीए के अधिकारियों को ज्ञापन 11 :30 बजे।

# रंग-बिरंगे स्मार्ट सिटी में बदबू का मारा रामपुर बाग

## टाइल्स से ढकी नालियों को नाले से नहीं जोड़ा, सड़कों पर भर रहा है पानी, दुर्गंध से बुरा हाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लोगों ने कहा- घरों के अंदर तक सांस लेना मुश्किल, काफी समय से झेल रहे हैं परेशानी
- करोड़ों से चौड़ी की गई थीं पॉश इलाके की सड़कें, नाले-नाली का हुआ था निर्माण

**अमृत विचार :** रामपुर बाग में रहने वाले तमाम लोग स्मार्ट सिटी कंपनी के बेढंगे कामों की सजा भुगत रहे हैं। करोड़ों की लागत से इस पॉश कॉलोनी में सड़कों को चौड़ा करने के साथ नाले और नालियों का निर्माण कराया गया था लेकिन नालियों को नाले से जोड़े बगैर रंग-बिरंगी टाइल्स से ढक दिया गया। अब ये नालियां गंदगी से अटकर जाम हो गई हैं। सीवर की लीकेज से घरों के अंदर तक दुर्गंध भरी हुई है।

रामपुर बाग के लोगों का कहना है कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत बनाई गई नालियों को एक तो नाले से नहीं जोड़ा गया, दूसरे नालियों की सफाई कराए बगैर उन्हें टाइल्स से ढक दिया गया है।

इसका नतीजा यह है कि घरों से निकलने वाला पानी जाम पड़ी नालियों में आगे ही नहीं बढ़ रहा है। इससे पूरे इलाके में भीषण दुर्गंध से लोगों का बुरा हाल हो गया है। प्रभा टॉकीज से रामपुर बाग जाने वाली रोड के आगे और दाएं -बाएं मोड़ पर यह समस्या ज्यादा है। घरों के आगे बनी नालियों का पानी का बहाव नाले की तरफ नहीं जा पा रहा है। यही हाल नाले का भी है। नाले और नालियों को आपस में जोड़ा ही नहीं गया है। रंग-बिरंगी टाइल्स से ढकी नालियों की सफाई भी नहीं होती है।

लोगों का कहना है कि कई जगह सीवर लाइन घरों के आगे से निकल रही है। इसे सीवर की मेन लाइन से नहीं जोड़ा गया है। स्मार्ट सिटी के कर्मचारी नाले में मलबा डालकर छोड़ गए और उसके बाद अब तक उसे साफ नहीं किया। इस लाइन के जरिए लोगों के घरों में अब सांप तक पहुंच रहे हैं। सीवर लाइन चोक होने के कारण पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने लगता है। आलीशान घरों में रहने वाले लोग भी सीवर की दुर्गंध से परेशान हैं।



गांधी उद्यान से विकास भवन जाने वाले मार्ग पर टाइल्स उखाड़कर सीवर लाइन ठीक करते मजदूर। ● अमृत विचार

### सीवर लाइन खोलने के लिए टाइल्स उखाड़ीं और वैसी ही छोड़ गए

विकास भवन रोड पर बृहस्पतिवार को सीवर लाइन चोक होने के बाद सड़क पर गंदा बदबूदार पानी फैलने लगा। नगर निगम के कर्मचारियों ने टाइल्स हटाकर सीवर लाइन की लीकेज की अस्थाई मरम्मत कर दी लेकिन उखड़ी पड़ी टाइल्स को जैसे का तैसा छोड़ गए। लोगों ने बताया कि पहले भी कई बार ऐसा हो चुका है। उखड़ी टाइल्स उन्हें अपने खर्चे पर दोबारा लगवानी पड़ती है। उन्होंने बताया कि जब भी समस्या होती है, अस्थाई मरम्मत करा दी जाती है। इसका स्थाई हल लाइनों की सफाई कराकर उन्हें मेन लाइन से जोड़ने से होगा लेकिन इसके लिए टालमटोल की जा रही है।

> रामपुर बाग में शुक्रवार को हमारी टीम जाएगी। यहां की समस्या का पूरा समाधान कराया जाएगा। – **सिद्धार्थ कुमार**, अधिशासी अभियंता जलकल विभाग

# नगर निगम का दावा झूठा, हमारा कोई बैंक खाता सीज नहीं हुआ

## बिजली विभाग के एक्सईएन ने किया साफ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- निगम अफसरों ने 65 करोड़ के बकाया पर पांच खाते सीज करने का किया था दावा

**अमृत विचार :** नगर निगम की टैक्स वसूली की व्यवस्था भी झूठे और हवाई दावों पर चल रही है। बुधवार को नगर निगम के अफसरों ने 65 करोड़ के बकायादार बिजली विभाग के पांच बैंक खातों को सीज करने का दावा किया था लेकिन बृहस्पतिवार को खुद बिजली विभाग ने साफ किया कि उसका एक भी खाता सीज नहीं किया गया है। नगर निगम से इस बारे में नोटिस जरूर जारी किया गया था।

बिजली विभाग नगर निगम के सबसे बड़े बकायादारों में है। करीब 65 करोड़ के बकाया की अदायगी के लिए नगर निगम हर साल का बिल जारी करता है लेकिन बिजली विभाग इस बकाया का न पूरा भुगतान कर रहा है न आंशिक। इस बार फिर 15 दिन पहले नगर निगम ने नोटिस जारी किया लेकिन बिजली विभाग ने उसका कोई जवाब तक नहीं दिया। इसके बाद बुधवार को नगर निगम ने मीडिया को सूचना जारी की कि बिजली विभाग के पांचों बैंक खातों को सीज कर दिया गया है।

बिजली विभाग के कर्मचारियों में इस खबर से खलबली मची तो बृहस्पतिवार को अधिशासी अभियंता अमित आनंद ने साफ किया कि नगर निगम ने विभाग का कोई खाता सीज नहीं किया है। सिर्फ एक नोटिस जारी किया गया है जिस पर शुक्रवार को नगर निगम अफसरों से बकाया के संबंध में बात की जाएगी।

### बकाया तो नगर निगम पर भी है, पर कितना यह पता नहीं

नगर निगम के नए भवन में स्थापित आई ट्रिपल सी में इस्तेमाल होने वाली बिजली के बिल का भुगतान स्मार्ट सिटी कंपनी कर रही है। नगर निगम परिसर का बिजली बिल कितना है, बताया जा रहा है कि इसका कोई बिल ही नगर निगम में नहीं आया है। नगर निगम पर बिजली का कुल कितना बकाया है, इसकी जानकारी भी नगर निगम में नहीं है। यह जरूर कहा जा रहा है कि दोनों तरफ से समायोजन के बाद भी नगर निगम का बिजली विभाग पर बकाया बना रहेगा।

### नगर निगम के अनुदान से ही कट जाती है बिजली के बिल की रकम

स्ट्रीट लाइट की बिजली का बिल नगर निगम अदा करता है लेकिन इस बिल की रकम शासन से नगर निगम को दिए जाने वाले अनुदानों में ही समायोजित कर ली जाती है। स्थानीय स्तर पर बिजली विभाग को सिर्फ यह प्रमाणित करना होता है कि उसे बिल की अदायगी हो गई है। इस तरह की सुविधा बिजली विभाग की ओर से नगर निगम के लिए नहीं है। यही वजह है कि बिजली विभाग पर भारी टैक्स बकाया हो गया है और वह इसे अदा करने में भी दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है।

## एक नजर

### जिला अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र स्थापित होगा

**बरेली, अमृत विचार :** हर आयु वर्ग के लोग तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। निजी नशा मुक्ति केंद्रों में मरीज पुनर्वास के लिए पहुंच रहे हैं। इसको ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अस्पताल में शवगृह के पास खाली पड़ी भूमि नाश मुक्ति केंद्र निर्माण के लिए चिह्नित की गई है। शासन ने प्रस्ताव को हरी झंडी मिलते ही इस दिशा में काम शुरू हो जाएगा। जिला अस्पताल में मन कक्ष के प्रभारी डॉ. आशीष बताते हैं कि उनके पास तंबाकू, शराब, भांग, अफीम समेत सभी तरह का नशा करने वाले मरीज आते हैं। इसमें सबसे अधिक संख्या 20 से 45 आयु वर्ग की होती है। नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना हो जाने से मन कक्ष में मरीजों का भार भी कम होगा। वहीं मरीजों को बेहतर इलाज भी मिल सकेगा।

### 80 फीसदी पूरा हुआ सीवर का काम, मरीजों को जल्द मिलेगी राहत



**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में सीवर लाइन मरम्मत कार्य 80 फीसदी पूरा हो चुका है। जल्द मरीज और उनके तीमारदारों को अस्पताल परिसर में आने जाने में सहूलियत मिलेगी। यहां करीब डेढ़ माह से यह कार्य चल रहा है। इससे आवाजाही में असुविधा हो रही है। कई जगह लाइन को ठीक करने के लिए गड्ढे खोदे गए हैं। इस वजह से परिसर में एंबुलेंस से लाने में भी कठिनाई हो रही है। एडीएसआइसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि एक सप्ताह बाद आजम नगर की ओर कार्य शुरू हो जाएगा। जिसके बाद खोदाई के कारण परिसर की जो भी सड़क खराब हुई है, उसे तत्काल ठीक करा दिया जाएगा। मरीजों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# रबड़ फैक्ट्री : 1432 कर्मचारियों का बकाया देने की तैयारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रबड़ फैक्ट्री के 1432 कर्मचारियों के लिए राहत की खबर आई है। फैक्ट्री पर उनके बकाया के भुगतान की तैयारी शुरू हो गई है। ऑफिशियल लिक्विडेटर बॉम्बे हाईकोर्ट ने कर्मचारियों के डाटा के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस डाटा का मिलान कर्मचारियों के मूल दस्तावेजों से किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने यूनियन नेताओं को नोटिस भेजकर 15 दिन के अंदर छह बिंदुओं पर ब्योरा मांगा है।

करीब 24 साल से बंद पड़ी रबड़ फैक्ट्री की जमीन की कीमत 18 सौ करोड़ से ज्यादा है जिसके मालिकाना हक का केस बॉम्बे हाईकोर्ट में चल रहा है। कुछ ही महीने पहले इस मामले में उप्र सरकार को पक्षकार बनाए जाने से दूसरे दावेदार अलकेमिस्ट एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन लिमिटेड का पक्ष कमजोर हो गया है। दिसंबर में बॉम्बे हाईकोर्ट ने रबड़ फैक्ट्री की जमीन का मालिकाना हक अलकेमिस्ट को देने का पुराना आदेश भी रद्द कर दिया था। इसके बाद फैक्ट्री कर्मचारियों ने अपना बकाया भुगतान करने की मांग तेज कर दी थी। अब उनके लिए राहत भरी खबर आई है। कारपोरेट कार्य मंत्रालय के ऑफिशियल लिक्विडेटर (आधिकारिक परिसमापक) बॉम्बे हाईकोर्ट के कार्यालय ने एसएंडसी कर्मचारी यूनियन के महासचिव अशोक कुमार मिश्रा, नियन के एडवोकेट एकेएस लीगल कंसल्टेंट के अकबर नेहाल रिजवी और मजदूर संघ के अध्यक्ष प्यारेलाल प्रजापति को नोटिस जारी किया है। इसमें निर्देश दिया गया है कि कंपनी के मूल वेतन रजिस्टर, ज्वाइनिंग, रीजनल प्रोविडेंट फंड, अंतिम वेतन रिसीव करने की तारीख, कर्मचारियों की सूची, जन्मतिथि और सेवानिवृत्ति की तारीख सीए ऋषि पुरी की रिपोर्ट समेत पूरा विवरण 15 दिन में उपलब्ध करा दिया जाए ताकि सभी कर्मचारियों का डाटा का सत्यापन कराया जा सके।



- ऑफिशियल लिक्विडेटर ने शुरू की कर्मचारियों के डाटा के सत्यापन की प्रक्रिया
- यूनियन नेताओं को नोटिस भेजकर 15 दिन में ब्योरा उपलब्ध कराने का निर्देश

### पिछले साल ही कर्मचारियों का डाटा मान लिया था सही

ऑफिशियल लिक्विडेटर के कार्यालय में जनवरी 2023 में हुई बैठक में कर्मचारियों के डाटा को सही माना गया था। सभी 1432 कर्मचारियों के नियुक्ति पत्र के संबंध में रीजनल प्रोविडेंट फंड कमिश्नर बरेली से सत्यापित कॉपी भी ऑफिशियल लिक्विडेटर को उपलब्ध कराई गई थी। सभी साक्ष्य जांच के बाद सही पाए गए थे। बता दें कि रबड़ फैक्ट्री के लिए 1960 में मुंबई के सेठ किलाचंद को फतेहगंज पश्चिमी में सरकार ने 3 .40 लाख रुपये लेकर 1382 .23 एकड़ जमीन दी थी। लीज डीड की शर्त थी कि फैक्ट्री बंद हुई तो सरकार जमीन वापस ले लेगी लेकिन 15 जुलाई 1999 को फैक्ट्री बंद होने पर ऐसा नहीं हो पाया था।

# होली पर साधारण बसों में भी यात्रियों को देंगे ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा

- अगले सप्ताह 30 नई बसें मिलने से यात्रियों को मिलेगी राहत

**बरेली, अमृत विचार:** होली के मौके पर रोडवेज की एसी बसों के साथ साधारण बसों में भी यात्रियों को आनलाइन बुकिंग की सुविधा मिलेगी। इसके लिए आरक्षण केंद्रों पर कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। वहीं अगले सप्ताह अधिकारी 30 नई और बसें मिलने की बात कह रहे हैं। इससे यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

बरेली रीजन के सेवा प्रबंधक धनजी राम ने बताया कि होली पर सभी रूटों पर बसों को लगाया जाएगा। इसके लिए बसों की कमी भी दूर कराई जा रही है। उम्मीद है कि अगले सप्ताह बरेली रीजन को 30 नई बसें और मिल जाएंगी। जिससे होली पर यात्रियों को बसों के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### आज बूंदाबांदी तो कल हो सकती है तेज बारिश फसलों को होगा नुकसान

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम विभाग ने तीन दिन बारिश का पूर्वानुमान जताया है। जिले में शुक्रवार को बूंदाबांदी होगी तो शनिवार को तेज बारिश के साथ बादल गरजने, बिजली गिरने के साथ तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान है। इससे गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान हो सकता है। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 26 .3 और न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि एक मार्च को बरेली में कुछ स्थानों पर तो दो मार्च को बादल गरजने और बिजली गिरने के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।



**रोवर्स-रेंजर्स को बच्चा खिलाने की भी ट्रेनिंग**

बरेली कॉलेज में रोवर्स–रेंजर्स को ट्रेनिंग देने पहुंची सहायक प्रादेशिक आयुक्त गाइड अपने छोटे बच्चे के साथ पहुंची। ट्रेनिंग के दौरान बच्चे को संभालने की जिम्मेदारी छात्राओं को उठानी पड़ी। ● अमृत विचार

# शहर में आज से नई एजेंसियां करेंगी डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, तय किया हर मोहल्ले का समय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर निगम ने एजेंसियों के सुपुर्द किए अपने लोडर और ट्राई रिक्शे

**अमृत विचार :** शहर में शुक्रवार से नई एजेंसियां डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन शुरू कर देंगी। एजेंसियों ने कर्मचारियों का समय तय किया है कि उन्हें किस मोहल्ले में कितनी देर तक कूड़ा उठाना है। मोहल्ले में ज्यादा समय लगने पर सुपरवाइजर की जवाबदेही होगी। कर्मचारियों की ऑनलाइन मानीटरिंग की जाएगी। शहर में जो मोहल्ले अभी छूटे हैं उनका सर्वे कराकर वहां भी जल्द ही कूड़ा उठाया जाएगा।

दो साल से नगर निगम के लिए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन समस्या बनी हुई थी। कर्मचारियों की हड़ताल से शहर में कूड़ा उठना बंद होने से लोगों को भी परेशानी होती थी। इस समस्या के समाधान के लिए दो नई एजेंसियों को ठेका दिया गया। एक मार्च से डोर-डू-डोर कूड़ा कलेक्शन शुरू हो जाएगा।

नई एजेंसियों ने शहर के चारों जोन में घर-घर कूड़ा लेने के लिए सुपरवाइजर और उनके अधीन कर्मचारियों को काम समझा दिया है। निगम ने 15 मैजिक, 100 ट्राई रिक्शे और पांच ई-रिक्शे एजेंसी के सुपुर्द कर दिये हैं। कर्मचारी सुबह 7 बजे से मोहल्लों से कूड़ा कलेक्ट करेंगे।

# आठ इलाकों से लिए पनीर दूध और मावा के सैंपल

**बरेली, अमृत विचार :** होली से पहले मिलावटखोरी पर लगाम कसने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सैंपलिंग अभियान तेज कर दिया है। गुरुवार को विभाग की टीम ने आठ स्थानों से पनीर, दूध और मावा के सैंपल लिए। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि महेश पनीर भंडार जाटवपुरा बरेली से दही, शर्मा पनीर भंडार कुतुबखाना सब्जी मंडी से पनीर, मनु पनीर भंडार नवाबगंज से दूध, प्रधान डेयरी मीरगंज से मावा, नेत्रपाल डेयरी आंवला से मिश्रित दूध, खजुरिया घाट से रवि दूधिया से दूध, पीरबहोड़ा से दूध, जफर अली स्वीट्स आंवला से मावा का नमूना लिया। इस कार्रवाई से दूध से बने उत्पाद बेचने वालों में खलबली मची रही। सभी नमूनों को जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पूरे दिन बिजली ठप, इन्वर्टर भी दे गए जवाब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- महानगर, जगतपुर, हरुनगला तक की बिजली रही गुल
- नावल्टी चौराहे के पास भी तार बदलने के लिए शटडाउन

**अमृत विचार:** शहर के कई इलाकों में बृहस्पतिवार को पूरे दिन बिजली संकट बना रहा। कई घंटे तक बिजली नहीं आने से इनवर्टर भी जवाब दे गए। महानगर से लेकर जगतपुर और हरुनगला में मरम्मत कार्य की वजह से बिजली गुल रही। वहीं कोतवाली क्षेत्र के नावल्टी चौराहे के पास भी तार बदलने को लेकर शटडाउन लिया गया।

महानगर उपकेंद्र पर बालीपुर से आने वाली 33 केवी विद्युत लाइन पर बृहस्पतिवार को मरम्मत कार्य की वजह से सुबह 11 से शाम साढ़े पांच बजे तक बिजली कटौती की गई। इसकी वजह से पीलीभीत बाईपास पर स्थित परवाना नगर, मुंशी नगर, बननूबाल, शहीद भगत सिंह, महानगर कॉलोनी, आशुतोष सिटी, छोटी बिहार, बड़ी बिहार, सजन स्टेट आदि क्षेत्र प्रभावित हुए। इसके अलावा 33 केवी जगतपुर फीडर पर दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक मरम्मत कार्य की वजह से जगतपुर, मीरा की पेठ, चकचुंगी, रोहलीटोला विस्तार, पशुपति विहार, सतीपुर आदि क्षेत्र में सप्लाई बाधित रही। इसके अलावा हरुनगला उपकेंद्र से पोषित रामगंगानगर में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रही।





नावल्टी चौराहे पर लाइनों की मरम्मत करता बिजलीकर्मी। ● अमृत विचार

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नाम से लिखा फर्जी पत्र

**बरेली, अमृत विचार :** कांग्रेस जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी के नाम से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम से लिखा गया फर्जी पत्र गुरुवार को वायरल हो गया। इसमें लिखा है कि प्रवीण सिंह ऐरन को समाजवादी पार्टी से गठबंधन का उम्मीदवार घोषित किया गया है, लेकिन वह जन भावनाओं को धोखा देकर 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान में सपा में शामिल हो गए थे। लिहाजा अब उनको गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ाने को लेकर कार्यकर्ता दुविधा में हैं। ऐसे में इस सीट पर दोबारा विचार किया जाए। इस पत्र पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने साफ किया है कि उनकी तरफ से कोई पत्र जारी नहीं किया गया है। वह पूरी ताकत के साथ गठबंधन के उम्मीदवार को जिताएंगे। ऐरन के प्रत्याशी घोषित होने से पहले उन्होंने जरूर पत्र लिखा था कि 2009 में बरेली सीट कांग्रेस के खाते में आई थी। ऐसे में कांग्रेस को ही यह सीट दी जाए।

# सफाई कर्मियों का एलान, वार्डों से नहीं हटेंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वार्डों में ठेके पर सफाई कराने का विरोध, सोमवार से धरने की भी घोषणा
- बोले- ठेका प्रथा गलत, पार्षदों के दबाव में लिया निगम अफसरों ने फैसला

**अमृत विचार :** ठेके पर सफाई कराने का विरोध करते हुए नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने उन वार्डों से न हटने का एलान कर दिया है जिनमें वे पहले से काम कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को सफाई कर्मचारी पहले नगर आयुक्त और फिर अपर नगर आयुक्त से मिले। आरोप लगाया कि पार्षदों के दबाव में बगैर जरूरत 30 वार्डों में सफाई का ठेका दे दिया गया है, अब उन्हें वहां से हटने को कहा जा रहा है। उन्होंने नगर निगम के इस फैसले के खिलाफ सोमवार से धरना देने का भी नोटिस दे दिया है।

नगर निगम के 30 वार्डों में सफाई का काम ठेके पर देने के फैसले के खिलाफ नगर निगम के कर्मचारियों का अब तक अंदर ही अंदर चल रहा विरोध बृहस्पतिवार को सामने आ गया। उप्र सफाई मजदूर संघ और सफाई कर्मचारी संघ के संयुक्त बैनर तले कर्मचारियों ने इस फैसले को न मानने का एलान कर दिया। उन्होंने नगर निगम बोर्ड में प्रस्ताव पारित करने का तर्क भी खारिज कर दिया। कहा, पहले अफसर यह बताएं कि बोर्ड में पारित हुए कितने प्रस्तावों पर उन्होंने अब तक अमल किया है। संगठन के नेताओं ने कहा कि ठेके पर सफाई व्यवस्था की प्रथा गलत है। उन्होंने नगर आयुक्त से सफाई ठेके पर देने का फैसला वापस लेकर वार्डों में काम कर रहे सफाईकर्मियों को न हटाने की मांग की। नगर आयुक्त के असहमति जताने पर उठकर चले गए। शाम को अपर नगर आयुक्त से हुई वार्ता का भी कोई नतीजा नहीं निकला। इसके बाद संगठन ने सोमवार को धरना शुरू करने का एलान कर दिया। वार्डों में तैनात कर्मचारियों को भी वार्डों से न हटने की ताकीद कर दी। संगठन के महामंत्री राजेश कुमार ने बताया कि धरना-प्रदर्शन का नोटिस नगर निगम प्रशासन को दे दिया गया है। इस दौरान विजय कुमार मनु, सुरेश शिंदे ,राजेंद्र कुमार समदर्शी, पंकज, नेपाल, राकेश भारती, राकेश चौधरी, सुनील कुमार, चंदन कठेरिया, देवदास वाल्मीकि आदि मौजूद थे।



नगम निगम में ठेका प्रथा का विरोध करते सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

# नगर आयुक्त ने अफसरों के साथ कूड़ा उठाकर भूड़ में शुरू की सफाईगिरी

**बरेली, अमृत विचार :** नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने भूड़ वार्ड में झाड़ू लगाकर और कूड़ा उठाकर सफाईगिरी अभियान की शुरुआत की। नगर निगम ने गुरुवार से भूड़ वार्ड से सफाईगिरी अभियान की शुरुआत की है। नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने महिलाओं से कहा कि वे रसोई से निकलने वाले गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग करके घर-घर कूड़ा लेने आने वाले कर्मचारी को दें। जो महिलाएं बागवानी की शौकीन हैं वह रसोई से निकले फल सब्जी के छिलकों से खाद बनाकर अपने घर की बालकनी या आसपास लगाए पौधों में इस्तेमाल कर सकती हैं। लोग खाद बनाना चाहेंगे तो निगम के कर्मचारी इसका प्रशिक्षण भी दे देगें। अपर नगर आयुक्त सुनील यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानु प्रकाश सहित स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम ने कूड़ा उठाकर जागरूक किया। इस दौरान हर सप्ताह दो घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने का प्रण लिया गया। कार्यक्रम में पार्षद शालिनी जौहरी, निगम के विभागों के अधिकारी ,स्वच्छ वार्ड प्रोत्साहन समिति के सदस्य भी मौजूद रहे।



# अब व्यापारी डेबिट और क्रेडिट कार्ड से कर सकेंगे जीएसटी भुगतान

**बरेली, अमृत विचार :** व्यापारी क्रेडिट और डेबिट कार्ड से भी जीएसटी का भुगतान कर सकेंगे। राज्यकर आयुक्त के निर्देश के बाद सभी करदाताओं के लिए यह सुविधा प्रदान की गई है। इसके तहत यूपीआई, डेबिट और क्रेडिट कार्ड के जरिए यह भुगतान किया जा सकेगा।



शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# महंत कमल नयन दास की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच करने का आदेश

## चेले दिनेश्वर दास की ओर से दी सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई थी महंत की हत्या किए जाने की अर्जी, कई लोगों पर लगाए षडयंत्र में शामिल होने के आरोप

विधि संवाददाता, बरेली

- **आरोप : तीन करोड़ का किया गया था गबन, महंत के नाराज होने पर रची हत्या की साजिश**
- **पहले गलत दवाएं दी और फिर दे दिया जहर, इलाज के लिए अस्पताल भी नहीं ले जाने दिया**

**अमृत विचार :** सीजेएम कोर्ट ने इंस्पेक्टर किला को तुलसी मठ के महंत कमल नयन दास की हत्या की अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच करने का आदेश दिया है।

महंत के चेले दिनेश्वर दास की ओर से षडयंत्र रचकर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए दी गई अर्जी को मंजूर कर कोर्ट ने यह आदेश पारित किया। दिनेश्वर दास के अधिवक्ता लवलेश पाठक के मुताबिक अर्जी में उनके मुवक्किल की ओर से कहा गया है कि वह किला के तुलसी मठ के निवासी हैं। मठ में ही 40 साल से रहते हुए वह दादा गुरु केशव दास और गुरु महंत कमल नयन दास की सेवा कर रहे थे। दादा गुरु महंत केशवदास के देहावसान के बाद कमल नयन दास को मठ का उत्तराधिकारी मानते हुए महंत के पद पर मनोनयन हुआ था। महंत कमल नयन दास के प्रमुख चेले के रूप में वह काम कर रहे थे। महंत कमलनयन दास ने अपने जीवनकाल में ही उनके अपना उत्तराधिकारी होने की घोषणा कर दी थी।

अर्जी में नीरज मिश्रा, अम्बा दत्त पचौरी, विष्णु दत्त पचौरी, कमला पांडेय, महेश चंद्र पांडेय, पंकज पांडेय, पूनम पंत, , सुमन, जितेंद्र कुमार पांडेय, शिव अवतार मिश्रा, ब्रहम स्वरूप, मुनीश, कृष्ण मुरारी पाठक और जम्मू कश्मीर में तैनात भारतीय सेना में धर्मगुरु दुर्गेंद्र चतुर्वेदी, अनुपमा मिश्रा, ज्वाला प्रसाद मिश्रा आदि पर आपराधिक षडयंत्र करने का आरोप लगाया गया है। कहा गया है कि महंत कमल नयन दास की बहन कमला पांडेय और अन्य ने मठ की जमीन के साथ दूसरे स्रोतों से होने वाली आय के तीन करोड़ रुपये गबन कर लिए थे जिसका महंत कमल नयन दास काफी नाराज थे। इसी वजह से आरोपियों ने उनकी हत्या का षडयंत्र रचना शुरू किया गया। आरोप है कि इस षडयंत्र के तहत इलाज के नाम पर महंत को ऐसी दवाइयां दी गईं, जिससे वह और ज्यादा रोगग्रस्त हो गये। इसके बाद 25 मई 2022 की रात को आरोपियों ने महंत को जहर दे दिया। हालत बिगड़ने पर महंत ने उन्हें बुलाकर बताया कि उन्हें दवा के नाम पर जहर दे दिया गया है।

उन्होंने खुद को बचा लेने को कहा तो वह उन्हें लेकर अस्पताल ले जाने लगे लेकिन आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। उनके साथ मारपीट कर उन्हें हत्या की धमकी दी और में बंद कर दिया। दिनेश्वर दास के मुताबिक 26 मई 2022 की शाम पांच बजे महंत की मृत्यु हो गई तो उनके शव को फ्रीजर में रखकर फूलों से ढक दिया गया ताकि उनके शरीर में जहर के लक्षण दिखाई न दें।

उन्हें हथियारों के जोर पर धमकाया गया कि अगर कहीं शिकायत की तो जान से मार देंगे। इसी वजह से शव का पोस्टमार्टम नहीं हुआ। महंत का शव जमीन में दफन कर दिया गया। अब सभी आरोपी मठ की सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द कर रहे हैं। पुलिस उन्हें जांच के नाम पर टालती रही। इसके बाद उन्होंने न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया।

### अदालत की टिप्पणी

'मामला हत्या से सम्बन्धित है जो गंभीर प्रकृति का है। प्रथम दृष्टया हत्या होना प्रतीत हो रहा है। मामले के सारभूत निष्कर्ष के लिए पुलिस जांच कराया जाना जरूरी है। चूंकि हत्या का प्रत्यक्ष तौर पर कोई चश्मदीद नहीं है लेकिन मामला संज्ञेय अपराध से जुड़ा है। इसलिए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया जाना न्यायोचित है।' **–सौरभ कुमार वर्मा** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बरेली



### कोरोना का केस मिलने के बाद जुकाम-बुखार के मरीजों की जांच करने का निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइन्स निवासी मरीज में कोरोना संक्रमण की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने आईडीएसपी को अलर्ट कर सभी अस्पतालों में ओपीडी में आने वाले खांसी, जुकाम और बुखार के सभी मरीजों की कोरोना जांच करने के आदेश दिए हैं। गंभीर रूप से बीमार रोगियों के संक्रमित मिलने पर उनकी जीनोम सिक्वेन्सिंग भी कराई जाएगी। कोरोना के नए वेरिएंट के बढ़ते मामलों के दृष्टिगत शासन ने भी कोविड जांच के लिए निर्देश जारी किए हैं। शासन के आदेश के बाद आईडीएसपी ने जिले के सभी निजी और सरकारी अस्पतालों को नोटिस जारी कर श्वसन संबंधी संक्रमण यानी सिवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इंफेक्शन (एसएआरआई) और इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई) से ग्रसित मरीजों की जानकारी आईडीएसपी को उपलब्ध कराने को कहा गया है। इन सभी मरीजों की एंटीजन जांच की जाएगी।

### कमेटी ने फैक्ट्री में मशीनों का लोड किया चेक

**बरेली, अमृत विचार :** स्वालेनगर में फैक्ट्री में बिजली चोरी के मामले में कमेटी ने बृहस्पतिवार को जांच की। कमेटी ने फैक्ट्री में लगी मशीनों को चेक करके उनका लोड नापा। कमेटी एक या दो दिन में जांच करके रिपोर्ट अधीक्षण अभियंता को देगी। जिसके बाद अधिकारी एमडी को रिपोर्ट सौंपेगे और इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। रामपुर रोड पर आनन्द विहार कॉलोनी के सामने स्वालेनगर में एक फैक्ट्री में मंगलवार को बिजली चोर पकड़ी गई थी। फैक्ट्री संचालक के खिलाफ 20 किलावोट की बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसमें अधिकारियों पर साठगांठ करने की बात सामने आई थी। अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद ने अधिशासी अभियंता अनुज गुप्ता और विपुल जैन को जांच कमेटी में शामिल करके पूरे मामले की रिपोर्ट देने को कहा।

# दिवंगत पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह का कार्यालय और कोठी खाली कराने पहुंची टीम, जमकर हंगामा

## कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई के खिलाफ बेटे ने समर्थकों के साथ किया विरोध, नोटिस देकर बैरंग लौटी टीम

कार्यालय संवाददाता, बरेली


- **2010 से चल रहे केस में कोर्ट ने रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल के पक्ष में सुनाया है फैसला**
- **कोर्ट के अमीन के साथ पहुंचा था भारी फोर्स, कई घंटे तक तनातनी और गर्मागर्मी**

**अमृत विचार :** बसपा के दिवंगत पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह की पवन विहार में बनी कोठी और कार्यालय को अवैध कब्जा करार देते हुए अदालत ने खाली कराने का आदेश दिया है। बृहस्पतिवार को कोर्ट के अमीन के साथ भारी पुलिस फोर्स कोठी और कार्यालय खाली कराने पहुंची तो जमकर हंगामा हुआ। पूर्व विधायक के बेटे आशीष पटेल ने बिना नोटिस कार्रवाई का आरोप लगाते हुए कोठी और कार्यालय खाली करने से इन्कार कर दिया। जमकर नोकझोंक और तनातनी के बीच कई घंटे तक माहौल गर्म रहने के बाद आशीष को कोर्ट का नोटिस तामील कराकर टीम लौट गई।

पवन विहार में जिस जमीन को अदालत के आदेश पर टीम खाली कराने पहुंची थी, उस पर पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह की कोठी और कार्यालय के साथ पार्किंग और दो अन्य मकान बने हुए हैं। इस जमीन को लेकर रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल सूरज प्रकाश दुआ, रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल नरेंद्र मोहन और शौकत अली नाम के शख्स के बीच 2010 से अदालत में केस चल रहा था। अदालत ने 28 फरवरी को सूरज प्रकाश दुआ के हक में फैसला सुनाते हुए उन्हें इस जमीन पर कब्जा दिलाने का आदेश दिया था। इसी के बाद कोर्ट के अमीन राकेश चंद्र के साथ बारादरी पुलिस की टीम कब्जा खाली कराने पवन विहार पहुंची थी।

अमीन ने कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए जैसे ही दिवंगत पूर्व विधायक के बेटे आशीष पटेल से कोठी और कार्यालय खाली करने को कहा, पवन विहार में हल्ला कट गया। कुछ ही देर में आशीष के कई समर्थक इकट्ठे हो गए। आशीष और उनके समर्थकों ने राजनीतिक दबाव में साजिश के तहत बिना कोई नोटिस दिए कार्रवाई का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। तनातनी बढ़ी तो सीओ थर्ड अनीता चौहान भी मौके पर पहुंच गईं। कई घंटे तक गर्मागर्मी का माहौल रहा। अंततः अमीन ने आशीष पटेल को कोर्ट का नोटिस तामील कराया। इसके बाद टीम लौट गई।

**कब्जा दिलाकर पहली मार्च को कोर्ट में देनी है रिपोर्ट : बरेलीः** अमीन राकेश चंद ने बताया कि कोर्ट ने 28 फरवरी को जारी आदेश में रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल सूरज प्रकाश दुआ को 29 फरवरी को कब्जा दिलाने को कहा है। कब्जा दिलाने के बाद उन्हें एक मार्च को कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल करनी है? इसी आदेश पर वह बारादरी पुलिस के साथ पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि इससे पहले 1985 में भी केस दायर किया गया था। उसमें भी सूरज प्रकाश दुआ जीत गए थे। 2010 में फिर अवैध कब्जा हटवाने के लिए केस दायर किया गया, इसमें भी दुआ के पक्ष में फैसला आया है। विवादित जमीन पर अवैध रूप से दो घर, कार्यालय और कार पार्किंग बनाकर कब्जा किया गया है।


पुलिस की मौजूदगी में दिवंगत पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह के बेटे को नोटिस तामील कराते अमीन राकेश चंद्र। ● अमृत विचार

### सबको गोली मार दो, फिर खाली होगा मकान

अमीन के पहुंचते ही आशीष पटेल के साथ कॉलोनी के तमाम लोग एकजुट हो गए। औरतों और बच्चों को भी बुला लिया। बोले, सभी को गोली मार दो, उसके बाद ही मकान खाली किया जाएगा। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों से भी इन लोगों से काफी नोकझोंक हुई। विवाद बढ़ने के बाद इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडे और सीओ अनिता चौहान और फोर्स लेकर पहुंचे। विरोध की वजह से कोठी और कार्यालय खाली कराने का इरादा छोड़कर टीम ने आशीष को नोटिस तामील कराकर लौट गई।

कोर्ट के आदेश पर कब्जा खाली कराने के लिए अमीन आए थे। सुरक्षा के लिए पुलिस की टीम भी पहुंची थी। आशीष पटेल को नोटिस दिया गया है। किसी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ। **– अनिता चौहान**, सीओ

कोर्ट ने अवैध कब्जा तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश दिया है। आशीष पटेल सरासर झूठ बोल रहे हैं कि उन्हें इस मामले में पहले कोई नोटिस नहीं दिया गया। उनके पिता खुद इस केस में कोर्ट गए थे और हार गए थे। **– सूरज प्रकाश दुआ**, रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल

जिस गाटा नंबर का नोटिस दिया गया है, वह खेत का है। अब यहां मकान बन गए हैं। ऐसे में गाटा नंबर कहां से आ गया। बिना कोई नोटिस दिए पुलिस फोर्स मेरे घर पहुंच गई। इससे पहले किसी तरह की कोई सूचना नहीं दी गई। **– आशीष पटेल**, दिवंगत पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह के बेटे

# फाल्ट लोकेटर धमाका: एसई ने पक्ष तक नहीं रखा, फिर भी सिर्फ चेतावनी पाकर छूट गए

- **जांच में दोषी करार देकर बताया गया था समुचित दंड का अधिकारी**
- **रामपुर बाग में पिछले साल हुए धमाके में बाल-बाल बचे थे वनमंत्री**

**बरेली, अमृत विचारः** पिछले साल रामपुर गार्डन में फाल्ट लोकेटर मशीन की टेस्टिंग के दौरान हुए धमाके के लिए एसई (अधीक्षण अभियंता) को दोषी बताते हुए उन्हें समुचित दंड के लायक तो बताया गया लेकिन अब सिर्फ चेतावनी देकर मामला खत्म कर दिया गया है। इस बीच मुख्यालय से उन्हें दो बार अपना पक्ष रखने के लिए भी नोटिस जारी किया गया लेकिन वह पक्ष रखने भी नहीं पहुंचे।

रामपुर बाग में पिछले साल स्मार्ट सिटी कंपनी की ओर से दी गई फाल्ट लोकेटर मशीन की वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, कमिश्नर, डीएम, नगर आयुक्त और चीफ इंजीनियर की मौजूदगी में टेस्टिंग के दौरान धमाका हो गया था। इसमें वन मंत्री बाल-बाल बच गए थे। बाद में इस प्रकरण की जांच एडीएम सिटी डॉ. आरडी पांडेय के नेतृत्व में पांच सदस्यीय कमेटी ने की थी। इसमें एसई विकास सिंघल, एसडीओ विजय कन्नौजिया, जेई श्यामवली वर्मा को दोषी पाया गया था। इसके बाद प्रबंध निदेशक की ओर से चार्जशीट तो जारी की गई लेकिन दोषी पाए गए अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

मुख्यालय से जारी आदेश में एसई विकास सिंघल पर लगे आरोपों को उन्हें समुचित दंड दिए जाने लायक बताया गया और उन्हें 15 दिन में अपना पक्ष रखने को कहा। लेकिन उन्होंने अपना पक्ष नहीं रखा। इसके बाद फिर 15 दिन का समय दिया गया लेकिन फिर भी वह पेश नहीं हुए। इसके बाद उन्हें परिनिंदा की शास्ति यानी चेतावनी देकर प्रकरण समाप्त कर दिया गया। परिनिंदा की शास्ति का जिक्र सर्विस रिकार्ड में किया जाता है।

### हवालात से फरार बंदियों पर 20-20 हजार का इनाम

**बरेली, अमृत विचार :** सदर हवालात की सरिया काट कर फरार होने वाले बंदी हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव और गैंगस्टर सचिन सैनी पर एसएसपी ने 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए लगातार एसओजी समेत पुलिस की छह टीमें दबिश दे रही हैं। 23 फरवरी को बिहारीपुर ढाल निवासी हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव और सीबीगंज के पस्तौर निवासी गैंगस्टर सचिन सैनी पेशी के दौरान सदर हवालात की सरिया काटकर फरार हो गए थे। हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव पर हत्या, अपहरण और लूट के 47 मुकदमे और सचिन सैनी पर भी कई मुकदमे दर्ज हैं। दोनों की गिरफ्तारी न होने पर एसपी सिटी राहुल भाटी ने दोनों पर इनाम घोषित करने के लिए रिपोर्ट बनाकर एसएसपी को भेजी थी। एसपी सिटी राहुल भाटी ने बताया कि फरार हुए दोनों बंदियों पर एसएसपी ने 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

# कलेक्ट्रेट गेट पर प्रेमिका की मां ने प्रेमी को चप्पलों से पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट गेट पर बृहस्पतिवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज करने पहुंची प्रेमिका को उसकी मां ने पकड़ लिया और फिर प्रेमी की चप्पलों से पिटाई कर दी। बीच सड़क तमाशा देखने के लिए भीड़ जुटी तो यातायात भी बाधित हो गया। वकीलों ने बीचबचाव कर युवक को बचाया।

कोतवाली पुलिस ने प्रेमी को पकड़कर इज्जतगर पुलिस के हवाले कर दिया। इज्जतनगर के खेड़े गांव निवासी छोटे लाल ने बताया कि उसके एक साल से मुड़िया अहमदनगर की युवती से प्रेम संबंध हैं। दोनों शादी करना चाहते हैं। बुधवार देर रात प्रेमिका घर से भागकर उनके पास आई और शादी करने की जिद पर अड़ गई।


महिला ने युवक पर लगाया बेटी को फुसलाकर लाने का आरोप। ● अमृत विचार

- **कोर्ट मैरिज करने पहुंचे थे, महिला ने लगाया अपहरण का आरोप**

बृहस्पतिवार सुबह दोनों कोर्ट मैरिज करने के लिए कचहरी में अधिवक्ता के चैंबर में पहुंचे। इस दौरान लड़की की मां आ गईं और उन्हें चप्पलों से पीटने लगीं। लड़की ने बताया कि वह प्रेमी से ही शादी करना चाहती है।

उधर, उसकी मां अपहरण करने का आरोप लगाकर हंगामा करती रही। लड़की की मां का आरोप था कि उनकी बेटी का देर रात छोटे लाल और उसके साथी अपहरण कर लेकर आए थे। इस दौरान एक आरोपी हत्थे आ गया था। उसने उनका मोबाइल छीन लिया और जाते समय जान से मारने की धमकी दी। इज्जतनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रिश्वत लेने के आरोपी जेई को जमानत नहीं

**विधि संवाददाता, बरेलीः** बिजली चोरी का मुकदमा लिखवाने की धमकी देकर पांच हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोपी विद्युत विभाग के अवर अभियंता सूरज लाल गुप्ता की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट सुरेश कुमार गुप्ता ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील मनोज वाजपेई ने बताया कि शिकायतकर्ता परमीत कुमार ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन में तहरीर देकर बताया था कि साउथ सिटी में निर्माणाधीन मकान में 24 जनवरी को मिस्त्री बैल्डिंग कर रहा था कि तभी सब स्टेशन सुभाषनगर के अवर अभियंता सूरजलाल गुप्ता अपने सहायक संविदा कर्मी लाइन कुली रविन्द्र सिंह रावत के साथ आये और 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की।

# दंगा कराना चाहते थे तौकीर, तुरंत गिरफ्तार करे पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **स्वामी सच्चिदानंद ने आईजी कार्यालय के बाहर धरना देकर की मांग**
- **वृंदावन की चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर हैं आचार्य स्वामी सच्चिदानंद**

**अमृत विचार :** वृंदावन की चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद ने बृहस्पतिवार को आईजी दफ्तर के बाहर धरना देकर आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि मौलाना ने शहर में एक बार फिर दंगा कराने की साजिश रची थी। इसी के तहत उनके समर्थकों ने शहामतगंज में पथराव और मारपीट की थी।

स्वामी सच्चिदानंद बृहस्पतिवार को दामोदर पार्क से अपने कुछ अनुयायियों के साथ पैदल मार्च कर आईजी कार्यालय पहुंचे। आईजी नहीं मिले तो उनके कार्यालय के गेट के बाहर अनुयायियों के साथ धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि तौकीर रजा ने 2010 में समुदाय विशेष के युवाओं को भड़काकर दंगा करा दिया था। कई महीने तक बरेली के हालात बेहद संवेदनशील रहे थे और लोगों ने लंबे समय तक कर्फ्यू की मार झेलनी पड़ी थी। इसके बाद मौलाना ने 2017 में भी सार्वजनिक मंच से आपत्तिजनक टिप्पणी कर दंगा भड़काने की कोशिश की।

स्वामी सच्चिदानंद ने कहा कि पिछले महीने तौकीर रजा ने फिर जेल भरो आंदोलन का एलान कर बरेली को दंगे की आग में झोंकने की कोशिश की। अपने समुदाय के लोगों को भड़काया जिसके बाद शहामतगंज बाजार में पथराव और आगजनी के साथ फल बेचने वाले असहाय लोगों के साथ मारपीट की गई, लेकिन प्रशासन की सूझबूझ से दंगा होने से बच गया। उन्होंने तौकीर के खिलाफ धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने के साथ पेशेवर आपराधिक धाराओं के तहत केस दर्ज कर जेल भेजने की मांग की। स्वामी सच्चिदानंद ने सीओ प्रथम संदीप कुमार सिंह को इस बारे में ज्ञापन भी सौंपा।



आईजी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे स्वामी सच्चिदानंद। ● अमृत विचार

# मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थी से वसूली के आरोप, जांच के आदेश

- **आरोप- 20 हजार देने के बाद भी प्रधान और रोजगार सेवक और मांग रहे रकम**
- **शिकायत पर सीडीओ ने डीसी मनरेगा से मांगी सात दिन में जांच रिपोर्ट**

**बरेली, अमृत विचार :** आवास योजनाओं में भ्रष्टाचार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब नवाबगंज तहसील में लाभार्थी ने मुख्यमंत्री आवास योजना में प्रधान और रोजगार सेवक पर 20 हजार रुपये लेने और 20 हजार और मांगने का आरोप लगाया है। सीडीओ ने डीसी मनरेगा का जांच के आदेश दिए हैं।

गांव आसपुर हसन अली निवासी तेजपाल ने बताया कि वह मुख्यमंत्री आवास योजना के पात्र हैं। उनके नाम से आवास आवंटित हुआ है। आवास बनवाने के लिए कुछ पैसा आ गया है, जबकि अभी 80 हजार रुपये मिलने बाकी हैं। उनका आरोप है कि ग्राम प्रधान और रोजगार सेवक को मांग के अनुसार 20 हजार रुपये दिए जा चुके हैं, लेकिन इसके बाद और 20 हजार रुपये की मांग की जा रही है। आरोप है कि पैसे देने से इन्कार करने पर धमकियां दी गई हैं। पीड़ित ने सीडीओ जगप्रवेश को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। सीडीओ ने मामले की जांच की जिम्मेदारी डीसी मनरेगा को सौंपी है। सात दिन में जांच रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। डीसी मनरेगा मो. हसीब अंसारी ने बताया कि अभी जांच का आदेश उन्हें नहीं प्राप्त हुआ है। मिलते ही जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी।

# इफको : फैक्ट्री के लिए पानी खींचकर बंजर बना दी जमीन

संवाददाता, बरेली/आंवला



- **भूजल स्तर नीचे गया तो आंवला बना ओरेंज जोन, कई साल तक नहीं लग सके नलकूप**

**अमृत विचार :** इफको फैक्ट्री लगाने के लिए अपनी खेती की जमीन देकर किसान अब पछता रहे हैं। फैक्ट्री लगने के बाद किसानों के बच्चों को न रोजगार मिला और न ही पीने का पानी। फैक्ट्री लगने से खेतों की सिंचाई का पानी भी छीन लिया गया, जिससे भूजल स्तर नीचे चला गया। किसान उस घड़ी को कोस रहे हैं। हालत यह है कि क्षेत्र में किसान खेतों के लिए नलकूप नहीं लगा पा रहे हैं और फैक्ट्री के लिए भारी मात्रा में पानी का उपयोग किया जा रहा है।

डार्क जोन घोषित हो चुके आंवला के किसानों की खुशहाली के लिए रामगंगा नदी से आलमपुर जाफराबाद ब्लाक के किसानों के लिए नहर बनाने की घोषणा हुई थी। मुलायम सिंह यादव ने किसानों के लिए इस परियोजना को स्वीकृत किया। इसका कारण भी यही बताया गया था कि नहर बनने से किसानों को सिंचाई के लिए सुविधा तो मिलेगी ही साथ ही आंवला क्षेत्र के भूजल स्तर को भी बढ़ाने में सहायक होगी। हालांकि इस परियोजना का बजट तो तीन गुना बढ़ने के बाद भी यह अधूरी ही है साथ ही किसानों का दर्द भी कम नहीं हुआ है।

अब सरकार ने हर घर जल योजना के तहत शुद्ध पानी पहुंचाने की योजना चलाई है। लोगों को जागरूक करने के लिए पानी के स्रोतों को बढ़ाने के हर जतन कर रही है। तालाब पोखरों में पानी बनाए रखने के लिए उनमें पानी भरवा रही है, ताकि पानी का संकट पैदा न हो लेकिन इफ्को इकाई दिन रात दिन जमीन से पानी खींचकर पानी की बर्बादी कर रही है। इससे क्षेत्र में जल स्तर लगातार घट रहा है। इस जलदोहन से जहां एक ओर इफको प्रबंधन लगातार फल फूल रहा है। वहीं क्षेत्रीय किसान आज भी खेतों को सींचने के लिए परेशानी उठा रहा है। काफी जमीन तो सिंचाई के अभाव में बंजर पड़ी है। करीब चार दशक पहले इफको फैक्ट्री आंवला भमोरा रोड पर लगाई गई थी। भूदाता और क्षेत्रीय किसानों का मानना था कि इफको क्षेत्र का विकास करेगा, प्लांट में उन्हें और उनके बच्चों को रोजगार मिलेगा। परंतु जिस फैक्ट्री को क्षेत्रीय लोगों ने भविष्य माना था, वह भविष्य 40 साल बाद भी परेशानी खड़ी कर रहा है। इफको न ही रोजगार दिया और न ही विकास किया बल्कि पीने का पानी और खेतों में सिंचाई का पानी तक छीन लिया।

भू-दाताओं ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री द्वारा बड़ी मात्रा में जल का दोहन किया जा रहा है। इसके चलते आलमपुर जाफराबाद (ओरेंज जोन) में आ गया है। छोटे नलों में पानी आना बंद हो गया है। बोरिंग फेल हो रहे हैं। पहले 20 से 25 फिट गहराई पर पानी मिल जाता था। किसान पम्पिंग सैट से सिचाई कर लेते थे। अब 70 से 90 फिट पर जल मिल रहा है। किसानों ने पम्पिंग सेट कबाड़े में डाल दीं। किसानों को सिचाई की समस्या पैदा हो गयी है।

### 20 बड़े बोरवेल, हर घंटे खींचते हैं छह हजार क्यूसेक मीटर पानी

सेंधा निवासी ओमशंकर सक्सेना ने बताया कि इफको फैक्ट्री में करीब 22 बडे.18 इंच के बोरवेल हैं, जो कि प्रति घंटा 6 हजार क्यूसेक मीटर पानी खींचते हैं। इफको अधिकारी दो बोरवेल खराब होना बताते हैं। 20 बोरवेल से प्लांट में बड़ी मात्रा में पानी की बर्बादी की जा रही है। इफको फैक्ट्री से दो बडे.नाले निकलते हैं। जोकि सेंधा गांव के समीप अरिल नदी में गिरते हैं। वहीं इफको ने अपनी किताब आंवला ज्योति के 2007-2008 के अंक में 16 बोरवेल होना दर्शाया है।

### आंवला के एसडीएम ने इफको को धारा 133 के तहत भेजा था नोटिस

तत्कालीन उपजिला मजिस्ट्रेट आंवला विशु राजा ने 31 दिसंबर 2018 को जारी किए प्रारंभिक आदेश में बताया था कि अरिल नदी के स्थलीय जांच में पाया गया कि इफको से निकलने बाला पानी गन्दा और बिषैला है। दूषित पानी पर्यावरण व जन मानस और पशुओं को नुकसान पहुंचाता है। अमोनिया गैस किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाती है। उपजिला मजिस्ट्रेट ने इफको के खिलाफ धारा 133 (1) के तहत कार्यवाही के लिए प्रारंभिक नोटिस जारी कर इफको अधिकारियों से न्यायालय में कारण प्रस्तुत करने का आदेश दिया था।

## सार-संक्षेप

### अपनी बात आत्मविश्वास के साथ रखने का गुण अधिवक्ता के लिए आवश्यक : राजीव लोचन



**बरेली, अमृत विचार :** क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ में गुरुवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा ने कहा कि अपनी बात को आत्मविश्वास के साथ रखने का गुण अधिवक्ता के लिए आवश्यक है। एक विधि छात्र को अपनी बात ऐसे रखनी चाहिए कि सुनने वाला उस पर अनायास ही विश्वास कर जाए। विधि के करियर को उन्होंने इस सदी का उत्कृष्ट करियर बताया। न्यायमूर्ति मेहरोत्रा को हाल ही में राष्ट्रीय राजेंद्र प्रसाद विधि विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी में राज्य सरकार द्वारा नामित किया गया है, वह एंटी टेररिस्ट अथॉरिटी के प्रमुख भी हैं। कॉलेज के सचिव शिरीष कुमार मेहरोत्रा, प्राचार्य डॉ. आदित्य चतुर्वेदी, डॉ. रोहित मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे। संचालन कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कुमार गंगवार ने किया।

### स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश के लिए खिलाड़ियों का चयन



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कॉलेज सोसाइटी के अंतर्गत संचालित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर और मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई में कक्षा- 6 में प्रवेश के लिए क्षेत्रीय खेल कार्यालय में चयन किया गया। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि एथलेटिक्स बालक वर्ग में एक, हॉकी बालक-बालिका वर्ग में दो बालक और एक बालिका का चयन किया गया। इसके अलावा जिम्नास्टिक, कुश्ती, कबड्डी, तैराकी में बच्चों की संख्या शून्य रहीं। चयन कमेटी में जिम्नास्टिक खेल में राहुल चोपड़ा फिरोजाबाद क्रीड़ा अधिकारी, तैराकी में जीडी वारीकी क्रीड़ाधिकारी रामपुर, कबड्डी में उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद, हॉकी में संतोष कुमार उपक्रीड़ाधिकारी रामपुर, कुश्ती में विवेक कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### एनएसएस शिविर में विजेताओं को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** जमुना प्रसाद मेमोरियल कॉलेज की ओर से भैरपुरा खजुरिया में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर गुरुवार को संपन्न हो गया। इस मौके पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। बागपत में एनएसएस कैंप में भाग लेने वाले कमल कुमार, रोहित कुमार के अलावा विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। एमडी वैभव पटेल, निदेशक डॉ. मनोज कांडपाल आदि मौजूद रहे।

### रोवर्स ने रोपवे पुल बनाने का प्रदर्शन किया



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में बृहस्पतिवार को रोवर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस दौरान रोवर्स ने रोपवे पुल, मचान और कई प्रकार के गैजेट्स का प्रदर्शन किया। रोवर्स ने आदर्श टेंट हाउस का मॉडल भी प्रस्तुत किया। इस दौरान प्राचार्य प्रो. ओपी राय, प्रो. आलोक खरे, प्रो. एसी त्रिपाठी, प्रो. वंदना शर्मा, प्रो. दीप्ति जौहरी, प्रो. संगीता सिंह, डॉ. राकेश सिंह और डॉ. विवेक त्रिपाठी मौजूद रहे।

### एनसीसी के कमांड अधिकारी को दी विदाई



**बरेली, अमृत विचार :** 21 वीं वाहिनी एनसीसी बरेली कॉलेज के कमांड अधिकारी कर्नल अमन नेगी गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। कॉलेज स्थित वाहिनी परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर सेना, एनसीसी के अधिकारियों, कर्मचारियों और कैडेटों ने उन्हें विदाई दी। डॉ. अंचल अहेरी, सूबेदार मेजर वीरेंद्र सिंह, मनुप्रताप सिंह, रीतेश चौरसिया, सूबेदार सुनील क्षेत्री, संतोष कुमार, टीकाराम शर्मा, सुधीर वर्मा, दीपक कुमार, विवेक कुमार, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# परास्नातक की प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए स्नातक स्तर के शिक्षक परीक्षक

## बरेली कॉलेज के शिक्षकों ने विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कई महाविद्यालयों ने परास्नातक विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं नहीं कराई हैं, जिसकी वजह से विश्वविद्यालय को एक बार फिर तिथि बढ़ाकर 10 मार्च करनी पड़ी है। इसके बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि बाह्य परीक्षकों के चयन न होने की वजह से ऐसा हुआ है। वहीं कुछ कॉलेजों ने परास्नातक की प्रयोगात्मक परीक्षा में स्नातक स्तर के कॉलेजों के शिक्षकों को ही बाह्य परीक्षक बनाने का आरोप लगाया है। इस पर विश्वविद्यालय में भी आपत्ति जताई गई है।

बरेली कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष ने बताया कि परास्नातक की परीक्षा में स्नातक स्तर के कॉलेज के शिक्षकों का बाह्य परीक्षक में चयन किया है। परीक्षा शनिवार को होनी है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक से भी आपत्ति जताई है।

ऐसे में सवाल उठता है कि किस तरह से परीक्षा ली जाएगी। इस तरह से तो प्रयोगात्मक परीक्षा ही बंद कर देनी चाहिए। वहीं एमएससी में आर्गेनिक, इन आर्गेनिक और फिजिकल के पहले तीन विशेषज्ञ परीक्षक प्रयोगात्मक परीक्षा कराते थे, लेकिन इस बार एक ही शिक्षक का चयन किया गया है। बरेली कॉलेज में रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा शुक्रवार को होनी है।



बरेली कॉलेज में परीक्षा फार्म जमा करने के दौरान हंगामा होने पर पहुंचे कर्मचारी।

### अब मुख्य परीक्षा की तैयारी, अब तक 73 हजार से अधिक फार्म भरे गए

स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षा के फार्म 19 जनवरी से भरे जा रहे हैं। कई बार फार्म भरने की तिथि भी बढ़ाई गई। 29 फरवरी फार्म भरने की अंतिम तिथि थी। दो मार्च तक छात्रों को भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे। विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक 73 हजार पांच सौ से अधिक परीक्षा फार्म भरे जा चुके हैं। इनमें स्नातक में 45 हजार से अधिक फार्म हैं, जिनमें 27 सौ बीएससी, 230 बीएससी ऑनर्स, 1040 कम्प्यूटर साइंस, दो हजार बीएससी गृह विज्ञान, 2370 बीकॉम ऑनर्स, 320 बीकॉम कम्प्यूटर, 28 सौ बीकॉम और 33 हजार सात सौ फार्म बीए में भरे गए हैं। वहीं परास्नातक में 28 हजार से अधिक फार्म भरे गए हैं। इनमें 25 हजार एक सौ एमए, 420 एमएससी और 28 सौ एमकॉम में हैं।

### परीक्षा के अंतिम दिन एमए के छात्र को नकल करते पकड़ा

परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा के आखिरी दिन बरेली कॉलेज में एमए के छात्र को नकल करते पकड़ा गया। सचल दल ने उसे बुक कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी है। गुरुवार को परीक्षा खत्म होने के बाद अब स्नातक और परास्नातक की परीक्षा की तैयारी शुरू हो गई है। एमए, एमएससी और एमकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 20 जनवरी से शुरू हुई। 29 जनवरी को परीक्षा की अंतिम तिथि थी। बरेली कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि नए परीक्षा भवन में एमए अर्थशास्त्र के छात्र को नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया है। छात्र के पास हाथ से लिखा हुआ पूरा एक पेज था। उसका यूएफएम कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी गई है।

### विधि पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक परीक्षा भी 10 तक

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने विधि पाठ्यकमों एलएलबी और बीएएलएबी विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा की भी तिथि बढ़ाकर 10 मार्च कर दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक अंतिम तिथि 29 फरवरी थी। अब 10 मार्च के बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# 139 स्कूलों को मान्यता रद्द करने की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पोर्टल पर डाटा अपडेट नहीं करने पर बीएसए ने दिया नोटिस

**अमृत विचार :** जिले के 139 स्कूलों की मान्यता रद्द की जा सकती है। इन स्कूलों ने यू-डायस पोर्टल पर अंतिम तिथि 14 फरवरी तक बच्चों का डाटा अपडेट नहीं किया। ऐसे स्कूलों को बीएसए कार्यालय से नोटिस भेजकर मान्यता रद्द की चेतावनी दी गई है।

जानकारी के मुताबिक यू-डायस पोर्टल पर डाटा भरने पर प्रत्येक बच्चे का 11 अंक का एक यूनिक आईडी बनती है। इस आईडी के न होने से बच्चों को अगली कक्षा में पहुंचने पर दूसरे विद्यालयों में नामांकन के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। जिले में 8,30,128 लाख बच्चों का डाटा पोर्टल पर फीड होना था, जबकि 7.87,101 बच्चों का ही डाटा फीड हुआ है और 42 हजार बच्चों का डाटा अभी तक फीड ही नहीं हुआ है। डाटा फीड करने के लिए शिक्षा

> 139 स्कूलों का डाटा अभी तक अपडेट नहीं हुआ है। इन सभी स्कूलों के खिलाफ नोटिस भेज दिया गया है। इसके बाद मान्यता रद्द करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। **-रणधीर पटेल**, एमआईएस प्रभारी

मंत्रालय की ओर से 14 फरवरी तक का समय निर्धारित किया गया था। निर्धारित समय पर बच्चों का डाटा फीड नहीं करने वाले स्कूलों के खिलाफ पहले भी कई बार नोटिस भेज कर चेतावनी दी गई थी, लेकिन लापरवाह स्कूलों में चेतावनी का कोई न तो जवाब दिया न ही पोर्टल पर बच्चों का डाटा अपडेट किया। इससे पहले परिषदीय स्कूलों की ओर से लापरवाही बरतने पर पिछले दिनों 85 शिक्षकों का वेतन भी रोका गया था।

## शिक्षक काली पट्टी बांधकर करेंगे शिक्षण कार्य

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने गुरुवार को हार्टमन स्थित कैंप कार्यालय में बैठक की। शासन स्तर पर 18 सूत्रीय मांगें न माने जाने पर प्रांतीय आह्वान पर विरोध करने की रणनीति तैयार की। एक से पांच मार्च तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने और 11 मार्च को बीएसए को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। शिक्षकों ने टैबलेट से कार्य करने का भी विरोध जताया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गंगवार ने की। मंत्री जहीरउद्दीन, जिला उपाध्यक्ष सुंदरललाल, अफजाल अहमद, गजेंद्र पाल सिंह, हरीश कुमार, कांता प्रसाद, विनोद कुमार, सवेश कुमार मौजूद रहे।

## गणित में दीर्घ उत्तरीय सवालों को हल करने में लगा ज्यादा समय



राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षा में बृहस्पतिवार को पहली पाली में हाईस्कूल की विज्ञान और इंटरमीडिएट की लेखा शास्त्र की परीक्षा हुई। दोनों पाली में गणित, विज्ञान और जीव विज्ञान की परीक्षा में कई छात्र अपने प्रदर्शन से संतुष्ट दिखे तो कई मायूस रहे। छात्रों का कहना था कि ओवरआल पूरा पेपर हालांकि पढ़ाया हुआ ही आया था। गणित के पेपर में बहुविकल्पीय प्रश्नों की अपेक्षा दीर्घ उत्तरीय सवालों को हल करने में अधिक समय लगा। जीव विज्ञान के छात्रों ने अफसोस जताते बताया कि परीक्षा के लिए कम से कम 15-20 मिनट का समय और मिलता तो और बेहतर कर सकते थे।

विज्ञान की परीक्षा में पंजीकृत 29656 छात्रों में से 27051 छात्र और 6298 छात्राओं में से 6073 छात्राएं उपस्थित रहीं। इंटरमीडिएट की लेखा शास्त्र की परीक्षा में 596 छात्रों में से 574 और 307 छात्राओं में से 303 छात्राएं उपस्थित रहीं। फारसी की परीक्षा में दो पंजीकृत छात्र उपस्थित रहे।

दूसरी पाली में हाईस्कूल की कृषि विज्ञान की परीक्षा में 927 में से 853 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इसके अलावा इंटर की गणित की परीक्षा में 4767 छात्रों में से 4535 और 994 छात्राओं में से 974 उपस्थित रहीं। जीव विज्ञान की परीक्षा में 20,638 छात्रों में से 19,469 छात्र उपस्थित रहे। इस दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर डीआईओएस, बीएसए सहित सभी के नेतृत्व में सचल दलों की टीमें परीक्षा केंद्रों पर औचक निरीक्षण करती रहीं।

## इस बार बच्चों के अभिभावकों को मिलेगा रिपोर्ट कार्ड

**बरेली, अमृत विचार :** इस बार परिषदीय स्कूलों के बच्चों का रिपोर्ट कार्ड अभिभावकों को दिया जाएगा। उन्हें बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं भी दिखाई जाएंगी, ताकि वे बच्चों का शैक्षिक स्तर जान सकें। उनसे शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार को लेकर राय भी मांगी जाएगी। इसके बाद रिपोर्ट बीएसए को सौंपी जाएगी।

परिषदीय स्कूलों में 16 मार्च से वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। जिले में करीब 3.35 लाख बच्चे परीक्षा देंगे। 31 मार्च को परीक्षाफल घोषित करने के दिन शिक्षक छात्र-अभिभावक के साथ बैठक करेंगे। मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं उन्हें दिखाएंगे। वहीं, कक्षा छह से आठ तक बच्चों की लिखित परीक्षा 50 अंकों की होगी। कक्षा सात तक की वार्षिक परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन विद्यालय के ही शिक्षक करेंगे। कक्षा पांच की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन संकुल (न्याय पंचायत) स्तर पर अन्य विद्यालय के अध्यापकों से कराया जाएगा। प्रश्नपत्र तैयार कराने की जिम्मेदारी जिला स्तर पर डायट को दी गई है।

# छात्रों का बोर्ड परीक्षा में नकल के लिए वसूली का आरोप, प्रधानाचार्य ने पीटा

संवाददाता, बरेली/भमोरा

- कक्ष निरीक्षक पर परीक्षा कक्ष में खुलेआम छात्राओं को नकल कराने की एसडीएम से शिकायत, परीक्षा के दौरान सुरक्षा की भी मांग

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में भमोरा के एक स्कूल में नकल कराने के नाम पर छात्रों से पैसों की वसूली का आरोप लगा है। आरोप है कि प्रधानाचार्य ने छात्रों से मारपीट भी की। छात्रों ने आंवला एसडीएम से मामले की शिकायत की है। वहीं विद्यालय ने आरोपों को गलत बताया है। हालांकि जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह का कहना है कि इस संबंध में उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है। यदि शिकायत आती है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

छात्रों की ओर से एसडीएम को दिए पत्र के मुताबिक आरोप है कि गुरुवार को सारांश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सुबह हाईस्कूल की विज्ञान की परीक्षा थी। इस दौरान परीक्षा कक्ष में स्कूल के ही नियुक्त कक्ष निरीक्षक खुलेआम छात्राओं को इमला बोलकर नकल कराने लगीं। इस पर बाकी छात्रों ने भी कक्ष निरीक्षक को बताने को कहा तो उन्होंने इसके लिए खर्चा करने और प्रधानाचार्य से सेटिंग करने को कहा। आरोप है कि इसके बाद छात्र प्रधानाचार्य से शिकायत करने पहुंचे तो प्रधानाचार्य आग बबूला हो गए और छात्रों ने मारपीट कर डंडा लेकर दौड़ा लिया। छात्रों का आरोप है कि उनके साथ प्रधानाचार्य ने मारपीट कर उनकी उत्तरपुस्तिकाओं पर भी चरित्र संबंधी नोट लिखने की धमकी दी है। प्रधानाचार्य के रवैये से भयभीत छात्रों ने अग्रिम पेपरों में सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। एसडीएम से शिकायत करने वाले छात्रों में कनिश, मोहित यादव, करन शर्मा, अर्पित, आर्यन, अंकित हैं।



आंवला एसडीएम गोविंद मौर्य को ज्ञापन सौंपते छात्र। ● अमृत विचार

> जिस शिक्षक ने बच्चों के साथ मारपीट की है, उस मामले में एसएचओ भमोरा को जांच के आदेश दिए हैं। शुक्रवार को स्वयं विद्यालय जाकर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर जांच करेंगे। **- गोविंद मौर्य**, एसडीएम आंवला

> परीक्षा की कॉपी सील करते समय बच्चों का हुजूम दोबारा विद्यालय में आ गया था और शोर शराबा करने लगा। उन्हें विद्यालय से भगा दिया था। मारपीट और नकल कराने जैसे सभी आरोप निराधार हैं। **-सारांश गुप्ता**, केन्द्र व्यवस्थापक सारांश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेंधा

## हॉकी टूर्नामेंट में दूसरे दिन गाजियाबाद का दबदबा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रेलवे स्टेडियम में चल रहे हॉकी टूर्नामेंट में हुए छह मुकाबले

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेडियम में स्व. विनोद सिंह रावत मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट में दूसरे दिन गुरुवार को छह मैच हुए। इसमें गाजियाबाद की टीम ने अपने सभी मैच जीते।

टूर्नामेंट की शुरुआत सांसद संतोष गंगवार ने की। आयोजकों के अनुसार पहले मैच में गाजियाबाद ने 9-3 से बुलंदशहर को हराया। दूसरे मैच में खान ब्रदर्स ने एसटीसी को 6-4 से, तीसरे मैच में लखनऊ ने मेरठ को 7-4, चौथे मैच में गाजियाबाद ने बरेली स्टेडियम को 8-1 से, पांचवे मैच में काशीपुर ने रेलवे ब्वॉयज को 6-1 से हराया और छठे मैच में लखनऊ ने शाहजहांपुर को 3-2 से हराया। निर्णायक की भूमिका में बलवंत सिंह, संजय त्यागी, कासिब खान, फैजान, अर्जुन कश्यप रहे। आयोजन कमेटी में सचिव दुर्गेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुनील राणा, सोनू कुमार, डॉ. विक्रम भदौरिया, आकाश सक्सेना, डॉ. आशीष सक्सेना, डॉ. पवन सक्सेना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## इज्जतनगर मंडल के आठ स्टेशनों पर मिलेगी पीएमएस की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ट्रेन से पार्सल बुक कराया है तो पीएमएस नहीं होने देगा गुम
- बरेली सिटी स्टेशन पर अप्रैल तक शुरू होगी यह सुविधा

**अमृत विचार:** इज्जतनगर रेल मंडल पर पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएमएस) लगाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। अप्रैल तक मंडल के आठ स्टेशनों पर यह सुविधा लोगों को मिलने लगेगी। खास तौर से व्यापारियों और ट्रेन से पार्सल बुक कराने वालों को इससे सबसे ज्यादा फायदा होगा। पीएमएस के जरिए पता लगाया जा सकेगा कि पार्सल कब निकला और कहां तक पहुंचा है। पार्सल को लेकर लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा।

दरअसल, पूर्वोत्तर रेलवे ने अपने तीनों मंडलों लखनऊ, वाराणसी और इज्जतनगर के 35 स्टेशनों पर पीएमएस सुविधा देने का एलान किया था। इज्जतनगर रेल मंडल में काठगोदाम, लालकुआं, रुद्रपुर, बरेली सिटी, हाथरस, कन्नौज, फर्रुखाबाद और कासगंज स्टेशन पर यह सिस्टम लगाया जा रहा है।

इन स्टेशनों पर पार्सल व्यवस्था को पूरी तरह ऑनलाइन और कंप्यूटरीकृत करने का काम अप्रैल तक पूरा हो जाएगा। सामान बुक होने के साथ ही उपभोक्ता को एक बार कोड मिल जाएगा, उसके माध्यम से उपभोक्ता के मोबाइल पर पार्सल की अपडेट की जानकारी मिलती रहेगी। पार्सल कब निकला और कहां पहुंचा है, एसएमएस के जरिए इसकी सूचना मिलती रहेगी। उपभोक्ता को बार कोड अपने मोबाइल पर स्कैन करना होगा।

### इन समस्याओं से मिलेगी निजात

अक्सर समय से लोगों का पार्सल नहीं पहुंचता, उनका पार्सल स्टेशन या ट्रेन में ही पड़ा रह जाता है। इससे लोगों को परेशानी होती है। विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। कभी-कभी कोर्ट तक की शरण लेनी पड़ जाती है। पीएमएस व्यवस्था शुरू होने के बाद इन समस्याओं से निजात मिल जाएगी।

> पूर्वोत्तर रेलवे के 35 स्टेशनों पर पीएमएस शुरू करने जा रहे हैं। कुछ स्टेशनों पर यह शुरू हो चुकी है। इज्जतनगर रेल मंडल के भी आठ स्टेशनों पर यह व्यवस्था लोगों को मिल सकेगी। अप्रैल तक इस काम को पूरा कर लिया जाएगा। **-पंकज कुमार सिंह**, सीपीआरओ, पूर्वोत्तर रेलवे

## चुनावी गीत से बताएंगे लोकतंत्र के पर्व की अहमियत

- गांव और वार्डों में गीत बजाकर मतदान के प्रति किया जाएगा जागरूक

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कोशिशें जिला प्रशासन ने शुरू कर दी हैं। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार का प्रयास है कि जिले में इस बार अधिक से अधिक मतदान हो, जिससे पिछले चुनावों में हुए मतदान प्रतिशत का रिकॉर्ड तोड़ा जा सके। इसके लिए उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के तहत गीत बनवाया है। लाउडस्पीकर के जरिए सभी गांवों और नगर निकाय के हर एक वार्ड में यह गीत बजाकर लोगों में जागरूकता लाई जाएगी। गीत के माध्यम से लोकतंत्र पर्व की अहमियत बताई जाएगी।

सावित्री-अतर सिंह यादव (दादी-दादा) की ओर से अपूर्व (माधव) को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
पूजा-रवि यादव (मम्मी-पापा)
दीपाली-विनोद यादव (ताई-ताऊ)
सीमा-सुजान सिंह (बुआ-फूफाजी)



## वैज्ञानिकों ने कुक्कुटपालन और पोषण की दी जानकारी

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान और एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन केंद्र ने गुरुवार को संस्थान में कुक्कुटशाला इन्क्यूबेशन दो चरणों में आयोजित की। इसमें वैज्ञानिकों ने प्रशिक्षुओं को कुक्कुटपालन और पोषण संबंधी जानकारी दी। प्रथम चरण में 42 प्रशिक्षुओं को ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय चरण में चयनित 21 प्रशिक्षुओं को संस्थान में प्रयोगात्मक प्रशिक्षण और भ्रमण करने का अवसर प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व निदेशक पशु पालन विभाग डॉ. एके जादौन और विशिष्ट अतिथि डॉ एसके सिंह संयुक्त निदेशक (शोध) आईवीआरआई रहे। अध्यक्षता निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने की। डॉ. जगबीर सिंह त्यागी ने प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डॉ. संदीप सरन आदि मौजूद रहे।

# जिले में स्थापित होगी एनसीसी एकेडमी 15 हजार से ज्यादा कैडेट ले सकेंगे ट्रेनिंग

प्रशांत पांडेय, बरेली

- एनसीसी के कमान अधिकारी ने एकेडमी को जमीन उपलब्ध कराने के लिए डीएम को लिखा पत्र
- दिसंबर 2023 से एकेडमी के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग प्रशासन से की जा रही है

**अमृत विचार :** बरेली में एनसीसी एकेडमी खुलेगी, इसके लिए जमीन देखी जा रही है। यदि एकेडमी खुली तो बरेली संभाग में ओ वाले कई जिलों के 15 हजार कैडेट्स को इसका लाभ मिलेगा। ये कैडेट्स एनसीसी के अंतर्गत प्रशिक्षण ले रहे हैं।

एनसीसी के प्रति बढ़ते रुझान को देखते हुए आठवीं बालिका वाहिनी एनसीसी की कोशिश पर बरेली में एनसीसी एकेडमी खोलने की पहल शुरू हुई है। वर्डवुड लाइन, कैंट स्थित आठवीं बालिका वाहिनी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल राजेश शाह ने 26 फरवरी को जिलाधिकारी को पत्र भेजकर जिले में एनसीसी एकेडमी स्थापित कराने के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग की है।

कर्नल राजेश शाह के मुताबिक उनकी ओर से दिसंबर 2023 से जमीन उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन को लगातार पत्र लिखा जा रहा है। 26 फरवरी को फिर डीएम को पत्र लिखकर जमीन उपलब्ध कराने की मांग की गई।

### सेना या स्कूलों की भूमि पर दिया जाता है प्रशिक्षण

बरेली संभाग के अंतर्गत रामपुर, अमरोहा, चंदौसी, बदायूं, मुरादाबाद, पीलीभीत, आदि जिलों के करीब 15 हजार से अधिक कैडेट्स पंजीकृत हैं। जानकारी के मुताबिक सभी पंजीकृत कैडेट्स का प्रशिक्षित करने के लिए सेना या कॉलेजों के मैदान में प्रशिक्षण कराना पड़ता है। एक बार में कम से कम 500 कैडेट्स को प्रशिक्षित करना होता है, लेकिन इस वैकल्पिक जगहों पर कई बार न तो पर्याप्त सुविधाएं और व्यवस्थाएं होती हैं और न ही जरूरी संसाधन उपलब्ध हो पाते हैं। प्रशिक्षण के लिए सभी जरूरी सुविधाएं एनसीसी एकेडमी में होंगी। इसके लिए करीब 22 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। बहरहाल यूपी के एक मात्र गोरखपुर जिले में प्रदेश की पहली एनसीसी एकेडमी का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

## कलाकारों ने कथक के माध्यम से प्रस्तुत की रामायण

**बरेली, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या की ओर से विंडरमेयर थिएटर में आयोजित रामायण नाट्य उत्सव का गुरुवार को समापन हो गया। लखनऊ से आईं कलाकार नेहा सिंह सेंगर और उनके साथियों ने रामायण नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

पं. अनुज मिश्रा ने नाटिका का निर्देशन करने के साथ श्रीराम की भूमिका निभाई। दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. बृजेश्वर सिंह ने विंडरमेयर थिएटर को सहयोगी की भूमिका में चुनने के लिए अंतर राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ. लवकुश द्विवेदी और कार्यक्रम समन्वयक रमेश चंद्र का आभार व्यक्त किया।

# आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त
ताकत
व
रुकावट
प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान
रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223



# खून के आंसू



हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693



# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी
आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।



ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल
(काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# जिला महिला अस्पताल में रेजिडेंट डॉक्टर भी करेंगे अल्ट्रासाउंड जांच

## स्थाई रेडियोलॉजिस्ट न होने की समस्या का ढूंढा हल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में स्थाई रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती न होने से हो रही दिक्कतों का हल ढूंढ लिया गया है। अब यहां प्रशिक्षण ले रहे रेजिडेंट डॉक्टर भी मरीजों की अल्ट्रासाउंड जांच करेंगे।

फिलहाल सप्ताह में तीन दिन दूसरे स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात रेडियोलॉजिस्ट यहां जांच करने आते हैं। इससे बाकी तीन दिन जांच नहीं हो पातीं और मरीजों को निराश लौटना पड़ता है। अब ऐसी स्थिति में निजी मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षण ले रहे रेजिडेंट डॉक्टरों से जांच कराने की शुरुआत की गई है। बृहस्पतिवार को रेजिडेंट डॉक्टरों ने ही मरीजों की जांच की।

### डॉक्टर ने लिखी अल्ट्रासाउंड जांच स्टाफ ने लौटाया

बभिया निवासी अनीता के पर्चे पर गुरुवार को ओपीडी में डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड जांच के लिए लिखा। पर्चा लेकर वह वह अल्ट्रासाउंड कक्ष में पहुंचीं तो वहां तैनात एक महिला कर्मचारी ने यह कहकर उन्हें लौटा दिया कि यहां सिर्फ गर्भवती की जांच होती है। आरोप है कि अनीता ने कहा कि डॉक्टर के पर्चे पर जांच लिखने का हवाला दिया तो महिला कर्मचारी ने उनसे बदसलूकी की और वहां से चले जाने के लिए कहा। अनीता ने हेल्प डेस्क मैनेजर से मामले की शिकायत की है।

प्रशिक्षण के लिए आए रेजिडेंट डॉक्टर विशेषज्ञ हैं। जिस दिन यहां अटैच किए गए डॉक्टर किसी कारणवश जांच करने नहीं आएंगे, उस दिन रेजिडेंट की ड्यूटी लगाई जाएगी ताकि मरीजों को समय पर अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा मिल सके। **-डॉ. त्रिभुवन प्रसाद**, सीएमएस, जिला महिला अस्पताल

# आग में जिंदा जली बच्चियों के परिवारों को शासन से मिली 16 लाख की मदद



**बरेली, अमृत विचार** : आग की चपेट में आकर जिंदा जलीं चार बच्चियों के मामले में सरकार की ओर से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि गुरुवार को उपलब्ध कराई गई। डीएम रविंद्र कुमार ने मृतकों के परिजनों को कार्यालय में 16 लाख रुपये के चेक सौंपे। प्रत्येक मृतक के परिवार को चार-चार लाख रुपये के हिसाब से मदद पहुंचाई गई। 23 फरवरी को फरीदपुर के नवादा बिलसंडी में रामदास के घर की छत पर खेलते समय पुआल में लगी आग की चपेट में चार बच्चियां आ गई थीं। प्रियांशी (5) पुत्री भीम, मानवी (3) पुत्री अमिताभ, नैना (5) पुत्री सुखवीर की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि नीतू (6) पुत्री अमिताभ की अस्पताल में इलाज के दौरान सांसें थम गई थीं। घटना पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुख जताते हुए अफसरों को मामले में पीड़ित परिवार की मदद करने के आदेश दिए थे। डीएम, एसएसपी ने मौके पर पहुंचकर परिवार को मदद करने का भरोसा दिलाया था। एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह मौजूद रहे।

# तीन मार्च को धूमधाम से मनेगा 16 वां वसंतोत्सव



**बरेली, अमृत विचार** : अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा की ओर से तीन मार्च को 16 वां वसंतोत्सव कुर्मांचल नगर स्थित भोलेनाथ मंदिर परिसर में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। गुरुवार को विद्युत निरीक्षण भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में महासभा के राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल ने बताया कि इसमें उत्तराखंड के लोक गायक इंद्र आर्या और अल्मोड़ा एवं खटीमा के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। मुख्य अतिथि लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल को उत्तराखंड गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद संतोष गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, संजीव अग्रवाल, डॉ. एमएस बासु आदि कार्यक्रम में शामिल होंगे। बरेली बार एसोसिएशन के सचिव बीपी ध्यानी, सभासद नरेंद्र सिंह अधिकारी का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। जिला महामंत्री चंदन सिंह नेगी और जिला कार्यवाहक अध्यक्ष केसी जोशी ने बताया कि महिला सशक्तीकरण के रूप में महिलाओं के साथ मेधावियों और समाज के वृद्धजनों को भी सम्मानित किया जाएगा। चंदन सिंह नेगी, कर्नल एमसी पंत, पुष्कर राणा, भाष्कर रावत, अखिलेश, गोपाल सिंह मेहर, सुबोध कंडवाल, सतीश नैथानी, अवनीत नेगी आदि उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समापक राशि का भुगतान



**बरेली, अमृत विचार** : इज्जतनगर रेल मंडल पर फरवरी माह में सेवानिवृत्त हुए 13 रेल कर्मचारियों को डीआरएम रेखा यादव ने समापक राशि का भुगतान किया। साथ ही मेडिकल कार्ड, सेवानिवृत्ति संबंधी दस्तावेज और गोल्ड प्लेटेड मेडल उन्हें दिए गए। राम दुलारे सिंह को संरक्षा पुरस्कार स्वरूप 13 हजार चार सौ रुपये की धनराशि दी गई। एडीआरएम राजीव अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अरविंद कुमार श्रीवास्तव, मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह, नरमू के मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह मलिक आदि मौजूद रहे।

# प्रशिक्षण में जो सिखाया, उसे आसपास के लोगों को बताकर जागरूक करें



**बरेली, अमृत विचार** : आपदा जोखिम न्यूनीकरण में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर संजय कम्युनिटी हाल में गुरुवार को मंडल स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला हुई। इसमें बाढ़ के खतरे से बचने के लिए बांध या तटबंध बनाना, आपदा-रोधी भवन का निर्माण करना, आपदा घटने से पहले खतरे कम करने के तरीके तलाशने के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि दैवीय आपदाओं के समय खिड़कियों से दूर रहना चाहिए। शीशे के टूटे टुकड़े नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसी स्थिति आने पर मजबूत मेज के नीचे छिप जाएं या फिर अंदरूनी दीवार, स्तंभ के सहारे खड़े रहें। भारी वस्तुओं से दूरी बनाकर रहें। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से कहा कि यहां पर आप लोगों को जो भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उसे अच्छी तरीके से सीख लें। इसके बाद अपने आस-पास के लोगों को दैवीय आपदा से बचाव के लिए जागरूक करें। डीएम ने प्रशिक्षण में आपदा की चेतावनी के लिए दामिनी एप को मोबाइल में डाउनलोड करने पर भी जोर दिया। कार्यशाला में आपदा विशेषज्ञ शाहजहांपुर डॉ. महजर रशीदी ने कहा कि आपदा के वक्त सबसे ज्यादा महिलाएं परेशान होती हैं। एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, कार्यक्रम संचालक अवनीश, मंडल की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरुष तंदरुस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामबाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें

विशेष चिकित्सा:- • भूख न लगना • कब्ज • अपच • गैस • खाने के बाद शौचालय जाना • शारीरिक अंगों का विकास रुकना • पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना • 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। • बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना • मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। • कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें • सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। • बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। • खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना बताये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।



नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें

सैक्स समस्यायें छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• इन्द्री का ढीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षो का अनुभव)

विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 10 मार्च 2024, रविवार
24 मार्च 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# अशरफ के साले सद्दाम समेत 11 लोगों पर लगाया गैंगस्टर

## संपत्ति भी सीज करने का निर्देश, एक आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर पुलिस ने माफिया रहे अशरफ के साले समद उर्फ सद्दाम, मो. रजा उर्फ लल्ला गद्दी, मो. फरहद खां उर्फ गुड्डू, मो. सरफुद्दीन, फुरकान नवी खान, राशिद अली, मो. आरिफ, आतिन जफर, जेल वार्डन मनोज कुमार, शिव हरी अवस्थी और कैंटीन संचालक दयाराम उर्फ नन्हे के खिलाफ गिरोहबंद की कार्रवाई की है। पुलिस ने कैंटीन संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और सद्दाम बदायूं जेल में है। पुलिस अन्य की तलाश में पुलिस जुट गई है।

बिथरी चैनपुर इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि पिछले साल प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के बाद इस गिरोह का नाम सामने आया था। सद्दाम प्रयागराज के पूरा मुफ्ती हटवा उपहार का निवासी है। वह बारादरी के खुशबू एन्क्लेव में किराये के फ्लैट में रहकर अशरफ की मदद करता था। लल्ला गद्दी पुराना शहर, फुरकान नवी रामनगर कॉलोनी परतापुर जीवन सहाय, राशिद ग्राम परौरा मीरगंज, मो. फरहद परतापुर जीवनसहाय, सरफुद्दीन चकमहमूद पुराना शहर, मनोज कुमार गौड़ देवरिया के माहिल स्थित कसली गांव, शिव हरि हरदोई के पाली स्थित कछलिया गांव और दयाराम सैदपुर कुर्मियान, मो. आरिफ फीलखाना पीलीभीत और आतिन जफर खुल्दाबाद प्रयागराज के निवासी हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी सामूहिक रूप से हिंसा करते हैं और लोगों को धमकाकर रुपये आदि की वसूली करते हैं। पिछले साल बिथरी चैनपुर थाने में आरोपियों के खिलाफ बलवा, रंगदारी, हत्या की साजिश रचने और जेल अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद मई में कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था।



पुलिस की गिरफ्त में दयाराम।

सद्दाम गिरोह पर बिथरी पुलिस ने गिरोहबंद की कार्रवाई की है। गिरोह का सदस्य दयाराम पकड़ लिया है और अन्य की तलाश की जा रही है। आरोपियों की संपत्ति भी जब्त की जाएगी। – मुकेश चंद्र मिश्र एसपी उत्तरी

### उमेश पाल की हत्या की साजिश में थे शामिल

पिछले साल अधिवक्ता उमेश पाल की गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में माफिया रहे अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ का नाम सामने आया था। जांच में पता चला था कि हत्याकांड से पहले अतीक का बेटा, सद्दाम, लल्ला गद्दी, समेत अन्य आरोपी जेल में मिलाई के लिए पहुंचे थे। आरोपी सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हो गए। बरेली जेल से ही उमेश पाल हत्याकांड की साजिश रची गई थी।

### लल्ला और सद्दाम के इशारे पर मिल रही थीं सुविधाएं

सद्दाम व लल्ला गद्दी ने जेल के वार्डन मनोज कुमार, शिव हरि को महंगे उपहार दिए थे। मनोज और शिव हरि ने लल्ला और सद्दाम की मुलाकात जेल के अन्य कर्मचारियों से कराई थी। इसके बाद वह अशरफ को सारी सुविधाएं मुहैया कराता था। सद्दाम ने खुशबू एन्क्लेव में फर्जी नाम से फ्लैट किराये पर ले लिया था। घटना के बाद सद्दाम और उसके गुर्गे बरेली छोड़कर फरार हो गए थे।

### जमानत पर बाहर हैं आरोपी

सद्दाम और अतिन की जमानत अब तक नहीं हो सकी है। वहीं पुलिस ने कैंटीन संचालक दयाराम को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की संपत्ति को चिह्नित किया जा रहा है। पुलिस जल्द जब्तीकरण की कार्रवाई कर सकती है।

# एंटी करप्शन की टीम अब तक एसडीओ को नहीं कर सकी गिरफ्तार

• होमगार्ड कमांडेंट भी अरेस्ट स्टे के लिए कोर्ट पहुंचे

**बरेली, अमृत विचार :** रिश्वत के आरोप में फंसे शाहदाना एसडीओ गौरव शर्मा को भी एंटी करप्शन टीम अभी गिरफ्तार नहीं कर पाई। टीम की ढिलाई से होमगार्ड कमांडेंट शैलेन्द्र प्रताप सिंह को भी गिरफ्तार नहीं किया जा सका।

दोनों ही मामलों में एंटी करप्शन की टीम गिरफ्तारी का दावा करती रही, लेकिन न ही एसडीओ और न ही होमगार्ड कमांडेंट को गिरफ्तार कर सकी। भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने शाहदाना स्थित विद्युत उपकेंद्र से 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते संविदा कर्मचारी अरविंद कुमार को गिरफ्तार किया था। अरविंद यह रिश्वत एसडीओ गौरव शर्मा के लिए ले रहा था। एंटी करप्शन इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने दोनों के खिलाफ कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसी के बाद से एसडीओ फरार चल रहे हैं। वहीं, मामले में विभागीय अफसरों की ओर से जांच रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जा चुकी है।

उधर, होमगार्ड की ड्यूटी बहाल करने के बदले में 30 हजार रुपये की मांग करने वाले आरोपी जिला होमगार्ड कमांडेंट शैलेन्द्र प्रताप सिंह के खिलाफ भी बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उन्हें भी टीम गिरफ्तार नहीं कर सकी। जबकि टीम ने दोनों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही थी।

# सीबीगंज में फिर पकड़ी 26 किलोवाट की बिजली चोरी

• विजिलेंस टीम ने छापा मारा, लंबे समय से की जा रही थी चोरी
• खुलेआम पड़ी हुई थी कटिया लाइनमैन पर साठगांठ का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सीबीगंज सबस्टेशन के इलाके में फिर 10 कनेक्शनों पर 26 किलोवाट बिजली की चोरी पकड़ी गई है। विजिलेंस की इस कार्रवाई के बाद सभी बिजली चोरों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप लगा है कि यहां भी इलाके के लाइनमैन की साठगांठ से बिजली चोरी की जा रही थी। सभी कनेक्शनों पर पोल से सीधी कटिया डाली गई थी।

सीबीगंज के गोविंदापुर गांव में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की सूचना विजिलेंस को मिली थी। बृहस्पतिवार तड़के इंस्पेक्टर विजिलेंस नरेश कुमार इस सूचना पर टीम के साथ छापा मारा तो युसुफ के घर पर केबिल में कटिया डालकर पांच किलोवाट की बिजली चोरी करते पाया गया। फहीम खान, कल्लू खां और हसन खां के घर में भी कटिया डालकर तीन-तीन किलोवाट की बिजली चोरी होते पाई गई। बाकी छह घरों में भी दो-दो किलोवाट बिजली चोरी की पुष्टि हुई। इन सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

दो दिन पहले भी सीबीगंज क्षेत्र में एक सोया फैक्ट्री में 48 किलोवाट के कनेक्शन पर बिजली चोरी पकड़ी गई थी लेकिन जेई ने रिपोर्ट दर्ज कराई तो सिर्फ 20 किलोवाट की चोरी का जिक्र किया। इसके बाद आरोप लगने शुरू हो गए कि सीबीगंज क्षेत्र में बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ही बिजली चोरी करा रहे हैं। बृहस्पतिवार को 26 किलोवाट बिजली चोरी पकड़े जाने के बाद सवाल उठा कि कई तरह के चेकिंग अभियान चलाने के बावजूद पोल पर खुलेआम डाली गई कटिया पर अधिकारियों या कर्मचारियों की नजर क्यों नहीं पड़ी। फिलहाल, विजिलेंस टीम की ओर से क्षेत्र में लगातार छापेमारी की जा रही है। इसमें बिजली चोरी पकड़ी जा रही है। आरोपियों पर कार्रवाई भी की जा रही है।

# घर में सो रही युवती से छेड़खानी

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में एक युवक ने चौकीदार के घर में घुसकर बेटी से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चौकीदारी के मुताबिक 27 फरवरी की रात 11 बजे उनके घर में दीवार फांदकर दानिश निवासी सैदपुर हॉकिन्स आ गया और बेटी से छेड़छाड़ करने लगा। जागने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

REQUIRED
WELL QUALIFIED AND TRAINED
( B.Ed and CTET a must)
TEACHERS
FOR
BISHOP CONRAD SR SEC SCHOOL
38/63 CANTT. BAREILLY
1. PRT - HINDI, ALL SUBJECTS
2. TGT - COMPUTER SCIENCE, ENGLISH, S.ST., MATHS, SCIENCE
3. PRE-PRIMARY/ KINDER GARTEN TEACHERS
4. PGT - ENGLISH, CHEMISTRY
E-MAIL BIO DATA AT :- bspconrad@yahoo.co.in
For More Details Contact:
0581-2511131

# स्टेशन मास्टर की बेटिकट भांजी को भरना पड़ा सात हजार का जुर्माना

• राजधानी एक्सप्रेस में बिना टिकट लिए कर रही थी सफर

**बरेली, अमृत विचार :** जब मामा स्टेशन मास्टर हैं तो टिकट लेने की क्या जरूरत। शायद यही सोच कर एक लड़की राजधानी एक्सप्रेस में सफर कर रही थी। जब टिकट चेकिंग स्टाफ ने उसे बिना टिकट पकड़ा तो वह अपने मामा की धौंस जमाकर भिड़ गई। उसे बरेली जंक्शन पर आरपीएफ ने उतारा और थाने ले जाया गया। यहां पर चेकिंग स्टाफ ने उसे सात हजार रुपये जुर्माना वसूलने के बाद छोड़ा।

सुभाषनगर की रहने वाली एक युवती लखनऊ में रहकर पढ़ाई करती है। गुरुवार को वह लखनऊ से बरेली आने के लिए 20503 राजधानी एक्सप्रेस में बिना टिकट के सवार हो गई। कोच में सवार युवती से हरदोई के पास टीटीई ने टिकट मांगा तो वह स्टाफ से ही भिड़ गई। लड़की स्टाफ को अपने स्टेशन मास्टर मामा की धौंस दिखाने लगी और टिकट नहीं बनवाया। इस दौरान ट्रेन में ही काफी हंगामा हुआ। जब ट्रेन बरेली जंक्शन पर पहुंची तो आरपीएफ और टिकट चेकिंग स्टाफ ने उसे ट्रेन से नीचे उतार लिया। आरपीएफ की तरफ से मुकदमा दर्ज करने की बात कही गई तब जाकर टिकट बनवाने पर राजी हुए।

# गैर इरादतन हत्या के जुर्म में तीन दोषियों को साढ़े नौ साल की कैद

• सुभाषनगर में दस साल पहले युवक के पेट में मारी थी गोली

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुभाषनगर में दस साल पहले गालीगलौज के विरोध पर युवक के पेट में गोली मारने के आरोपी विक्की, सचिन और अमर को दोषी पाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविन्द कुमार यादव ने नौ वर्ष छह महीने कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रत्येक को 10-10 हजार जुर्माना डाला है। जुर्माने की आधी रकम वादी मुकदमा को दी जाएगी।

सरकारी वकील तेजपाल सिंह राघव ने बताया कि राहुल ने थाना सुभाषनगर में तहरीर देकर बताया कि 4 नवम्बर 2014 को रात 9:30 बजे उनका भाई विकास उर्फ लखपत बीएसए ऑफिस के सामने वाली गली में अपने घर में मौजूद था। तिलक कालोनी के विक्की, सचिन, अमर आए और घर के सामने शराब पीकर गाली देने लगे और विकास को आवाज लगाई विकास जैसे ही घर से बाहर आया तो तीनों गाली देने लगे। जब विकास ने गाली देने से रोका तो विक्की ने तमंचे से विकास के फायर कर दिया। सचिन और अमर ने विकास पर तलवार से जानलेवा वार किया। विकास के चिल्लाने पर मोहल्ले के संतोष व उमेश, घरवाले आ गए तो तीनों भाग गए। अगले दिन अस्पताल में विकास की मौत हो गयी।

# घर में घुसकर मां-बेटे को पीटा

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज के मथुरापुर गांव में मामूली विवाद में घर में घुसकर एक व्यक्ति ने महिला और उसके बेटे पर चाकू और डंडे से हमला कर दिया। मारपीट में मां बेटे घायल हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ममता कुमारी के मुताबिक बुधवार शाम को गांव का प्रमोद कुमार साहू चाकू और डंडा लेकर घर में घुस आया और उन पर चाकू से हमला कर दिया। उन्हें बचाने पहुंचे बेटे प्रिंस की भी जमकर पिटाई की। इस घटना में प्रिन्स चाकू के हमले में गम्भीर रूप से घायल हो गया, जबकि ममता की हाथ की अंगुली टूट गई।

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास रोड झेरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
मिलने का समय : सायं 5 से 8 बजे तक (नाइस क्लीनिक)
रेलवे फाटक सिसईया रोड, नियर मौर्य एग्री क्लीनिक केन्द्र, फरीदपुर, बरेली
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

# दहेज न मिला तो बीवी को घर से निकालकर किया दूसरा निकाह

• पीड़िता ने कार और अन्य सामान पर कब्जे का भी लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र में दहेज के लिए पति और ससुराल वालों ने महिला को घर से निकाल दिया। इसके बाद पति ने बिना तलाक दिए दूसरा निकाह कर लिया। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जखीरा मोहल्ले निवासी सबा परवीन ने बताया कि साल 2019 में उनका निकाह मोहल्ले के ही जीशान उर्फ शालू के साथ हुआ था। शादी में 35 लाख खर्च करने के बाद भी जीशान के परिजन दहेज की मांग करते रहे। आरोपियों ने प्रताड़ित करके 18 अक्टूबर 2020 को घर से निकाल दिया। जीशान ने बिना तलाक दिए मोहल्ला भूड़ पटे की बजरिया थाना प्रेमनगर की नजमा अंसारी की बेटी से दो फरवरी 2024 को निकाह कर लिया। दूसरे विवाह में नजमा, जसोली मोहल्ले की शकीला, मोहम्मद मियां, राशिद मियां, जीशान के पिता मोहम्मद अनीस, मां अफसाना की साजिश रहीं। वह 20 फरवरी को ससुराल में अपना सामान और कार लेने गईं तो आरोपियों ने उनके और पिता के साथ मारपीट की।

# साउथ रेलवे कॉलोनी में धर्म स्थल हटाने पहुंची टीम खाली हाथ लौटी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन और उसके आसपास विकास कार्यों में अतिक्रमण बाधा बन रहा है। सुभाषनगर साइड में सड़क चौड़ी करने के लिए गुरुवार को रेलवे की टीम धर्मस्थल हटाने के लिए पहुंची लेकिन उसे खाली हाथ वापस आना पड़ा। आरपीएफ बरेली जंक्शन से इंजीनियरिंग विभाग ने रेलवे कालोनी में अवैध कब्जा हटाने के लिए मदद मांगी थी। जिसके बाद इंजीनियरिंग विभाग के साथ आरपीएफ ने अपना स्टाफ भेजा, लेकिन आरपीएफ निरीक्षक को पता चला कि साउथ रेलवे कालोनी में जिस स्थान से अवैध कब्जा हटाना है, वह एक धर्म स्थल है, इसलिए आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक ने अपनी टीम को वापस बुला लिया। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पूरे मामले में अब संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस से मदद ली जाएगी, ताकि किसी प्रकार का विवाद नहीं हो। उन्होंने बताया कि सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य चमन सिंह और उनका स्टाफ भी मौके पर साथ गया था।

अमृत विचार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज करेन्ट 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र का नाम MOHAMMAD AMAN SAIFI की जगह MOHD. AMAAN SAIFI किया है। भविष्य में उसको इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। नसीम मियां पुत्र बाबू मियां, निवासी मो. मौलवी टोला, जामा मस्जिद के पीछे, बदायूं।

सूचना
सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र का नाम केशव भसीन से बदलकर केशव राज भसीन रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना पहचाना जाये। सचिन भसीन पुत्र स्व. राज कुमार भसीन, निवासी-83ए, माडल टाउन, बरेली।

सूचना
सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र का नाम अर्जुन भसीन से बदलकर अर्जुन राज भसीन रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना पहचाना जाये। सचिन भसीन पुत्र स्व. राज कुमार भसीन, निवासी-83ए, माडल टाउन, बरेली।

सार्वजनिक सूचना
सुदामा पत्नी देवकीनन्दन नि. नझियाई कस्बा व थाना उझानी, बदायूँ से 17.8.2023 को प्रेम पाल कश्यप पुत्र नेम सिंह नि.मो. नसियाई कस्बा व थाना उझानी, जिला बदायूँ ने मुख्त्यारनामा आम को धोखा देकर कराया था जिसको मैंने 12.2.2024 को निरस्त करा दिया है। भविष्य में मेरी कृषि भूमि, दुकानों के सम्बन्ध में प्रेम पाल कश्यप से किया गया लेन-देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना
मैंने अपने पुत्र धीरज कश्यप को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण परेशान होकर सभी सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपने समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। जितेन्द्र कुमार पुत्र दया राम, निवासी-160, स्टेट बैंक गली, स्लीपर रोड, पानी की टंकी के पास, सी.बी. गंज, बरेली

सूचना
हमने अपने पुत्र सूर्य प्रकाश को उसके गलत चाल-चलन, आचरण, व्यवहार के कारण समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर, सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य मे अपने कृत्य, लेन-देन आदि का स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा वास्ता न होगा। चन्द्र सेन पुत्र भूप राम, हरवती देवी पत्नी चन्द्र सेन, निवासी-ग्राम मिलक पिछौड़ा, कचनारी, थाना-नवाबगंज, बरेली।

ANUBIS INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
MEERGANJ, BAREILLY
PRINCIPAL AND TUTORS for A.N.M, G.N.M and D.Pharm courses.
Head Office -
SRCS ITI C.B. Ganj, Bareilly
Mob:.- 7351230055, 7351230066
Email - anubisinstitute@gmail.com
INTERVIEW 3 MARCH 2024

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र/प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0607461 वर्ष 2002 व इण्टरमीडिएट अंकपत्र प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0268889 वर्ष 2004 तथा बी.ए. प्रथम वर्ष अनुक्रमांक 456025 वर्ष 2005 एवं बी.ए. द्वितीय वर्ष अनुक्रमांक 160906 वर्ष 2006 बी.ए. तृतीय वर्ष अनुक्रमांक 446636 वर्ष 2007 एवं पीजीडीसीए अंकपत्र व डिप्लोमा वर्ष 2010 प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 1060018 वास्तव में खो गये हैं। अवधेश कुमार पुत्र सुरेश चन्द नि. ग्राम खलसा (अब्दालपुर अलबेला) तह. जलालाबाद जिला शाहजहांपुर मो. 9621897718

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### अनुसूचित जाति की युवती को ले गया युवक

**हाफिजगंज, अमृत विचार** : हाफिजगंज के एक गांव के अनुसूचित जाति के युवक ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि 25 फरवरी को परिवार के सभी लोग मजदूरी करने गए थे और घर पर उसकी बेटी अकेली थी। मजदूरी कर लौटे तो बेटी घर पर नही थी। जानकारी करने पर पता चला कि उसे नरई नौवानगला का एक युवक अपने साथियों के सहयोग से बहला फुसलाकर ले गया। आरोप है कि जब उसने आरोपी युवक के घर जाकर बेटी के बारे में जानकारी की तो उसके पिता ने जाति सूचक शब्दों के साथ गालियां देते हुए कहा कि तेरी बेटी अब तुझे नहीं मिलेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सेवानिवृत्ति पर रेंजर को साथियों ने दी विदाई

**बहेड़, अमृत विचार** : वन विभाग के स्थानीय रेंज आफिस में तैनात रेंजर रवींद्र कुमार सक्सेना गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके साथियों ने उनके लिए विदाई समारोह का आयोजन किया ।इस दौरान डीएफओ आफिस से पहुंचे कर्मचारियों समेत सभी ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया, साथ ही उन्हें गीता पुस्तक भेंट की गई। इस मौके पर नवागत रेंजर वैभव चौधरी का भी स्वागत हुआ। इसके बाद उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर रेंजर मीरगंज, संतोष कुमार, प्रदीप वर्मा, भारत भूषण भट्ट, बलवंत सिंह, रमेश शुक्ला, राजीव गुप्ता, नवीन चंद समेत अन्य रहे।

# बीडीसी की बैठक में एक करोड़ के विकास कार्यों पर लगी मुहर

## बैठक से गैरहाजिर रहने वाले चार विभागों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास

संवाददाता, क्योलड़िया

**अमृत विचार** : भदपुरा ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एक करोड़ से विकास कार्य कराए जाने पर मुहर लगी।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत राज विभाग, पशुपालन विभाग आदि से संबंधित विभाग के अधिकारियों ने अपने विभागों के बारे में ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को जानकारी दी। बैठक में नदारत रहने वाले पूर्ति विभाग बाल विकास परियोजना विभाग सहकारिता विभाग समाज कल्याण विभाग के विरुद्ध सदन में निंदा प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में सांसद संतोष गंगवार ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार की उपलब्धियां बताई, इसके साथ ही भदपुरा ब्लॉक जो अति पिछड़ा ब्लॉक था आज नंबर वन ब्लॉक है इसके लिए ब्लॉक प्रमुख को बधाई दी। बैठक में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने भदपुरा ब्लॉक को उत्तम ब्लॉक बनाने की बधाई दी, इसके साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक में छुट्टा पशुओं का मुद्दा उठा ब्लॉक प्रमुख पति रवि शंकर गंगवार ने बताया कि 79 ग्राम पंचायत में से अब तक 70 ग्राम पंचायत में 7 करोड़ से अधिक के विकास कार्य कराए जा चुके हैं इनमें नाली खड़ंजा सीसी रोड पुलिया आदि बनाई गई है। गुरुवार को हुई बैठक में एक करोड़ के प्रस्ताव पास किए गए हैं, इससे बाकी बचे ग्राम पंचायतों में सीसी पुलिया खड़ंजा नाली आदि का निर्माण किया जाएगा। बैठक में चार अधिकारियों को ब्लॉक रत्न से सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी विवेक शर्मा स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर योगेश जाखड़, विकास विभाग से खंड विकास अधिकारी भगवान दास कानून व्यवस्था सुधारने के लिए थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह को ब्लॉक रत्न से सम्मानित किया गया। बैठक में खंड विकास अधिकारी कमल सिंह, एडीओ पंचायत रणजीत सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मोहम्मद मुगीश, खंड शिक्षा अधिकारी विवेक शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



बैठक के दौरान ब्लॉक रत्न का पुरस्कार देते सांसद संतोष गंगवार।

## एसडीएम ने दो बीडीओ और एक एडीओ के खिलाफ एडीएम को भेजी रिपोर्ट

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार:** एग्री स्टैक अभियान को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में दो बीडीओ व एक एडीओ के नहीं पहुंचने से समीक्षा नहीं हो सकी। जिसको लेकर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की और तीनों अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एडीएम को आख्या भेजी है।

एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य ने भेजे पत्र में अवगत कराया कि एग्री स्टैक योजना को लेकर तहसील कार्यालय पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद, रामनगर, मझगवां बीडीओ और एडीओ और कृषि विभाग के कर्मचारियों को बुलाया गया था। समीक्षा बैठक में बीडीओ रामनगर और एडीओ आलमपुर जाफराबाद ही पहुंचे शेष सभी अनुपस्थिति रहे। इस कारण समीक्षा नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि रामनगर में 82 में 20, आलमपुर जाफराबाद में 144 में 63, और मझगवां में 116 में 36 गांवों के सर्वेय संतोष जनक सर्वे कार्य नहीं कर रहे हैं। एसडीएम ने समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने बाले बीडीओ आलमपुर जाफराबाद, मझगवां, एडीओ मझगवां के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एडीएम प्रशासन बरेली को आख्या भेजी है।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर मकान हड़पने की कोशिश

**बरेली, अमृत विचार** : फर्जी दस्तावेज तैयार करके दबंग ने साथियों की मदद से लाखों रुपये की कीमत के मकान पर कब्जा करने की कोशिश की। एसएसपी के निर्देश पर प्रेमनगर पुलिस ने आरोपी, उसके बेटे और अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुराना शहर निवासी तहसीन रजा खां के अनुसार उनका एक प्लॉट प्रेमनगर के सुर्खा छावनी क्षेत्र में है। उन्होंने साल 2020 में प्लॉट खरीदकर मकान बनवा लिया। किला के साहूकारा क्षेत्र में रहने वाले विष्णु अग्रवाल, उनके बेटे सचित अग्रवाल और अन्य परिजनों ने उनके मकान पर कब्जा करने की कोशिश के लिए फर्जी कागजात तैयार करा लिए। अब आरोपी उन्हें असली बताकर इस्तेमाल कर रहे हैं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। आरोप है कि विष्णु लाला ने अवैध रूप से संपत्ति अर्जित कर ली है। एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने विष्णु अग्रवाल, संचित अग्रवाल समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप

### राजेश कुमारी यादव को मिला उत्कृष्ट शिक्षा सम्मान




**फरीदपुर, अमृत विचार** : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आईसीटी प्रशिक्षण शिविर में बुधवार को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डायट प्राचार्य कल्पना सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को एमएस ऑफिस, वीडियो मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, एनीमेटेड वीडियो, ऑनलाइन क्वीज बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण नोडल डॉक्टर फेहमिना ने बताया कि प्रशिक्षण के दो बैच पूर्ण हो चुके हैं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में राजेश कुमारी यादव और अन्य लोग रहे।

### युवा चौपाल में प्रधानमंत्री की नीतियों को बताया

**बहेड़ी, अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की ओर से जारी गतिविधियों के क्रम में गुरुवार को आरएसएस कार्यालय तथा मोहल्ला गौंटिया सिंह में युवा चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों पर चर्चा की गई। जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में आए लोगों का मार्गदर्शन किया। युवा मोर्चा के जिला महामंत्री ऋषभ बेनीवाल ने युवाओं को संबोधित करते हुए अपने अपने बूथ को अधिक से अधिक मजबूत बनाने की अपील की। कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं पालिकाध्यक्ष रश्मि जायसवाल का महिलाओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर हेमंत, सुनील रस्तोगी, अक्षय मंगलम, शक्ति गुप्ता, नरेश शर्मा, जितेंद्र सक्सेना सभासद ओमप्रकाश, परवेंद्र आदि के अलावा तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।

### बीएसए ने प्राथमिक शिक्षा केंद्र का किया निरीक्षण




**शेरगढ़, अमृत विचार** : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने प्राथमिक विद्यालय डेलपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश स्तरीय खेलों में प्रतिभाग करने वाली कक्षा 5 की छात्रा निकिता से चर्चा कर उसके प्रदर्शन को सराहा। उन्होंने डेलपुर में आयोजित समेकित शिक्षा के अंतर्गत नोडल शिक्षकों के 10 दिवसीय प्रशिक्षण की हकीकत भी परखी। शिक्षकों से दिव्यांग बच्चों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि प्रशिक्षु शिक्षक विद्यालयों में जाकर दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक उत्थान में सहयोगी बनें। उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस मौके पर प्रसून गंगवार, देवेश गंगवार, राजीव सिंह, संजीव कुमार, मोहसिन खान, राम प्रकाश शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### लोगों को साइबर ठगी से बचने का तरीका बताया

**देवरनियां, अमृत विचार** : वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत "अभियान करो सही शुरुआत बानो फाइनेंशियल स्मार्ट" के अंतर्गत मनी वॉइस सीलएफ दमखोदा ने बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक कुंडरा कोठी पर शिविर लगाकर भारतीय रिजर्व बैंक, वित्तीय समावेशन और विकास विभाग लखनऊ की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान बचत और कंपाउंडिंग की शक्ति, छात्रों के लिए बैंकिंग आवश्यकताएं डिजिटल और साइबर स्वच्छता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राहकों को साइबर सेल की ओर से की जा रही ठगी के बारे में बताया, कैसे उनसे बचे। इस दौरान बैंक मैनेजर अनुराग शुक्ला, सुमित कुमार, हिंदेश, बिलाल हुसैन, चंद्रहास आदि मौजूद रहे।

### प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित




**आंवला, अमृत विचार** : डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में रसायन विज्ञान, गणित एवं भौतिक विज्ञान विषय की विभागीय प्रतियोगिताएं हुई। रसायन विज्ञान की पोस्टर प्रतियोगिता में निखिल माहेश्वरी प्रथम, अभिषेक माहेश्वरी द्वितीय एवं सतेन्द्र कुमार और अपूर्वा सक्सेना संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में उमेमा रेहान प्रथम, श्रद्धा सक्सेना द्वितीय एवं आन्ये जाफरी और खुशी गुप्ता संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। गणित विभाग की पोस्टर प्रतियोगिता में निखिल माहेश्वरी प्रथम, अभिषेक माहेश्वरी द्वितीय और संजीव मौर्य तृतीय स्थान पर रहे। क्विज प्रतियोगिता में अभिषेक माहेश्वरी प्रथम, श्रद्धा सक्सेना द्वितीय एवं राहुल तृतीय स्थान पर रहे। भौतिक विज्ञान की पोस्टर प्रतियोगिता में अभिषेक माहेश्वरी प्रथम, राहुल द्वितीय एवं संजीव मौर्य तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एमपीसिंह, डॉ. एकता सिंह, प्रो. सचिन अग्रवाल, प्रो. देवीशरण आदि मौजूद रहे।

### दुकान में तोड़फोड़ और नकदी लूटने की शिकायत

**मीरगंज, अमृत विचार** : एक महिला ने गुरुवार को एसएसपी से मिलकर गांव के कुछ लोगों पर दुकान में घुसकर तोड़फोड करने सामान और नकदी लूटने का आरोप लगाकर शिकायत की। पीड़िता उर्मिला देवी ने बताया कि वह कपूरपुर गांव में परचूनी की दुकान चलाती हैं। 24 फरवरी को गांव के चार पांच लोग उसकी दुकान में सौदा लेने आये, जब उसने सामान के रुपये मांगे तो वे नाराज हो गए और दुकान में घुसकर मारपीट करने लगे, दुकान में रखी सामान को तोड़कर नुकसान किया। महिला के शोर मचाने पर पड़ोसी आ गए तो आरोपी दुकान से सामान और दस हजार रुपये नकद लेकर भाग गए। जाते हुए कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे गए। महिला ने थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद महिला ने गुरुवार को एसएसपी से मिलकर शिकायत कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

### विशेष शिविर में दी चिपको आंदोलन की प्रस्तुति



**नवाबगंज, अमृत विचार** : गंगाशील महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवियों ने चिपको आन्दोलन पर प्रस्तुति दी। विशिष्ट अतिथि रोहित राकेश ने सभी स्वयंसेवियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थी जीवन में केवल शिक्षा ग्रहण करना ही हमारा परम कर्तव्य है जिसका निर्वहन करके हम राष्ट्र निर्माण करने तथा राष्ट्र को विकसित बनाने में अपना योगदान कर सकते हैं। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. दुरेश चन्द ने शिविर में जो सीखा उसे अपने जीवन में उतारने के लिए स्वयंसेवियों को प्रेरित किया। विधायक डॉ. एमपी. आर्य ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम शहर और गांव के बीच की खाई को कम करते हैं और सरकार द्वारा संचालित योजनाएं घर-घर तक पहुंचती हैं।

### चौपाल में युवाओं को चार सौ पार का संकल्प दिलाया



**बरेली, अमृत विचार** : भाजपा युवा मोर्चा की महानगर, आंवला और बरेली इकाइयों के संयुक्त प्रयास से गुरुवार शाम लोट्स कॉलेज में युवा चौपाल का आयोजन हुआ। इस मौके पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त ने भाजपा की ओर से चार सौ से अधिक सीटें निकालने के संकल्प के बारे में बताते हुए युवाओं के साथ चर्चा की। उन्होंने युवाओं को चार सौ पार का संकल्प दिलाया। प्रदेश अध्यक्ष को गदा भेंट की गई। क्षेत्रीय महामंत्री रुद्र लक्ष्मीकांत अवस्थी, महानगर अध्यक्ष अमन सक्सेना, जिलाध्यक्ष आंवला राजू उपाध्याय, जिलाध्यक्ष बरेली मुकेश राजपूत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### काम दिलाने के बहाने विधवा का किया शोषण

**गुलड़िया, अमृत विचार** : एक युवक ने एक विधवा महिला को काम दिलाने के बहाने बुलाकर उसे नशीला पदार्थ खाने में देकर काफी समय तक दुष्कर्म किया। एक दिन महिला ने उसे नशीला पदार्थ मिलाते देख लिया तो उसने खाने से इंकार किया तो आरोपी ने उसे धमकी दी कि कही शिकायत की तो तेरे अश्लील वीडियो वायरल कर दूंगा ।परेशान होकर महिला ने गुरुवार को आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस को दी हुई तहरीर में पीड़िता ने बताया कि उसके पति सड़क हादसे में दो साल पहले घायल हो गए थे, उनके इलाज में पूरी जमा पूजी खत्म हो गई, इसके बाद भी उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इसके बाद उसे बच्चों के भरण पोषण के लिए मजदूरी करनी पड़ी। उसे काम दिलाने के बहाने गांव के ही एक युवक ने जयपुर बुलाया, वहां पर उसे नशीला पदार्थ देकर उसका शोषण किया। जानकारी होने पर जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसके अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि उसने उसकी हत्या की कोशिश की तो वह वहां से जान बचाकर भाग आई और गुरुवार को सिरौली पुलिस से शिकायत करके आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई हैं।

# ट्रक पलटने से लखनऊ हाईवे जाम


हाईवे पर गन्ना लदा ट्रक पलटने से जाम में फंसे वाहन चालक। ● अमृत विचार

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार** : नेशनल हाईवे 30 पर गन्ने का ओवर लोड ट्रक पलट जाने से वाहनों की लगी लंबी कतारें लग गई। इस दौरान लगभग एक घंटे तक जाम के हालात बने रहे।

मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन मंगाकर ट्रक को साइड से कर दूसरे ट्रक में सड़क पर पड़े गन्ने को लोड कराकर यातायात सुचारू कराया गया। द्वारकेश चीनी मिल को गन्ना लेकर जा रहा ट्रक नगर के बीसलपुर रोड गुड्डू भड़ठे के आगे निकलते ही ट्रक रोड पर पलट गया जिसे वाहनों की दोनों तरफ लंबी कतारें लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन मंगाकर ट्रक को हटाकर यातायात सुचारु कराया। इस दौरान करीब एक घंटे तक हाईवे के दोनों लेन पर वाहन चालक जाम में फंसे रहे, ट्रक के हटाए जाने के बाद चालकों ने राहत की सांस ली।


सड़क पर फैले गन्ने को दूसरे ट्रक में लोड कराती पुलिस। ● अमृत विचार

## कंपोस्ट मशीन का किया लोकार्पण



**बहेड़ी, अमृत विचार** : कचरे को प्राकृतिक रूप में खाद में तब्दील करने में महीनों का समय लग जाता था। अब आटोमेटिक जैविक मशीनों के जरिए इस काम को हाथों हाथ किया जा सकता है।

गुरुवार को पालिकाध्यक्ष रश्मि जायसवाल ने स्वचालित मशीन का फीटा काटकर नगरवासियों को समर्पित किया। घरों से निकलने वाले कचरे और सूखी पत्तियों को यह मशीन हाथों हाथ खाद में बदलेगी अधिशासी अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कर्मचारी मशीन को कायदे से आपरेट कर सकें, इसके लिए कंपनी के एक्सपर्ट को बुलाकर प्रशिक्षित कराया जाएगा। मशीन की कीमत 30 लाख रुपये बताई गई है।

पालिकाध्यक्ष ने बताया कि आज के समय में हर किसान के लिए कंपोस्ट खाद की आवश्यकता है। नई मशीन से खाद का उत्पादन करने के बाद पालिका की आय में वृद्धि होगी। वृहद स्तर पर उत्पादन होने की सूरत में बोर्ड की बैठक में यह तय किया जाएगा कि खाद का प्रबंधन किस तरह किया जाएगा। कचरा इकट्ठा करने के लिए अगर किसी संस्था को हायर किया जाता है तो पूर्व की तरह विवाद की स्थिति पनप सकती है, क्योंकि कुछ लोग मामूली चार्ज भी नहीं दे पाते।

## ग्रामीणों को सरकार की योजनाएं बताईं

**मीरगंज, अमृत विचार :** मुक्ता प्रसाद डिग्री कॉलेज शाही में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन हुआ।इस अवसर पर स्वयंसेवक और स्वयं सेविकाओं ने कनुनगला गांव में जाकर एक गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर दिनेश गंगवार और अध्यक्षा प्रमिला गंगवार ने अपने विचार रखे । प्राचार्य डॉ. महेश पाण्डेय, राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉक्टर शबाब मियां , बनवारी लाल , लवप्रीत सिंह ने स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविका के कार्यों की सराहना की।

# रोडवेज बस के चालक-परिचालक को पीटा

- बाइक आगे लगाकर बस रोकने के बाद दबंगों ने की मारपीट
- परिचालक से रुपये छीनने की कोशिश, यात्रियों को भी पीटा

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** नगर के कुछ लड़कों ने एक रोडवेज बस के आगे बाइक लगाकर चालक और परिचालक से मारपीट की, जिससे दोनों चोटिल हो गए। चालक ने बैग से कैश लूटने के प्रयास समेत विभिन्न आरोप लगाकर पुलिस को शिकायत दी है।

नई बस्ती हाथी वाली मस्जिद कस्बा बिसौली जनपद बदायूं निवासी आसिफ अली ने बताया कि वह रोडवेज बस चलाता है। गुरुवार को वह बस लेकर बरेली से आंवला होते हुए चंदौसी जा रहा था। दोपहर करीब 2 बजे आंवला नगर में यादवों वाली पुलिया के समीप बाइक से आए 7 लड़कों ने अपनी बाइक बस के आगे लगा दी और गालियां देने लगे। विरोध करने पर चालक-परिचालक से मारपीट की, आरोपियों ने परिचालक के बैग से रुपये लूटने की कोशिश की। सवारियों को भी मारापीटा। चालक ने कार्रवाई की मांग कर पुलिस को तहरीर दी। वहीं इंस्पेक्टर आंवला राजकुमार शर्मा ने बताया कि नगर के मोहल्ला ताड़गंज निवासी संजय यादव, मेहंदी हसन, राहुल यादव और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।


थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे मारपीट के शिकार चालक-परिचालक।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084
डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

हिंसाबबलमसाधूनां राज्ञा दण्डविधिर्बलम्।
शुश्रुषा तु बलं स्त्रीणां क्षमा गुणवतां बलम्॥

हिंसा दुष्ट लोगों का बल है, दंडित करना राजा का बल है, सेवा करना स्त्रियों का बल है और क्षमाशीलता गुणवानों का बल है।

## संपादकीय

# संदेशखाली और राजनीति

पश्चिम बंगाल की राजनीति में संदेशखाली का विवाद राष्ट्रीय आक्रोश का मुद्दा बना हुआ है। पिछले पखवाड़े तृणमूल कांग्रेस सरकार को संदेशखाली में हुई घटनाओं से असंवेदनशील तरीके से निपटने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। तृणमूल कांग्रेस भाजपा पर मामले को तूल देने के आरोप लगाती रही है, वहीं भाजपा अपराधियों को बचाने के आरोप सत्तारूढ़ दल पर लगा रही है। दरअसल एक अनाज घोटाले में ईडी की कार्रवाई पर टीएमसी कार्यकर्ताओं के प्रतिरोध और उसके बाद ईडी अधिकारियों पर हमले के बाद संदेशखाली में नए-नए खुलासे होते रहे हैं। हिंसा व दबंगई के लिए कुख्यात इलाके में दबंग राजनेताओं द्वारा जमीन कब्जाने और आदिवासी महिलाओं के शोषण के मामले उजागर हुए। 8 फरवरी से स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शाहजहां शेख और उसके लोग महिलाओं का यौन शोषण करते थे। आखिरकार संदेशखाली कांड के मुख्य आरोपी शेख शाहजहां को 55 दिन बाद बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके करीबी अमीर अली गाजी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

टीएमसी की ओर से शुरूआत में यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि शाहजहां सामाजिक कार्यकर्ता था जिसे प्रवर्तन निदेशालय और भाजपा द्वारा गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा था। मुख्यमंत्री के वफादारों ने जोर देकर कहा कि टीएमसी नेताओं के चरित्र पर कोई दाग नहीं है। यहां तक कि छेड़छाड़ और बलात्कार के आरोप लगाने वालों से वीडियोग्राफिक सबूत पेश करने को कहा गया। मांग की गई कि शाहजहां और उसके गुर्गों के खिलाफ आरोप लगाने वाली महिलाएं अपना चेहरा दिखाएं ताकि साबित हो सके कि वे स्थानीय थीं, बाहरी नहीं। लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, यह स्वाभाविक है कि ममता बनर्जी अपना ध्यान संदेशखाली से और विशेष रूप से स्थानीय टीएमसी नेताओं द्वारा महिलाओं के शोषण से, वह भी पार्टी कार्यालय के अंदर से हटाना चाहेंगी। संदेशखाली के प्रतिकूल प्रभावों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री जवाबी कार्रवाई के अपने आजमाए और परखे हुए तरीकों पर भरोसा करती नजर आ रही हैं। सबसे पहले, उन्होंने लक्ष्मीर भंडार योजना के तहत महिलाओं को भुगतान दोगुना करने सहित कई अतिरिक्त कल्याणकारी लाभों की घोषणा की। राजनीतिक संरक्षण में अपराधियों का फलना-फूलना किसी भी समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही है। जबकि संगीन अपराध के मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय वास्तविक अपराधियों को दंडित कराना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय दिलाने में तत्परता दिखानी चाहिए।

# गंगा नदी का अस्तित्व खतरे में



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मार्च 2023 में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 94 जगहों से गंगा जल की जांच कराई थी जिसमें पाया गया कि अधिकांश स्थानों पर गंगा का पानी पीने योग्य क्या, नहाने लायक भी नहीं रह गया है। शहर के सीवरेज ने गंगा जल की ऐसी दुर्दशा कर दी है कि गंगा के पानी को फिल्टर तक नहीं किया जा सकता है। पिछले दो वर्षों में पटना के घाटों पर गंगा जल का प्रदूषण 10 गुना अधिक हो गया है। पानी के प्रदूषण, घटते जल स्तर, निरंतर कम होते नदी पाट, सिल्टों के जमाव से नदी सिमट रही है। स्वाभाविक रूप से गंगा नदी धीरे-धीरे मृतप्राय होने की स्थिति में आ रही है।

आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है। लगभग दो दशकों से गर्मियों के सीजन में गंगा के पानी के स्तर में निरंतर कमी देखी जा रही है। मई महीने में प्रयागराज के पास फाफामऊ में गंगा के पानी का स्तर इतना कम हो जाता है कि लोग इसे आसानी से पैदल ही पार कर सकते थे।

वर्ष 1999 से 2013 के बीच गर्मी के सीजन में गंगा के पानी में प्रत्येक साल 0.5 से 38.1 सेमी तक की कमी दर्ज की गई है। शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि अगले तीस वर्षों तक गंगा में भूजल का हिस्सा लगातार घटता रहेगा। यह सिलसिला जारी रहने की स्थिति में नदी के पर्यावरण पर तो बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ही, गंगा की घाटी में रहने वालों के सामने भोजन का गंभीर संकट भी पैदा हो सकता है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने वर्ष 1958 से लेकर वर्ष 1972 के बीच गंगा बेसिन की गुप्त तरीके से लगभग आठ हजार सैटेलाइट तस्वीरें ली थीं, जो वर्ष 2018 में पब्लिक की गई। उस समय की तस्वीरों के साथ आज के तस्वीरों के विश्लेषण से पता चलता है कि गंगा नदी ने अपना रंग, रूप और रास्ता अनेक स्थानों पर बदल लिया है। गंगा के बड़े- बड़े और चौड़े बहाव क्षेत्र अब पतली शाखाओं में बदल गए हैं। वर्ष 1965 में हरिद्वार में गंगा नदी

आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है।

की मुख्य धारा की लंबाई 3.63 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 6.67 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन नदी का बहाव रोकने वाला किनारा 17.85 वर्ग किलोमीटर से घटकर 7.07 वर्ग किलोमीटर हो गया है। 1965 में बिजनौर में गंगा नदी की मुख्य धारा की लंबाई 15 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 19 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है। कानपुर में गंगा नदी की लंबाई 1965 में 15.5 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 17.63 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन कछार का इलाका तेजी से घट गया है। यह 20.62 वर्ग किलोमीटर से घटकर 4.98 वर्ग किलोमीटर हो चुका है। 1976 में प्रयागराज में नदी का कुल क्षेत्रफल 43.88 वर्ग किलोमीटर था, जो अब घटकर 19.02 वर्ग किलोमीटर हो गया है। भागलपुर में गंगा नदी की कई शाखाएं थीं, लेकिन मुख्य धारा काफी ज्यादा चौड़ा है। यहां पर मुख्य धारा की लंबाई 40 वर्ग किलोमीटर थी, जो बढ़कर 45 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है यानी चौड़ाई कम होती जा रही है, नदी की लंबाई बढ़ती जा रही है। फरक्का में नदी की मुख्य धारा की लंबाई में काफी ज्यादा अंतर आया है। यह पहले 43.34 वर्ग किलोमीटर था, जो अब बढ़कर 56.85 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड के अनुसार गंगा में डॉल्फिन की संख्या 1980 के दशक के 5,000 से घट कर अब 1,800 पर आ पहुंची है। शुद्ध गंगा नदी के पानी की कमी घनी आबादी वाले उत्तरी भारतीय मैदानों की घरेलू जल आपूर्ति, सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकताओं, नदी परिवहन, पारिस्थितिकी आदि को खतरे में डाल सकती है। नदी के पानी में कमी का खाद्य उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जो इस क्षेत्र में रहने वाली 100 मिलियन से अधिक आबादी के लिए खतरे का संकेत है। नदी का जल स्तर इस तरह घट रहा है कि हाल में गंगा नदी शुरू की गई क्रूज सेवा एक जगह कम पानी होने के कारण तथा सिल्ट होने के कारण कई दिनों तक एक ही जगह खड़ी रही। रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी में गंगा नदी घाट से लगभग सात से दस फीट अंदर की ओर खिसक गई है। यहां गंगाजल का स्तर पूर्व से लगभग छह फीट नीचे गिर गया है। जाहिर है आज गंगा गंभीर संकट से गुजर रही है।

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है। गंगा को इस विकट स्थिति में पहुंचाने के पीछे शहरों के सीवरों का गंदा पानी, प्लास्टिक थैलियों का निस्तारण, उद्योगों से निकला रासायनिक कचरा, डैम और बैराज का निर्माण, लाशों को जलाना आदि जिम्मेदार है। हिमालय में चीन द्वारा निर्मित विभिन्न डैम परियोजनाओं का असर भी गंगा के जल स्तर पर पड़ रहा है। हिमालयी क्षेत्र में अनियंत्रित और अनियोजित विकास जिम्मेदार है। गंगा प्रदूषण से जैव विविधता पर खतरा उत्पन्न हो गया है जिससे कई जलीय जीव और पर्यावरणीय पदार्थों का अस्तित्व ही समाप्ति के कगार पर है। हरिद्वार में गंगा नदी से पत्थरों को निर्माण कार्य के लिए अवैध रूप से निकाला जा रहा है जिससे गंगा के तटबंधों को नुकसान हो रहा है। पर्यावरण को हो रही क्षति का आंकलन किए बिना उत्तरकाशी, अलखनंदा और भागीरथी नदी पर अनियोजित डैम के निर्माण से गंगा का प्राकृतिक प्रवाह प्रभावित हो रहा है।

कोलकाता में लगभग 26 सीवरों का पानी बिना शोधित हुए गंगा में प्रवाहित हो रहा है। बिहार के भागलपुर में सिंचाई बैराज और प्रदूषण ने गंगा के इको सिस्टम प्रभावित कर दिया है। नदी किनारे स्थित शहरों के सीवर से निकला गंदा पानी नदी को सबसे ज्यादा प्रदूषित कर रहा है। गंगा नदी की सफाई के लिए वर्ष 1985 में पंद्रह वर्षीय गंगा एक्शन प्लान को वाराणसी में लांच किया गया था जिसमें वर्ष 2000 तक गंगा को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त करने का लक्ष्य था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार गंगा एक्शन प्लान के अंतर्गत अब तक 36 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन 38 वर्ष के बाद भी गंगा को प्रदूषण की समस्या से छुटकारा नहीं मिला है। निश्चित रूप से इसके लिए सरकारों की दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव ही जिम्मेदार है। वर्ष 2009 में बनी नेशनल गंगा रीवर बेसीन अथारिटी का लक्ष्य था कि वर्ष 2020 तक गंगा को प्रदूषण मुक्त कर इसे संरक्षित करना। मिशन क्लीन गंगा प्रोग्राम के पहले चरण में शहरों में घरों और उद्योगों से निकलने वाले गंदे पानी और कचरे को साफ करने पर ध्यान दिया जाना था।

गंगा के प्रदूषण में लगभग 35 प्रतिशत जिम्मेदार राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के सीवरों की निगरानी की जानी थी। गंगा संरक्षण के लिए गंगा नॉलेज सेंटर का गठन किया गया। परंतु 38 वर्षों के प्रयास के बाद भी गंगा में बिना किसी ट्रीटमेंट के 60 प्रतिशत सीवेज की निकासी जारी है। गंगा की स्वच्छता संबंधी पीएम की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय गंगा परिषद भी लगभग निष्क्रिय हो गई है। नमामि गंगे योजना का उद्देश्य गंगा के बिगड़े रंग-रूप को बदलना और प्रदूषण पर रोक लगाना था। वर्ष 2014-15 से लेकर 2020-2021 तक इस नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 30 हजार करोड़ रुपए खर्च कर दिया गया, परंतु स्थिति में बहुत सुधार नहीं हो पाया है।

नदियों के पुनर्जीवित करने का सबसे बड़ा उदाहरण टेम्स नदी है, जो वर्ष 1950 तक पूरी तरह सीवर में बदल गई थी। इसमें ऑक्सीजन की मात्रा लगभग समाप्त हो गई थी जिससे जलीय जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा था। गंभीरता को देखते हुए ब्रिटिश सरकार ने वर्ष 1964 में नदी सफाई अभियान चलाया। इस अभियान को सफलता पूर्वक 1970 के दशक के मध्य तक पूरा कर लिया गया। यदि टेम्स नदी को प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है तो कोई कारण नहीं कि गंगा को स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता है, बस राजनैतिक इच्छाशक्ति एवं सामाजिक सोच बदलने की आवश्यकता है।

## प्रसंगवश

# सामाजिक विवेक और चेतना



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज शब्द सम+अज, सामंजस्य से बना है। समाज शब्द में साथ रहने का भाव निहित है। पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान, सहनशीलता, सामंजस्य आदि का भाव। सभी दिशाओं में समान गतिशीलता। समाज में स्वभाव से ही लोग समता के भाव से परस्पर जुड़े हुए होते हैं। पारस्परिकता तभी दृढ़ हो सकती है, जब समानता का भाव हो। समानता का भाव ही न्याय का आधार है, न्याय न हो तो समाज बिखर जाएगा। न्याय से ही समाज में संतुलन बना रहता है। सामाजिक विवेक और सामंजस्य चेतना न हो तो समाज जीवित रह सकता है? भयावह स्थितियों में भी सामंजस्य और समष्टिचेतना ने हार नहीं मानी? यह सच है कि समाज में संघर्ष सदा चलता रहता है और आगे भी चलता ही रहेगा, किंतु समाज तो समायोजन से ही बना है। संघर्ष सच है, किंतु सामंजस्य उससे बड़ा सच है। धर्म का मूल तत्व समन्वय है, सामंजस्य है, सहिष्णुता है, सत्य, शिव और सुंदर है। समाज और सामाजिकता यदि निर्बल हुई तो वैसे ही नए नए सामाजिक दोष, समस्याएं, विसंगतियां, विषमताएं, अपराध और सामाजिक रोग पैदा होते रहेंगे, जैसे जब शरीर निर्बल होता है तो रोग उसे ग्रस लेते हैं। विचार करना होगा कि इस पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान, सहनशीता, सामंजस्य आदि को कोई क्षति तो नहीं पहुंचा रहा? हमें गहराई से पहचान करनी है, समझना है कि कौन-कौन लोग हैं, जो किसी न किसी सिद्धांत के आवरण में सामाजिक भाव पर चोट कर रहे हैं, समानता के भाव पर चोट कर रहे हैं। समानता के भाव में इतनी बड़ी ताकत है कि उन असभ्य और अर्द्धसभ्य कहे जाने वाले कबीलों में जब उपनिवेशवादी ताकतें पहुंची तो तीर कमानों और पत्थर के हथियारों ने बंदूक और बमों के छक्के छुड़ा दिए थे। जहां विषमता होती हैं, वहां अन्याय होता है, अनीति होती है, अत्याचार होता है और सामाजिकता का भाव वहां कुंठित हो जाता है और तब वहां स्वतंत्रता भी खतरे में पड़ जाती है। राज्य समाज की रक्षा के लिए है। ऐसा न हो कि राज्य के लिए समाज को कमजोर बना दिया जाए। राज्य अपने कर्तव्य को भूल न जाए, इस पर समाज को निरंतर सोचना होगा।

# डिजिटल इंडिया मिशन की ओर अग्रसर भारत



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं।

'न्यू इंडिया' के विचार ने हाल ही के वर्षों में सभी भारतीयों में बहुत अधिक आत्मविश्वास और आशावाद को प्रेरित किया है जिसमें से वैश्विक और क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य में कई मुद्दों पर आत्मविश्वास पूर्ण स्वतंत्र रुख अपनाने की हमारी क्षमता, ओलंपिक सहित सभी खेलों में असाधारण प्रदर्शन दर्ज कराना, और चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर (विश्व के किसी भी देश के द्वारा पहली बार) कामयाबी के साथ चन्द्रयान उतारना जैसे कई महत्वपूर्ण आयामों में से कुछ एक हैं, जो हमें यह विश्वास करने का कारण देते हैं कि अंततः न्यू इंडिया उभर रहा है।

वर्तमान में भारत का आर्थिक रूपांतरण जिसे डिजिटलीकरण द्वारा महत्वपूर्ण रूप से गति प्रदान की गई है, यह न्यू इंडिया का एक और जगमगाता हुआ उदाहरण है, जो विकसित हो रहा है। दुनियाभर के देशों और संगठनों में कोविड के कारण डिजिटल को अपनाने के लिए मजबूर होने से बहुत पहले ही वर्तमान सरकार ने डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजिटल वितरण मॉडल पर सक्रिय रूप से जोर दिया है। डिजिटल इंडिया मिशन 2015 में शुरू किया गया था। भारत सरकार ने न केवल सार्वजनिक कल्याण के लिए, बल्कि डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) के निर्माण में भी क्रांति की शुरुआत की है, जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न घटकों को लाभान्वित करते हुए विकास के लिए भी एक अनूठा मंच प्रदान करता है।

डिजिटलीकरण कृषि, परिवहन, स्वास्थ्य, सेवा और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों को नए व्यवसाय मॉडल की ओर ले जा रहा है, जो सभी मौलिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। यह डिजिटलीकरण हमारी व्यवस्था में खामियों को दूर कर वितरण में अनियमितताओं को कम करता है और अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण को सक्षम बनाता है। जीएसटी के लिए बढ़ता पंजीकरण और जीएसटी संग्रहण में वृद्धि इसकी सफलता को परिलक्षित करता है। व्यापक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में वित्तीय संस्थान और संगठन संभवतः भारतीय 'स्टैक' को सबसे अधिक मजबूती से अपनाने वाले रहे हैं जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है तथा वित्तीय उत्पादों को अपनाने हेतु सुगम बनाया है।

डिजिटलीकरण के बढ़ते अवसरों के जवाब में हम उद्यमों द्वारा विशेष रूप से बीटूसी डोमेन में डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) का व्यापक उपयोग देखते हैं, जो भारत के नागरिकों को प्रदान किए गए व्यापक लाभों को रेखांकित करता है। वास्तव में डिजिटल के लिए सरकार का जोर इतना आकर्षक रहा है कि भारत में अगस्त 2023 के डिजिटल बिजनेस सर्वे में 25 प्रतिशत मध्यम बड़े उद्यमों ने माना कि डिजिटलीकरण की दिशा में सरकार का जोर उनके द्वारा डिजिटल व्यवसाय मॉडल को अपनाने के प्रमुख कारकों में से एक था। इंटरनेट वितरण केंद्र (आईडीसी) एक डिजिटल व्यवसाय को उस रूप में परिभाषित करता है, जहां मूल्य निर्माण डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर आधारित होता है। इसमें कई पहलू शामिल हैं। जैसे आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाएं, ग्राहकों, नागरिकों, आपूर्तिकर्ताओं और भागीदारों के साथ एक संगठन का जुड़ाव तथा कर्मचारियों को आकर्षित एवं प्रबंधित करना तथा उत्पाद सेवाएं और अनुभव प्रदान करना इत्यादि इसमें शामिल है।

आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं। जबकि अन्य 25 प्रतिशत उद्यमों ने डिजिटल एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए पिछले दो वर्षों में मुख्य डिजिटल अधिकारी एवं मुख्य डेटा अधिकारी जैसे नए पद कायम किए हैं। उद्यमों को एहसास है कि डिजिटल व्यवसाय मॉडल, परिचालन क्षमता को आगे बढ़ाने, त्वरित निर्णय लेने तथा प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने में मदद करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण रूप से ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में मदद करते हैं।

85 करोड़ इंटरनेट ग्राहकों 63 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ता सहित 1.1 अरब मोबाइल ग्राहकों के साथ 39.8 करोड़ सोशल मीडिया यूजर के साथ भारत में पहले से ही डिजिटल से जुड़ी आबादी है। यह आबादी डिजिटल -4 को अपना रही है। डिजिलॉकर के 13.7 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। यूपीआई के 30 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता हैं और कोविन ने 1.1 अरब लोगों का पंजीकरण किया है। उद्यमों और उपभोक्ताओं द्वारा डिजिटल को सक्रिय रूप से अपनाने के साथ यह स्पष्ट है कि भारत का डिजिटल की ओर रुख वास्तविक अपरिवर्तनीय और व्यापक है।

## सोशल फोरम

# जलवायु संकट से युवाओं में हताशा



सुशोभित

एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय- जो इन दिनों दुनिया को मथ रहा है, लेकिन हिंदी के गाफ़िल संसार में जिस पर कोई चर्चा नहीं हो रही है- यह है कि आसन्न जलवायु संकट को देखते हुए युवा जोड़ों- चाहे वे विवाहित हों या लिव-इन सहभागी- को संतान उत्पन्न करने का निर्णय लेना चाहिए या नहीं? क्योंकि वे अपने बच्चों को इस बात की गारंटी नहीं दे सकेंगे कि आने वाले 50 सालों में उन्हें जीवन-योग्य पर्यावरण मिल पाएगा।

पश्चिम में यह आंदोलन ज़ोर पकड़ चुका है। 'टाइम' पत्रिका ने हाल ही में इसको रिपोर्ट किया कि जलवायु संकट से युवाओं में हताशा घर कर गई है और वे अपने परिवार को बढ़ाना नहीं चाहते हैं। चीन और जापान के भी युवा संतानोत्पत्ति से कतराने लगे हैं। अगर आप इंगमार बर्गमान या आन्द्रे तारकोव्स्की का सिनेमा देखें तो पाएंगे कि 1960 और 70 के दशक में न्यूक्लियर-वॉर के ख़तरों के कारण भी ऐसी ही मनोदशा यूरोप के लोगों की निर्मित हो गई थी। बर्गमान की एक फिल्म ('वाइल्ड स्ट्रॉबेरीज़') की नायिका इसीलिए मां बनने से इनकार कर देती है। एक अन्य फिल्म ('विंटर लाइट') में एक पुरुष आसन्न सर्वनाश से अवसादग्रस्त होकर आत्महत्या कर लेता है। तारकोव्स्की की फिल्म 'द सैक्रिफ़ाइस' में नायक एटमी-सर्वनाश से अपने बच्चों को होने वाले कष्टों की कल्पना से पूरे समय सिहरता रहता है।

क्या आज जन्म लेने वाले बच्चे 70 वर्षों का अपना जीवनकाल उस तरह से पूरा करेंगे, जैसे हमारे पूर्वजों ने किया था और जैसे शायद हम- यानी उम्र की तीसरी या चौथी दहाई वाले लोग-करने जा रहे हैं- यह इस समय का सबसे बड़ा प्रश्न है।

कहीं ऐसा तो नहीं कि हमारे बच्चे आज से 50 साल बाद हमें कोसें कि हम पृथ्वी की जलवायु संकट संबंधी समस्याओं के बारे में जानते थे, अख़बारों में उस पर लेख आदि छपते थे, लेकिन इसके बावजूद हम उन्हें इस धरती पर लेकर आए और एक यंत्रणापूर्ण जीवन की विरासत सौंप गए? क्या वे अपने माता-पिता को जिम्मेदार अभिभावक समझेंगे?

-फेसबुक वॉल से

# इंदिरा गांधी से मतभेद के बाद विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे मोरारजी भाई



गोपेश मोहन जसवाल
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे, जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए।

भारत रत्न मोरारजी देसाई भाई का जन्म 29 फरवरी, 1896 को हुआ था। मोरारजी भाई को पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-पाकिस्तान' से भी विभूषित किया गया था। मोरारजी भाई अपने जीवन में कुल छब्बीस 29 फरवरी भी नहीं देख पाए कि भगवान को प्यारे हो गए। यह बात दूसरी है कि इस अल्पायु में उन्होंने कुल 99 वसंत अवश्य देख लिए थे। स्वमूत्र चिकित्सा के पक्षधर और भारत में 14 कैरेट के स्वर्णाभूषणों के जन्मदाता, भोजन में अन्न के त्यागी किंतु दूध, मेवे और फलों के अनुरागी, मोरारजी भाई अपनी हठवादिता और गांधीवादी उसूलों (अपने बेटे कांति भाई के कारनामों की अनदेखी करने की कमजोरी को छोड़कर) के लिए प्रसिद्ध हैं।

मोरारजी भाई जब वृहत्तर बंबई प्रांत के मुख्यमंत्री थे तो उनके पास सरकारी कर्मचारी वाहन भत्ते की मांग लेकर गए थे। मोरारजी भाई ने उन्हें टहल कर ऑफिस तक आने-जाने की सलाह दी। जब कर्मचारियों ने घर से ऑफिस की ज़्यादा दूरी का हवाला दिया तो उन्होंने कहा-'कार या मोटर साइकिल-स्कूटर के लिए तो वाहन भत्ता आपको नहीं मिलेगा पर मैं आप सबको सरकार की ओर से मुफ्त साइकिल दिला सकता हूं।' 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद हमारे देश की गिरती हुई अर्थव्यवस्था को सहारा देने की नाकाम कोशिश में मोरारजी भाई ने बदनाम-'गोल्ड कंट्रोल' की नीति लागू की थी। इसके अंतर्गत 22 कैरट के स्वर्ण आभूषणों की जगह 14 कैरट के बदसूरत स्वर्ण आभूषणों ने ले ली थी। हजारों सुनार इस नई अव्यावहारिक नीति के कारण बेरोजगार हो गए थे। उन दिनों हम लोग रायबरेली में रहा करते थे। रायबरेली के एक सुनार रामचंद्र स्वर्णकार का सुनारी का धंधा घाटे में चल रहा था। उसने अपना पुश्तैनी धंधा छोड़कर भुने चने का एक ठेला लगा लिया था। रामचंद्र स्वर्णकार के ठेले पर रखे हुए एक बड़े से बोर्ड पर मोटे-मोटे अक्षरों में उसका अपना नाम अंकित था और साथ में एक सूचना भी दी गई थी-'भुने चने मोरारजी देसाई की कृपा से बने।' 1964 में हमारे पिताजी ने हमारी बहनजी की शादी में मां के घोर विरोध के बावजूद उनके लिए फीकी आभा वाले 14 कैरट के कड़े बनवाए थे, जो कि बहनजी ने अपने जीवन में कभी पहने ही नहीं। इस काले कानून के रद्द किए जाने के बाद मां ने अपनी तरफ से सोना लगाकर बहनजी के इन 14 कैरट वाले कड़ों को 22 कैरट के कड़ों में बदलवाया था। गोल्ड कंट्रोल लागू किए जाने के दिन से मां की और बहन जी की नजरों में ही क्या, हमारी नजरों में भी, मोरारजी भाई खलनायक हो गए थे। 1969 में राष्ट्रपति के चुनाव में मतभेद के बाद मोरारजी भाई इंदिरा गाधी के विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे।

1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे, जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए। हमको देखकर दो आदमी हमारी तरफ लपके तो हम खिसकने लगे, पर यह क्या? उन दोनों ने प्यार से हमको रोका और फिर वो हमको लॉन में बैठे मोरारजी भाई से मिलाने के लिए ले गए। पांच मिनट की इस संक्षिप्त भेंट में मोरारजी भाई द्वारा विद्यार्थियों के नाम संदेश का एक हर्फ भी मुझको याद नहीं है, पर यह याद है कि उनके साथ हमने समोसे, मिठाई और चाय का रसास्वादन किया था। यह बात और है कि मोरारजी भाई का नमक खाकर भी हम कभी उनके सगे न हुए। 1977 से 1979 तक के काल में प्रधानमंत्री के रूप में मोरारजी भाई के ढाई साल बहुत उठा-पटक और रस्साकशी में बीते थे। उनकी परेशानी का सबसे बड़ा सबब थे-1977 के चुनाव में रायबरेली में इंदिरा गांधी को धूल चटाने वाले राज नारायण। वैसे तो अपने निजी जीवन में राजनारायण मोरारजी भाई की स्वमूत्र चिकित्सा के अनुयायी थे, किंतु अपने राजनीतिक जीवन में मोरारजी भाई के अनुशासन का उनमें नामो-निशान तक नहीं था।

राजनारायण ने चौधरी चरण सिंह के साथ मिलकर अपने आराध्य मोरारजी भाई को सिंहासन से उतरवा दिया था। मोरारजी भाई ने राजनीतिक संन्यास में लगभग 16 वर्ष बिताए थे। उनके जीवन में ही कई बार उनके स्वर्गवास का समाचार प्रसारित हुआ था। अंत में जीवन का शतक लगाने से दस महीने पहले ही 10 अप्रैल 1995 को मोरारजी भाई ने विद्यार्थीगण को और कर्मचारीगण को छुट्टी दिलाने के लिए अपनी पारी समाप्ति की घोषणा कर दी। अपनी सनक और अपनी जिद के बावजूद मोरारजी भाई को आज के नेताओं की तुलना में दूध का धुला कहा जा सकता है।

# नहीं मिली ट्यूशन से मुक्ति



अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत सभी राज्यों में लागू कर दी। केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लागू करने के बाद भी छात्रों के बस्ते का बोझ कम नहीं कर सकी। शिक्षाविद और मनोवैज्ञानिक कई बार बस्तों के बोझ को लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं। हमारी पोती अमेरिका में पढ़ती है। कक्षा पांच तक उसे कोई किताब नहीं दी जाती। बस स्कूल में ही क्रिटीविटी सिखाई जाती है। कहानी की दो पुस्तकें घर जाकर पढ़ने को दी जाती हैं ताकि बच्चे की रीडिंग की आदत बढ़े।

भारत का कितना ही महंगा स्कूल हो, कक्षा पांच के बाद छात्र का ट्यूशन पढ़ना उसकी मजबूरी है। घर आकर होमवर्क में दो तीन घंटे लगाने के बाद प्रत्येक विषय के ट्यूशन के लिए उसे एक घंटा देना ही होता है। इस ट्यूशन में आने जाने में भी समय लगता है। पांच ट्यूशन हुए तो पांच घंटे ट्यूशन में लगेंगे। इस शिक्षा ने बच्चे को पढ़ाई के नाम पर मशीन बनाकर रख दिया। उससे बच्चे का मानसिक और शारीरिक विकास रूक गया। इसके लिए सोचने को न सरकार के पास समय है, न शिक्षाविदों के पास। देखने में आ रहा है कि कुछ अभिभावक आईएएस और आईपीएस बनाने की इच्छा और इरादा बच्चे पर लाद देते हैं। काफी बच्चे पढ़ाई का ये दबाव नहीं बर्दाश्त कर पाते। वे डिप्रेशन में चले जाते हैं। कुछ आत्महत्या तक कर लेते हैं।

ऐसे में सरकार को समान शिक्षा नीति बनाने पर भी सोचना होगा। सरकार को शिक्षा नीति में फिर से विचार करने की जरूरत है। जरूरत है ऐसी शिक्षा की जिसमें बच्चे का समुचित विकास हो। छात्र पर बस्ते का बोझ कम से कम हो। स्कूल से आने के बाद के घर पर बच्चे को ट्यूशन की जरूरत ही न महसूस हो।

# सामने आए केडी सिंह बाबू की कोठी के नौ खरीददार, 11 को नीलामी

## एक स्वर से उठाई गई राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



**अमृत विचार :** भारत को हॉकी में ओलंपिक का पहला पदक दिलाने वाले देश के पहले और अंतिम हेल्म्स ट्राफी विजेता बाबू केडी सिंह का जी कोठी में बचपन बीता था वह 11 मार्च को नीलाम हो जाएगी। इस कोठी के 9 खरीदार सामने आए हैं। बोली 5 करोड़ से शुरू होनी है। नीलामी की नोटिस चस्पा कर दी गई है।

अदालत ने संभावित खरीदारों को गुरुवार को कोठी देखने का अवसर प्रदान किया था। कोर्ट के प्रतिनिधि की उपस्थिति में जो खरीदारी के इच्छुक लोग कोठी देखने पहुंचे। इस विशाल कोठी से न केवल बाबू केडी सिंह की यादें जुड़ी हुई है। बल्कि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के समकालीन कवि एवं साहित्यकार उनके बड़े भाई कुंवर राजेंद्र सिंह का बचपन भी इसी कोठी में बीता था। कोठी का निर्माण उनके पिता राय बहादुर रघुनाथ सिंह ने कराया था। उनके 6 पुत्र थे। जिनमें से कुंवर दिग्विजय सिंह यानी बाबू केडी सिंह पांचवें स्थान पर थे। उनके अन्य पांच भाई कुंवर राजेंद्र सिंह कुंवर भूपेंद्र सिंह कुंवर सुखदेव सिंह कुंवर नरेश सिंह तथा कुंवर सुरेश सिंह का परिवार इस कोठी के दावेदारों में शामिल है।

### एक स्वर से उठी राष्ट्रीय स्मारक बनाने की मांग

अब जबकि कोठी की नीलामी तय हो चुकी है जिले के साहित्यकारों समाजसेवियों और राजनितिज्ञों ने एक स्वर से इस कोठी को राष्ट्रीय स्मारक और संग्रहालय बनाए जाने की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर की है।

केडी सिंह बाबू अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में एक बड़ा नाम है। बाराबंकी में भी उनके चाहने वालों की बड़ी संख्या है। 14 वर्ष की अवस्था में देवा मेला के खेल मैदान से अपनी खेल प्रतिभा का परिचय देकर केडी सिंह छा गए थे। उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी माना जाता है।

# जासिम की 11 करोड़ की कुर्क होगी संपत्ति

**बाराबंकी, अमृत विचार :** करीब दो दशक से मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गैंगस्टर के अभियुक्त जासिम की 11 करोड़ से अधिक की संपत्ति पुलिस व प्रशासन की टीम गैंगस्टर की धारा 14(1) के तहत कुर्क करेगी। इसको लेकर जैदपुर और सफदरगंज पुलिस द्वारा भेजी गई आख्या पर जिला मजिस्ट्रेट ने अपनी स्वीकृति दे दी है। शीघ्र ही पुलिस व प्रशासन की टीम सिद्धौर कस्बे में स्थित तस्कर के दो बेशकीमती भूखंड का कुर्क करने की तैयारी कर रही है। बाराबंकी पुलिस द्वारा जिले में संगठित होकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गैंगस्टर एक्ट के तहत इनके द्वारा अपराध से स्वयं एवं परिजनों के नाम पर अर्जित चल/अचल सम्पत्तियों को जिलाधिकारी के आदेश पर जब्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है।

# पतंग का लालच देकर बच्चे को किया अगवा, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, प्रयागराज

- जीवित मिला बालक, सीसीटीवी फुटेज से पकड़ में आया आरोपी

**अमृत विचार :** पतंग का लालच देकर 5 साल के एक बच्चे के साथ आप्राकृतिक दुष्कर्म करने की नियत से अगवा करने के बाद उसकी हत्या का मामला संज्ञान में आया है। मामला करछना थाना के भीरपुर अंतर्गत नीबी गांव का है। जहां एक कुएं में पांच साल के अबोध बालक को पुलिस ने मौत के मुंह से बाहर निकाल उसकी जान बचाई। बालक से पूछताछ के बाद पर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक नैनी के काजीपुर क्षेत्र का एक बच्चा बुधवार की सुबह ग्यारह बजे घर के सामने खेल रहा था। इस बीच वो गायब हो गया। जिसके बाद घरवाले परेशान हो गये। घर के बाहर काफी खोजबीन की गयी लेकिन वह बच्चा नहीं मिला। परिजनों ने नैनी पुलिस से बुधवार को शिकायत की थी। जिसके बाद नैनी इंस्पेक्टर यशपाल सिंह और एसओजी टीम ने यमुनापार में सक्रियता से बच्चे की तलाश शुरू की की। रात भर सर्च आपरेशन चलाया। जिसके बाद बच्चे का सुराग करछना के भीरपुर अंतर्गत नीबी गांव में मिला। टीम ने सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया और साथ में लेकर घटनास्थल पर पहुंच गई। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर बच्चे को सकुशल कुएं से बाहर निकाला और परिजनों को सौप दिया। बच्चे की मां ने बताया कि जिस आरोपी ने बच्चे को अगवा किया था वह पड़ोस में रहने वाली एक रिश्तेदार के घर आया हुआ था। कई दिनों वह बच्चे को पतंग देने का लालच दे रहा था। फिलहाल बच्चा अभी डरा और सहमा हुआ है। डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय ने बताया कि बच्चा ठीक है।

## सार-संक्षेप

### पत्नी से विवाद के बाद फंदा लगाकर दी जान

**रामपुर, अमृत विचार :** दंपती के बीच विवाद के चलते गुरुवार को मजदूर ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहजादनगर थाना क्षेत्र गांव मगरमऊ गांव निवासी भूपराम का परिवार रहा है। बताया कि उनका पुत्र चंद किशोर (32) का पत्नी सरिता से आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद हो जाता रहता था। बुधवार रात भी दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे गुस्से में आए चंद किशोर पेड़ के सहारे रस्सी के फंदे से लटक गया। जिससे उसकी मौत हो गई। चंद किशोर को अमरूद के पेड़ पर लटका देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर आ गए और आनन-फानन पेड़ पर लटके चंद किशोर को नीचे उतारा। किसी ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। हालांकि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

### 14 मार्च को होगा बड़ा आंदोलन : राकेश टिकैत

**बहजोई/संभल, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार से किसानों हित की लड़ाई लड़ी जा रही है। एमएसपी पर कानून बनने के बाद ही किसानों का आंदोलन स्थगित होगा। 14 मार्च को बड़ा आंदोलन संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वाधान में होगा। बहजोई बबराला मार्ग स्थित एक होटल में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का पदाधिकारियों ने फूलमाला पहनकर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि जब तक एमएससी पर सरकार कानून नहीं बना देती है और संयुक्त किसान मोर्चा की मांगों को नहीं मान लेती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों पर अराजक होने का आरोप लगाती है। जबकि सरकार सबसे बड़ी अराजक है। किसानों को बदनाम करने का काम कर कहा जाता है कि किसान चुनाव आते ही अपना आंदोलन शुरू कर देते हैं। किसान 3 साल से एमएसपी पर कानून बनाने को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र की नीतियां एक ही है। देश में इस समय दो तरह के हिंदू हैं एक भारतीय दूसरे नौरंगिया।

### वातानुकूलित बसों में किराए में छूट 31 तक बढ़ी

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में वातानुकूलित बसों में सफर करने के दौरान किराए में मिलने वाली छूट खत्म नही होगी। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह द्वारा सर्दी के दिनों में वातानुकूलित बसों में 10 प्रतिशत कम किराया देकर यात्रा करने की सुविधा उपलब्ध मुहैया कराई थी। जिसे बढ़ाकर अब 31 मार्च तक कर दिया गया है। परिवहन मंत्री ने गुरुवार को बताया कि वातानुकूलित 3×2 बसों का किराया अब 1.47 प्रति किमी प्रति सीट होगा। इसी प्रकार वातानुकूलित 2×2 बसों का किराया 1.74 रूपया, वातानुकूलित शयनयान बसों का किराया 2.33 रूपये एवं वोल्वो (हाई एण्ड) का किराया 2.58 रूपये प्रति किमी प्रति सीट होगा।

### मांगा था वीआरएस, मिल गई नई तैनाती

**लखनऊ, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में प्रशासनिक पदों पर तैनात 62 साल उम्र पूरी कर चुके कुछ डॉक्टरों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) मांगी थी। सरकार ने उनके प्रार्थनापत्र अस्वीकार कर नई जगह तैनात कर दिया। गुरुवार को दो सूचियां जारी कर 33 ऐसे डॉक्टरों की दूर दराज के जिलों में भेजा गया। कई को उनसे जूनियर डॉक्टरों के अधीन तैनाती दी गई है। अधिवर्षता आयु 62 से 65 साल किये जाने के जारी निर्देश में ग्रेड पांच व ऊपर के ग्रेड के चिकित्सकों को अनिवार्य सेवा निवृत्ति दी गई है। साथ ही ग्रेड चार के डॉक्टरों को प्रशासनिक पद से मुक्त रखते हुए चिकित्सकीय सेवाओं में रखने के निर्देश हैं। स्वास्थ्य विभाग में 62 साल की आयु पूरी करने वाले ग्रेड पांच व छह के पांच अधिकारी गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें ग्रेड छह के बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ.अविनाश कुमार सिंह, मेरठ की डॉ.ईश्वर देवी बत्रा व अपर निदेशक डॉ.अर्चना त्यागी, लखनऊ में अपर निदेशक डॉ.संघमित्रा और प्रयागराज में प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य डॉ.अशोक कुमार मिश्रा शामिल हैं।

### रीयल एस्टेट में हो रहा 50 हजार करोड़ का निवेश

लखनऊ, अमृत विचार। हाल ही में संपन्न ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से रीयल एस्टेट सेक्टर में देश और दुनिया के कई बड़े निवेशकों ने अपनी योजनाओं को जमीन पर उतारने की शुरुआत कर दी है। इस सेक्टर में 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स की शुरुआत हो चुकी है। इन प्रोजेक्ट्स के जरिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में युवाओं को बड़े पैमाने पर सेवायोजन का लाभ मिलेगा। सर्वाधिक 14 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर तो अकेले रीयल एस्टेट कंपनी एम3एम ही अपने प्रोजेक्ट के जरिए देने जा रही है। एम3एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने पश्चिमांचल (गौतम बुद्ध नगर) में रेजिडेंशियल, कॉमर्शियल, ऑफिशियल, रिटेल और सर्विस अपार्टमेंट विकसित करने के लिए 7500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस निवेश का उद्देश्य गौतमबुद्धनगर में रीयल एस्टेट सेक्टर को और अधिक बढ़ावा देना है, बल्कि वृहद पैमाने पर रोजगार सृजित करना भी है। माना जा रहा है कि इस निवेश के माध्यम से 14,000 से अधिक नौकरियां सृजित होंगी जो यूपी को रोजगार के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

# सामूहिक विवाह में शादी कर लौट रहे दूल्हे की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दुल्हन को विदा कराके कार में लेकर गए थे परिवार वाले

**अमृत विचार :** सामूहिक विवाह में शादी के बाद दूल्हे के परिजन दुल्हन को कार से ले गए जबकि दूल्हा अपनी मां और दोस्त के साथ बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में उनकी बाइक आलू लदी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। हादसे में दूल्हे की मौके पर मौत हो गई जबकि मां और दोस्त घायल हो गए।

थाना इस्लामनगर के गांव चांदपुर निठाया निवासी जितेंद्र (22) पुत्र जसवंत की शादी गुरुवार को बिसौली के मदन लाल इंटर कॉलेज में सामूहिक विवाह समारोह में गांव जलालपुर निवासी प्रियंका के साथ हुई थी। शादी के बाद परिवार के लोग प्रियंका को कार से घर ले गए जबकि दूल्हा जितेंद्र, अपनी मां अनारकली और साथी धारा सिंह के साथ बाइक से घर जा रहा था। पुलिस चौकी बुध बाजार के पास आलू लदी ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक टकरा गई और ट्रैक्टर में ही फंस गई। ट्रैक्टर जितेंद्र के ऊपर से गुजर कर पलट गया। बिसौली कोतवाल सुनील अहलावत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, घायलों का इलाज चल रहा है।

# अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी का कार्यकाल शासन ने एक साल के लिए बढ़ा दिया है। गुरुवार को जारी नए आदेश के बाद अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक मार्च 2024 से 28 फरवरी 2025 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। 1987 बैच के आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी का कार्यकाल दूसरी बार बढ़ाया गया है। इससे पहले उनका कार्यकाल 1 मार्च 2023 से 29 फरवरी 2024 तक बढ़ा था।

# भावनात्मक रूप से मृत वैवाहिक संबंध को जारी रखना मानसिक क्रूरता: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विवाह विच्छेद के मामले से जुड़ी एक अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि जब विवाह पूरी तरह से अव्यावहारिक और भावनात्मक रूप से मृत हो गया हो तो ऐसे रिश्ते को जारी रखना निश्चित रूप से पीड़ित पर मानसिक क्रूरता मानी जाएगी। भले ही विपक्षी ऐसे भावनात्मक रूप से मृत रिश्ते को जारी रखने पर जोर दे रहा हो। विवाह विच्छेद का कारण शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता, जाति बंधनों का टूटना, आधुनिकीकरण, पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव है। व्यक्तिवादी दृष्टिकोण के कारण भावनात्मक समर्थन की आवश्यकता नहीं हो रही है। प्रेम विवाह हो या अरेंज मैरिज, दोनों पक्षों में अलग रहने की भावना वैवाहिक विवाद का कारण बनती है। जिन मामलों में विवाह केवल नाम मात्र का है, वहां इसे जारी रखने का कोई लाभ नहीं है।

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे अव्यावहारिक वैवाहिक संबंधों को जारी रखना पक्षकारों पर विशेषकर याची पर मानसिक क्रूरता के अलावा कुछ नहीं है। न्यायालय न्याय चाहने वाले वादकारियों के प्रति जवाबदेह होता है। बदलते समय और अनुभव के साथ ऐसी क्रूर सच्चाई से कानून को तालमेल बैठाना पड़ता है। अतः कोर्ट विवाह विच्छेद के मामलों में विपक्षी द्वारा समझौते की कवायद करने के बावजूद अपूरणीय विवाह के साक्ष्य मिलने के बाद याची को तलाक देने के लिए बाध्य हो जाती है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने कर्नल मनोज कुमार गुप्ता की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

### कल्याण साथी एप करेगा अध्यापकों का मूल्यांकन

**लखनऊ।** कल्याण साथी कमांड सेंटर और कल्याण साथी मोबाइल एप से शिक्षकों का मूल्यांकन किया जाएगा। इस एप से पता चलेगा कि शिक्षक किस समय आ रहे और कक्षा में कितना समय छात्रों को दे रहे हैं। मानकों पर खरे न उतरने वाले शिक्षकों को बाहर कर दिखा जाएगा। अभी एप को तकनीकी रूप से विकसित किया जा रहा है इसलिए योजना को धरातल में उतरने में अभी कुछ समय लगेगा। बता दें कि समाज कल्याण निदेशालय की ओर से ग्रामीण क्षेत्र और निर्बल आय वाले परिवारों के मेधावी बच्चों को आईएएस, पीसीएस, इंजीनियरिंग, मेडिकल समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है।

# गांवों को बिजली से रोशन कर रहे हैं गोशाला के नंदी

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** फसलों के लिए मुसीबत बने छुट्टा सांड अब बिजली तैयार करने में लगाए जाएंगे। एमआईईटी के छात्र की मदद से इस पर काम भी शुरू कर दिया गया है। सांडों के जरिये तैयार बिजली से गोशाला और दो गांव रोशन हो रहे हैं। शोधार्थी छात्र का कहना है कि शासन से स्वीकृत मिलते ही प्रदेश की सभी गोशालाओं में सांडों के सहयोग से बिजली तैयार की जाएगी।



कोल्हू के सहारे बिजली तैयार करते गोशाला के नंदी। ● अमृत विचार

हालांकि ये व्यवस्था सदियों पुरानी है। चाहे खेत में इनका प्रयोग उपज के लिए किया जाता रहा है या इनके जरिए कोल्हू चलाकर सरसों व गन्ने की पेराई और पनचक्की चलाई जाती थी। जो भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करते थे। आधुनिकता की दौड़ में पुरातन व्यवस्था व संसाधन से दूर होते गए। आधुनिकता की अंधी दौड़ में जब समस्याओं ने जन्म लिया तो पुरानी और देशी संसाधनों के बलबूते मेरठ निवासी एमआईईटी के शोधार्थी सुशील चौहान ने कोल्हू से बिजली उत्पादन शुरू किया। नया शोध कोल्हू की तरह ही है। इसमें बीच के स्थान पर गेयर बॉक्स को डिजाइन किया गया है।

### एक घंटे में हो रहा आठ यूनिट बिजली उत्पादन

सुशील के मुताबिक बिजली उत्पादन के लिए गौशालाओं के सांड/ बैल की मदद ली। इंक्यूबेशन सेण्टर पर बिजली तैयार करनी शुरू की। एक जोड़ी जानवरों को एक घंटे तक कोल्हू में चलाया। इससे आठ यूनिट बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। बिजली ने गौशाला के अलावा दो गांव के लोगों के घरों को रोशन कर रहे हैं। सुशील प्रदेश की सभी गौशालाओं में इस तरह से बिजली पैदा करना चाहते हैं। ताकि जानवरों को छुट्टा न छोड़ा जाए। इससे हादसे व फसलों के नुकसान को भी रोका जा सकता है।

## उत्तराखंड

# अच्छे ब्याज का झांसा देकर 18 लाख हड़पे

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** नगर के तल्ला थपलिया मोहल्ले की एक महिला से लंदन मेटल एक्सचेंज नाम की कथित कंपनी द्वारा पूंजी निवेश कर अच्छा ब्याज पाने का झांसा देकर 18 लाख से अधिक की धनराशि हड़प ली। महिला ने कई बार कंपनी के अधिकारियों से पैसा वापस देने की मांग की, लेकिन वह उसे टालते रहे। संदेह होने पर अब पीड़ित महिला ने संबंधित कंपनी के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। अल्मोड़ा के तल्ला थपलिया मोहल्ले में रहने वाली अंजली सजवान ने अपनी तहरीर में कहा है कि कुछ समय पहले लंदन मेटल एक्सचेंज नाम की एक कंपनी के कुछ लोग उसके पास आए और पूंजी निवेश करने की बात कर अच्छा ब्याज दिए जाने का उन्हें भरोसा दिलाया।

# तलाकशुदा पति-पत्नी के बच्चों की सही परवरिश को हाईकोर्ट में याचिका

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाई कोर्ट ने पति पत्नी के विवाह विच्छेद के दौरान बच्चों की परवरिश पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बंध में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने केंद्र सरकार से छह मार्च तक स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। अगली सुनवाई छह मार्च को होगी। मामले के अनुसार अधिवक्ता श्रुति जोशी ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि पति पत्नी के विवाह विच्छेद (तलाक) के दौरान इसका सबसे बुरा प्रभाव उनके बच्चों की परवरिश, शिक्षा, रहन सहन पर पड़ता है। जो प्यार बच्चों को पति-पत्नी के एक साथ रहकर मिल सकता है वह विवाह विच्छेद बाद नहीं मिलता है। जिसकी वजह से बच्चे आगे नहीं बढ़ पाते हैं उनकी परवरिश ठीक से नहीं हो पाती है।



इस संबंध में केंद्र सरकार के विधि आयोग ने रिपोर्ट में कहा है कि विवाह विच्छेद के दौरान बच्चों की परवरिश करने की जिम्मेदारी पति-पत्नी दोनों की होनी चाहिए। इसलिए संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 में संसोधन की आवश्यकता है। यह बिल अभी केंद्र सरकार में लंबित है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि जब तक यह बिल पास नहीं हो जाता, तब तक न्यायालय बच्चों की परवरिश के लिए दिशा-निर्देश जारी करें।

### लगाई गुहार

- संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 में संशोधन बिल केंद्र के पास लंबित
- बिल पास होने तक हाईकोर्ट से बच्चों की सही परवरिश को दिशा-निर्देश जारी करने की अपील

# काशीपुर में चाकू मारकर युवक की हत्या

**काशीपुर, अमृत विचार :** दो पक्षों में हुए झगड़े में एक युवक की जान चली गई। वहीं एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक पक्ष के लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। पुलिस ने लोगों को बमुश्किल समझाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गुरुवार देर रात पच्चावाला निवासी चमन किसी काम से पैदल कुंडेश्वरी मोड़ गया था। लौटने के लिए उसने अपने भाई आकाश को बाइक लेकर आने के लिए कहा। आकाश अपने दोस्त अजय को लेकर पहुंचा। इस बीच चमन के साथ श्यामपुरम निवासी बाइक सवार दो युवक मारपीट करने लगे। आकाश और अजय ने चमन को बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने अपने साथी भी मौके पर बुला लिए।

# बनभूलपुरा का वांटेड दिल्ली से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- कई राज्यों में फरारी काटने के बाद दिल्ली को बनाया था पनाहगाह



अब्दुल मोईद।

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा के आखिरी वांटेड और हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के बेटे अब्दुल मोईद को एसओजी ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। तड़के टीम ने उसके ठिकाने पर दबिश दी। कई राज्यों में फरारी काटने के बाद उसने दिल्ली के एक मुस्लिम बाहुल्य इलाके में छिपने का ठिकाना बनाया था। 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद 21वें दिन उसकी गिरफ्तारी हुई। गुरुवार को अब्दुल मोईद को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को मलिक का बगीचा स्थित नजूल भूमि पर कब्जा कर बनाए गए अवैध मदरसा और प्रार्थना स्थल के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी। इस दौरान बनभूलपुरा क्षेत्र में हिंसा भड़की, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर उपद्रवियों ने पथराव कर पेट्रोल बम से हमला किया। मामले में नामजद लाइन नंबर 8 आजाद नगर निवासी अब्दुल मोईद पर हिंसा भड़काने के आरोप के साथ यूएपीए भी लगा है। घटना के बाद से ही मोईद फरार चल रहा था। पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि मोईद की तलाश में पुलिस की छह टीमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब और हिमांचल प्रदेश की खाक छानती रही। जिस भी राज्य में मोईद ठहरा वहां उसने अपने पिता अब्दुल मलिक और अपने रसूखदार दोस्तों का इस्तेमाल किया।

उसने अपने अड्डे भी मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में बनाए, ताकि पुलिस उस तक पहुंच न सके। गुरुवार तड़के ही नैनीताल पुलिस व एसओजी की टीम ने दिल्ली से मोईद को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को ही पुलिस टीम उसे हल्द्वानी लेकर पहुंची। एसएसपी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया है। वहीं अब्दुल मलिक से पूछताछ पूरी होने के बाद अब्दुल मोईद की रिमांड के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई जाएगी।

# अब्दुल्ला बिल्डिंग से मिले बैक डेट के स्टांप और भी कई सबूत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के घर की कुर्की हो चुकी है और खबर ये है कि कुर्की के दौरान अब्दुल्ला बिल्डिंग से बैक डेट के पुलिस को कई स्टांप मिले हैं। अगर ये सच है तो फिर हाल ही में सहायक नगर आयुक्त की ओर से दर्ज मामले में यह अहम सुबूत साबित हो सकते हैं। क्योंकि कुछ ऐसे ही स्टांप का उपयोग मलिक का बगीचा की जमीन को हथियाने के लिए किया गया था।

बता दें कि जिस जमीन को मलिक का बगीचा कहा जा रहा है, उस मलिक की बगीचा का नाम नगर निगम के दस्तावेजों में कहीं भी दर्ज नहीं है। सहायक नगर आयुक्त की ओर से दर्ज मामले में अब्दुल मलिक और उसकी बीवी साफिया मलिक के साथ कुल आधा दर्जन लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने इस मामले में पत्र लिखकर नगर निगम से दस्तावेज मांगे हैं और कई सवाल पूछे हैं। कुर्की के दौरान मलिक के घर अब्दुल्ला बिल्डिंग से बैग डेट के कई कोरे और लिखे हुए स्टांप मिले हैं। मलिक के साथ उसकी पत्नी की भी मुश्किलें बढ़ना तय हैं।

# कल से फिर बदलेगा मौसम, वर्षा के आसार

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** उत्तराखंड में एक बार फिर से मौसम में बदलाव होने वाला है। दो से चार मार्च तक बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के जारी बुलेटिन के अनुसार दो से चार मार्च तक राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा। मैदान से लेकर पहाड़ तक बारिश होने की संभावना है। बारिश के चलते एक बार फिर से तापमान में गिरावट आएगी। यह मार्च माह में पहला पश्चिमी विक्षोभ होगा। बीते दिनों हुई बारिश की वजह से पहाड़ों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

# नैनी झील का जलस्तर 5 फीट पर पहुंचा

● गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध नैनी झील का जलस्तर इस बार बारिश और बर्फबारी नहीं होने से तेजी से घट रहा है। हालात ये है कि झील का जलस्तर बीते पांच सालों में सबसे न्यूनतम स्तर पर 5 फीट पर पहुंच चुका है। इस वजह से झील के किनारे डेल्टा उभर आए हैं। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ जल संस्थान के अधिकारियों की भी चिंताएं बढ़ने लगी हैं। बीते 5 सालों की अपेक्षा इस बार नैनीताल में बारिश और बर्फबारी औसतन कम हुई है। इसकी वजह से नैनीझील को रीचार्ज करने वाली झीलें खाली हैं।



मल्लीताल स्थित बोट स्टैंड के पास झील में उभरने लगे डेल्टा। ● अमृत विचार

नैनीताल के आसपास करीब 12 से अधिक ऐसे छोटे तालाब हैं जिनमें बरसात के दौरान पानी भरता है और वहां से साल भर पानी नैनीझील में रिसकर आता है। मगर इस बार ये छोटे-छोटे तालाब मलबे से भरे हैं। उधर, नैनी झील में डेल्टा उभरने से इसकी सुंदरता में भी ग्रहण लगने लगा है। अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो साल 2019 से लेकर 2024 तक झील का जल स्तर करीब 15 से लेकर 18 फिट तक गिरा है।

### पेयजल आपूर्ति में जल संस्थान करेगा कटौती

नैनी झील के गिरते जलस्तर को देखते हुए जल संस्थान अब पेयजल आपूर्ति में कटौती करने का मन बना रहा है। अब तक शहर में 12 एमएलडी पानी की रोजाना आपूर्ति की जाती है लेकिन जलसंस्थान के अधिशासी अभियंता के मुताबिक अब आने वाले समय में झील के जलस्तर को नियंत्रित किए जाने के लिए रोस्टिंग व्यवस्था की जाएगी।

# सिडकुल की कंपनी बताकर लगा दिया लाखों का चूना

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर की एक कंपनी को झांसा देकर लाखों का सामान हड़प करने का मामला सामने आया है। कंपनी के साझेदार ने पंतनगर थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सारिका नगर तालाब तिल्लो जम्मू एंड कश्मीर निवासी रामेश्वर सिंह ने बताया कि उनकी पार्टनरशिप में साम्बा इलाके में मेटल ड्रीम इंडस्ट्री के नाम से फर्म है। 21 जनवरी 2024 को एक व्यक्ति की कॉल आयी जो खुद को सिडकुल पंतनगर रुद्रपुर की इंडस्ट्री कंपनी का प्रतिनिधि बता रहा था।

## ब्लूटूथ डिवाइस से नकल कराने का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाइस का प्रयोग कराकर नकल कराने के वांछित अभियुक्त को एसटीएफ ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। वांछित अभियुक्त कपिल तोमर के खिलाफ गाजियाबाद में मुकदमा दर्ज था। इस मामले में चार अभियुक्त पहले ही पकड़े जा चुके है। एसटीएफ के मुताबिक उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली व फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह के सम्बन्ध में सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। इसी क्रम में मुखबिर से कपिल तोमर के लोनी क्षेत्र (गाजियाबाद) में मौजूद होने की सूचना पर दबोचा लिया गया है। पूछताछ में कपिल तोमर ने बताया कि उसके रिश्तेदारी का लड़का प्रदीप निवासी चंदोडी थाना बुढाना मुजफ्फरगगर से घनिष्ठता थी। प्रदीप पूर्व से ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बैठाकर एवं पेपर लीक कराकर धांधली करने का काम करता था। 2022 में रेलवे की ग्रुप डी की परीक्षा में धांधली करते हुए पकड़ा गया था और जेल गया था। जेल से बाहर आने पर इसकी मुलाकात मिन्टू उर्फ प्रवीन बालियान निवासी मुजफ्फरनगर से हुई थी।

# कानपुर में गैंगरेप के बाद चचेरी बहनों के शव पेड़ से लटके मिले, आरोपी गिरफ्तार

## घाटमपुर के बरौली गांव में ईंट भट्टे में श्रमिकों की नाबालिग बेटियों के साथ वारदात

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर/घाटमपुर**

**अमृत विचार :** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के बरौली गांव में गैंगरेप के बाद बुधवार रात नाबालिग चचेरी बहनों (16 और 14 वर्षीय) के शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटके मिले। दोनों के साथ मंगलवार रात नशे में धुत ईंट भट्ठे के ठेकेदार ने साथियों के साथ मिलकर गैंगरेप किया था।

दोनों किशोरियों के अश्लील वीडियो बनाकर जबरन शराब और बीड़ी पिलाकर पीटा भी था। उस दौरान ईंट-भट्ठे में काम करने वाले लोग बाजार करने गए थे। 16 वर्षीय मृतका किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ठेकेदार रामस्वरूप, रज्जू, संजय, अन्य के विरुद्ध गैंगरेप, पॉक्सो, आत्महत्या के लिए उकसाने, मारपीट, धमकी, आपत्तिजनक वीडियो, फोटो खींचने की एफआईआर दर्ज की है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।



पीड़ित पक्ष की महिलाओं से घटना की जानकारी लेते पुलिस अधिकारी।

- ठेकेदार और साथियों ने गैंगरेप कर बनाया अश्लील वीडियो, जबरन शराब पिलाकर की मारपीट

घाटमपुर के बरौली गांव में श्रीबालाजी भट्ठे में जिला हमीरपुर के थाना सिसौलर निवासी दो श्रमिक काम करते हैं। वह दोनों फुफेरे भाई हैं। दोनों ने पुलिस को बताया कि भट्ठे में रामस्वरूप ठेकेदारी करता है। मंगलवार शाम को हफ्ते भर का हिसाब हुआ तो पैसे मिलने पर वह और भट्ठे के अधिकतर श्रमिक परिवार बाजार चले गए थे। अपनी-अपनी झोपड़ी में 16 वर्षीय और 14 वर्षीय चचेरी बहनें अकेली थीं। इसी दौरान नशे में धुत ठेकेदार रामस्वरूप, उसका बेटा रज्जू, संजू और एक अन्य झोपड़ी में घुस गए और चचेरी बहनों के साथ गैंगरेप किया। दोनों को मारापीटा, जबरन शराब और बीड़ी पिलाई। अश्लील वीडियो भी बनाया। किशोरियों के पिता ने बताया कि वे लोग बाजार से लौटे तो लड़कियां रो रही थीं। पूछने पर उन्होंने हकीकत बताई।

श्रमिक जब विरोध जताने आरोपियों के पास पहुंचे तो अभद्रता करते हुए भगा दिया। बुधवार को दिन भर सभी पुलिस के पास जाने की सोचते रहे लेकिन डर से नहीं गए। बुधवार शाम दोनों किशोरियां खेलने निकलीं लेकिन लौटीं नहीं। रात 10 बज गया, दोनों नहीं लौटीं तो खोजबीन शुरू हुई।

रात में करीब 11 बजे भट्ठे से कुछ दूर एक पेड़ से दोनों के शव लटके मिले। सूचना पर थाने की पुलिस पहुंची। गुरुवार सुबह संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) हरीश चन्दर, डीसीपी रविंद्र कुमार, एसीपी रंजीत कुमार भट्ठे पर पहुंचे। ठेकेदार रामस्वरूप, रज्जू व संजय को गिरफ्तार कर लिया गया है। भट्ठे के मुनीम, भट्ठा मालिक को नजरबंद कर दिया गया है। गांव में पुलिस-पीएसी तैनात कर दी गई है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद अन्य कार्रवाई होगी।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले की अगली सुनवाई 13 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में दाखिल याचिकाओं पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से मुस्लिम पक्ष ने अपने तर्क दिए। मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बहस की। मुस्लिम पक्ष की ओर से हिंदू पक्ष द्वारा दाखिल याचिकाओं को पोषणीय न बताते हुए तर्क दिए गए। इसके साथ ही एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष गोयल को पदमुक्त करने के लिए सीपीसी की धारा 151 के तहत एक आवेदन दाखिल किया गया, जिसका हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि वह इस आवेदन के खिलाफ आपत्तियां दाखिल करेंगे। इसके अलावा वर्ष 1968 में हुए समझौते को लेकर भी मुस्लिम पक्ष ने तर्क दिए। उक्त समझौते में केशव देव कटरा की 13.7 एकड़ भूमि शाही ईदगाह मस्जिद को दी गई है। मामले की अगली सुनवाई आगामी 13 मार्च को दोपहर 2 बजे से सुनिश्चित की गई है।

# पत्नी दाखिल कर सकती है घरेलू हिंसा का मुकदमा

**विधि संवाददाता,लखनऊ**

- कोर्ट ने कहा-भले शादी घोषित हो चुकी हो शून्य

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए कहा है कि शादी के शून्य घोषित हो जाने के बावजूद पत्नी घरेलू हिंसा का मुकदमा दाखिल कर सकती है। न्यायालय ने कहा कि भले ही सक्षम न्यायालय द्वारा शादी को समाप्त किया जा चुका हो, इसका घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 12 के तहत दाखिल परिवाद पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने पति की ओर से दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। प्रतापगढ़ के इस मामले में याची पति का कहना था कि उसकी और शिकायतकर्ता पत्नी की शादी को 26 मार्च 2021 को सक्षम न्यायालय द्वारा डिक्री पारित करते हुए शून्य घोषित किया जा चुका है। उनका विवाह हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 5(वी) के तहत प्रतिबंधित था तथा पत्नी बायपोलर डिसॉर्डर से पीड़ित थी, इस तथ्य को छिपा कर उसने शादी की थी। दलील दी गई कि परिवार न्यायालय द्वारा उनकी शादी शून्य घोषित हो चुकी है लिहाजा घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पति के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। मामले में पत्नी के द्वारा घरेलू हिंसा का मुकदमा 11 सितंबर 2019 को दाखिल किया गया था, जिसकी पोषणीयता पर आपत्ति जताते हुए पति ने प्रार्थना पत्र दाखिल किया। पति का उक्त प्रार्थना पत्र 29 सितम्बर 2022 को निचली अदालत द्वारा खारिज कर दिया गया। जिसके बाद उसने हाईकोर्ट की शरण ली। न्यायालय ने अपने निर्णय में इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि अलग होने से पूर्व याची व विपक्षी पति-पत्नी की तरह ही रह रहे थे। शादी के शून्य घोषित होने तक दोनों एक-दूसरे से शादी के रिश्ते में बंधे थे। न्यायालय ने और स्पष्ट करते हुए कहा कि यहाँ तक कि शादी के शून्य घोषित होने से पूर्व वे वैवाहिक रिश्ते में ही रहे, लिहाजा पत्नी घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पीड़िता मानी जाएगी तथा उसे धारा 12 के तहत परिवाद दाखिल करने का पूर्ण अधिकार है।

## सार-संक्षेप

### पूर्व सांसद जयाप्रदा की दो याचिकाएं हुईं खारिज



**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सपा सांसद जयप्रदा की दो अलग-अलग मामलों में जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को वापस लिए जाने के आधार पर खारिज कर दिया। मंगलवार को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई सुनवाई के दौरान जयप्रदा के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि वह कुछ नए तथ्यों और दस्तावेजों के साथ नई अर्जी दाखिल करना चाहते हैं। रामपुर की जिला अदालत से दो मामलों में जारी गैर जमानती वारंट के खिलाफ दाखिल याचिकाओं को इसी आधार पर वापस लिए जाने की प्रार्थना की गई। मौजूदा दोनों मुकदमे वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान रामपुर में आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े हुए हैं। रामपुर की जिला अदालत से समन जारी होने के बावजूद जयाप्रदा कोर्ट में उपस्थित नहीं हुईं। कई बार समन जारी होने के बाद भी अभिनेत्री की गैर मौजूदगी के कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया था।

### डीजी मुकुल गोयल सेवानिवृत



**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र कैडर के वरिष्ठतम आईपीएस डीजी नागरिक सुरक्षा, मुकुल गोयल गुरुवार को सेवानिवृत हो गए। 1987 बैच के आईपीएस अफसर मुकल गोयल डीजीपी के पद से हटाए जाने के बाद 11 मई 2022 से डीजी नागरिक सुरक्षा के पद पर तैनात थे। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आने के बाद जून 2021 में उन्हें डीजीपी के पद पर तैनाती मिली थी। वह करीब 11 महीने तक डीजीपी के पद पर रहे। बाद में प्रदेश सरकार ने 11 मई 2022 को उन्हें डीजीपी पद से हटा दिया था। उसके बाद 13 मई को देवेंद्र सिंह चौहान को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया था।

### धान खरीद बंद, 53.67 लाख एमटी हुई खरीद

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में गुरुवार को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 की धान खरीद बंद हो गई। 70 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 5207 केंद्रों पर 7,99,944 किसानों से महज 53,67,516 मीट्रिक टन (76.68 प्रतिशत) धान खरीदा जा सका। जालौन, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, हापुड़ में खरीद शून्य रही। पश्चिम के मंडल आगरा, अलीगढ़, झांसी, मेरठ का खरीद फीसद बेहद कम रहा। किसानों ने समर्थन मूल्य से अधिक दाम मिलने पर बाजारों में धान बेचा। **मंडलों पर ये हुई खरीद-** लखनऊ 7,52,135, बरेली 6,49,405, मुरादाबाद 4,61,041, अयोध्या 5,78,126, अलीगढ़ 8,659, आगरा 3,942, झांसी 1,328, मेरठ 177, सहारनपुर 5,521, आजमगढ़ 2,12,460, कानपुर 1,80,927, गोरखपुर 5,08,157, चित्रकूट 41,952, देवीपाटन 3,37,793, प्रयागराज 4,52,016, बस्ती 2,89,615, मिर्जापुर 2,67,896, वाराणसी 6,16,357 मीट्रिक टन।

### तहसील स्तर पर फायर स्टेशन वाला पहला राज्य होगा उप्र

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट के समय अग्निशमन सेवाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रदेश सरकार ने अग्निशमन से जुड़े कानूनों के व्यापक रिफॉर्म तथा इन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य किया है। उन्होंने कहा 1944 से 2017 के बीच 73 वर्षों में केवल 288 फायर स्टेशन स्थापित किये गये जबकि पिछले 7 वर्षों में 71 नए फायर स्टेशन स्थापित किए गये। आज प्रदेश, तहसील स्तर पर एक-एक फायर स्टेशन स्थापित करने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर हो चुका है। जल्द ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में ऐसा राज्य होगा, जहां तहसील स्तर पर फायर स्टेशन होंगे। उन्होंने बताया कि विभाग की सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अब तक लगभग 1400 करोड़ रुपये दिये हैं। मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित अग्निशमन सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण के लिए 25 जिलों के 34 अग्निशमन केन्द्रों का वर्चुअल लोकार्पण, 4 नए अग्निशमन केन्द्रों का शिलान्यास व 35 अग्निशमन वाहनों के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में बोल रहे थे।

## ईडब्ल्यूएस आरक्षण से संबंधित सैकड़ों याचिकाएं हुई खारिज

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में ईडब्ल्यूएस आरक्षण के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि अधिनियम का किसी भी कार्यालय ज्ञापन की तुलना में हमेशा अधिक कानूनी मूल्य होता है। अधिनियम के लागू होने के बाद ही संबंधित कार्यालय ज्ञापन को मान्यता प्राप्त हो पाती है। मालूम हो कि वर्तमान मामले में याचियों ने सामान्य श्रेणी के अंतर्गत सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा- 2019 में भाग लिया था और उसका परिणाम मई 2020 में जारी हुआ।

याचियों का तर्क है कि उन्होंने सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 10% आरक्षण के लिए दिखाया था। याचियों के अधिवक्ता ने कोर्ट को यह बताया कि राज्य सरकार 10% ईडब्ल्यूएस आरक्षण प्रदान करने के लिए बाध्य है, क्योंकि उक्त परीक्षा 103वें संवैधानिक संशोधन के अधिसूचित होने के साथ-साथ फरवरी 2019 के कार्यालय ज्ञापन के बाद आयोजित की गई थी। इस पर कोर्ट ने कहा कि सहायक शिक्षकों के पदों पर भर्ती अधिनियम लागू होने से पहले शुरू की गई थी, इसलिए प्रदेश सरकार उक्त भर्ती प्रक्रिया में कानूनी रूप से आरक्षण प्रदान करने के लिए बाध्य नहीं है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की पीठ ने शिवम पांडेय और 11 अन्य सहित सैकड़ों याचिकाओं को खारिज करते हुए पारित किया। अंत में कोर्ट ने कहा कि कार्यालय ज्ञापन में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि आरक्षण की व्यवस्था राज्य सेवाओं की भर्ती के लिए फरवरी 2019 के बाद जारी अधिसूचना पर लागू होगी। हालांकि उस समय कोई अधिनियम लागू नहीं हुआ था।

## राम मंदिर : निर्माण को एलएंडटी उतारेगी वर्करों की फौज

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अब राम मंदिर के शिखर, परकोटे में मंदिर व परिसर में सप्त ऋषियों के मंदिरों के निर्माण कार्य को दिसंबर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था एलएंडटी ने वर्करों की फौज उतारने जा रही है। इसमें राजस्थान, गुजरात, बिजार व उत्तर प्रदेश के कई जनपदों के पांच हजार से अधिक वर्कर शामिल होंगे।

प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मंदिर शेष बचे निर्माण कार्यों को पूरा करने का काम शुरू कर दिया गया है। परकोटे में भी छह देवी-देवताओं के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा परिसर में अब महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य के साथ निषाद राज, अहिल्या का का भी मंदिर बनाने का काम शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

# गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराकर आग का गोला बनी कार, दो लोग जिंदा जले

**गोंडा कार्यालय**

- गोंडा-लखनऊ हाईवे पर हारीपुर के समीप हादसा, एक गंभीर

**अमृत विचार :** बुधवार रात 12 बजे के बाद गोंडा-लखनऊ हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकराने के बाद आग का गोला बन गयी।

इस भीषण हादसे में कार चालक समेत दो लोगों की जलकर मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतकों की पहचान बिंदेश यादव पुत्र केशव राम (28) निवासी कन्हाईपुरवा पूरे संगम थाना कटरा बाजार व अनुपम पाठक पुत्र माता प्रसाद उर्फ बंबू पाठक (22) निवासी मिझौरा थाना परसपुर के रूप में हुई है। जबकि घायल सूरज पाठक पुत्र दीनानाथ पाठक (30) कटरा बाजार थाना क्षेत्र के कन्हाईपुरवा पूरे संगम का रहने वाला है। नगर कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है और घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। बताया जा रहा है कि ट्राली में रिफ्लेक्टर नहीं लगा था। रिफ्लेक्टर न होने से कार सवार ट्रॉली को देख नहीं सके और हादसे का शिकार हो गए।

## आरक्षण को तहस-नहस करने पर तुली भाजपा

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा आरक्षण की व्यवस्था को तहस नहस करने पर तुली है। इंडिया गठबन्धन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सपा पर है।



बैठक से पूर्व अखिलेश यादव का माला पहनकर स्वागत करते पदाधिकारी।

सपा मुख्यालय, लखनऊ में गुरुवार को समाजवादी बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी, समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा और समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिलों के पदाधिकारियों की बैठक डॉ. लोहिया सभागार में हुई। इसमें लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारी पर चर्चा के साथ बूथ स्तर तक संगठनात्मक स्थिति की रिपोर्ट ली गई। बैठक में सभी प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा को 80 लोकसभा सीटों पर हराकर पीडीए की सरकार बनाने का रास्ता प्रशस्त करने का संकल्प लिया। बैठक में पूर्व मंत्री रामगोविन्द चौधरी एवं राजेंद्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल और राजेन्द्र कुमार विधायक विशेषतौर पर उपस्थित थे। सपा प्रमुख ने चंडीगढ़ में वोटों की हेराफेरी का उदाहरण देते हुए कहा कि, अगर चुनाव बैलेट से नही हुआ होता तो पता भी नहीं चलता। विधायकों को लालच देकर प्रलोभन और पैकेज देकर तोड़ रही है। भाजपा विधायक खरीद सकती है।

## वर्ग पहेली-358

**बाएं से दाएं**

1. 1. व्यभिचारिणी स्त्री 2. बिना विवाह किए रखी हुई स्त्री, रखैल, उपपत्नी।

4. 1. सूत्र 2. नियम, नुस्खा 3. विधि; सिद्धांत 4. किसी काम को करने का तरीका, गुर, तरकीब; जैसे- फ़िल्म हिट करने का फ़ॉरमूला 5. सांकेतिक भाषा में तथ्यों का विवरण 6. औषधि या दवाई के घटक तथा उसे बनाने की विधि 7. मतभेद सुलझाने या समझौता कराने का उपाय।

5. 1. वह कर्मचारी जिसपर किसी कार्य का दारोमदार या पूरा दायित्व हो 2. स्तंभ 3. राज्य का प्रमुख

6. नट, कलाबाज़ी दिखाने वाला व्यक्ति।


**ऊपर से नीचे**

1. धरती पर गिरा हुआ, भूमिसात।

2. 1. नागरमोथा घास की एक जाति 2. एक तृण जिससे चटाई बनाई जाती है 3. गोनरा या गोनी नामक घास।

3. 1. जिसमें ज़ोर या शक्ति हो, ज़ोरवाला, बलशाली 2. तेज़, प्रबल, तीव्र 3. ज़बरदस्त, उत्साहवर्धक 4. आग्रहयुक्त, जैसे- ज़ोरदार अनुशंसा।

5. सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद से होने वाली पुकार या बुलावा।




### वर्ग पहेली - 357 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 के | | 2 धू |
| | 3 र | | फ़े | | पि |
| | स | | 4 टि | कि | या |
| | धा | | रि | | |
| 5 क | र | छि | या | | 6 दि |
| रे | | | | | खा |
| 7 ल | घु | चे | ता | | ना |

## सुडोकू -75

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 1 | | | | 4 | | 3 |
| | | | 2 | | | 7 | | |
| 5 | 6 | | | 1 | | 9 | | |
| 9 | | 6 | | 3 | | | | 8 |
| | | 4 | | | | 6 | | |
| 1 | | | | 7 | | | | 5 |
| | | 7 | | 4 | | | 2 | |
| | | 2 | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 1 | 3 | 9 | |

### सुडोकू - 74 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 7 | 5 | 9 | 3 | 1 | 6 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 मार्च,शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी पूर्ण रात्रि तक।

**मेष:** आज नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन संबंधित परेशानियां सुलझ सकती हैं। रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए दिन शानदार है। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे।

**वृष:** आज पारिवारिक जीवन काफी सामान्य रहेगा। अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है।

**मिथुन:** आज प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं। संतान को लेकर मन अप्रसन्न हो सकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा।

**कर्क:** आज जिन लोगों का वजन बढ़ा हुआ है उनको स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** आज मनोरंजन में समय बीत सकता है। तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

**कन्या:** आज जॉब में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। पूर्व में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। मन की चंचलता दूर होगी। आय में अचानक कमी आ सकती है। पार्टनर के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**तुला:** आज आपका मन शांत रहेगा। धन संबंधित समस्या सुलझ सकती है। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आय के नए साधनों में वृद्धि होगी। भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। अचानक आए खर्चों में कमी आएगी।

**वृश्चिक:** आज मानसिक रूप से अशांत महसूस करेंगे। दूसरों से अपनी तुलना न करें। इससे आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। दौड़-धूप के कारण आपको समस्या होगी। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है।


**धनु:** आज जॉब में काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे अच्छी संभाल लेंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है।

**मकर:** आज गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। आप सभी कार्य संभल कर करेंगे। व्यापार में सहकर्मियों पर विश्वास करें।

**कुंभ:** आज बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें। बुद्धि व विवेक से काम करने से आपको लाभ होगा। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियां बढ़ेंगी। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं।

**मीन:** आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े असहज हो सकते हैं। टालमटोल की प्रवृत्ति के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 12.48 तक तत्पश्चात विशाखा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies:** घर में राम गली में श्याम — सुबह : 10.56; सत्य — शाम : 06.31

**Sony Max:** एबीसीडी 2 — सुबह : 10.44; ता रा रम पम — रात : 07.02

**Sony Pix:** एक्वामैन — सुबह : 09.08; एज ऑफ टूमारो — रात : 08.50

**Zee Cinema:** कुछ लव जैसा — सुबह : 10.30; जवान — शाम : 04.30

**Colors Cineplex:** बेमिसाल — दोपहर : 12.33; रंगून — रात : 09.28

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू नजर चेक करवाने गया।
डॉक्टर ने एक नोट देकर पूछा- ये कितने का नोट है।
सोनू ने कहा- बाहर धूप में देखकर आता हूं।
बाहर निकला तो नोट 2000 का था।
बस फिर क्या डॉक्टर आज तक सोनू को ढूंढ रहा है।

चिंटू- तुम्हारी बेटी की सगाई को पूरे दो साल हो गए हैं, विवाह में इतनी देरी क्यों?
पिंटू- दरअसल लड़का एक वकील है, जैसे ही विवाह की तारीख पास आती है, वह कोई न कोई बहाना करके तारीख आगे बढ़ा देता है।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,500.30 | 21,982.80 |
| बढ़त | 195.42 | 31.65 |
| प्रतिशत में | 0.27 | 0.14 |



## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1835, राज श्री 1350, फॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक्र टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11000, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4040, पीलीभीत 4020, नवाबगंज 4010, बहेड़ी (नई) 4020 रुपये।

# देश में 3 सेमीकंडक्टर संयंत्र होंगे स्थापित

## मंजूरी के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा-1.26 लाख करोड़ रुपये का होगा निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सरकार ने बृहस्पतिवार को 1.26 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। इनमें टाटा समूह और जापान की रेनेसस इलेक्ट्रॉनिक्स की परियोजनाएं शामिल हैं। चिप की जरूरत को पूरा करने के लिए भारत की आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल के प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रक्षा, ऑटोमोबाइल और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों के लिए चिप बनाने वाली इन इकाइयों का निर्माण कार्य अगले 100 दिनों में शुरू हो जाएगा। तीनों इकाइयां 'सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण परिवेश का विकास' कार्यक्रम के तहत स्थापित की जाएंगी। इस कार्यक्रम के तहत 76,000 करोड़ रुपये तक की सरकारी सहायता दी जाती है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प (पीएसएमसी) के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगी। इस संयंत्र की स्थापना गुजरात के धोलेरा में की जाएगी। इसमें 91,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

### बाघों के संरक्षण के लिए इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस का होगा गठन

केंद्रीय कैबिनेट ने बाघों और ऐसे अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के लिए एक वैश्विक नेटवर्क 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) के गठन को मंजूरी दी। इस संस्था का मुख्यालय भारत में होगा। इसमें वन्यजीवों से संबंधित 96 देशों की बहु-एजेंसी संस्था के रूप में आईबीसीए की कल्पना की गई है। कुल सात वन्यजीवों (बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता) में से पांच बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता भारत में पाए जाते हैं। मंत्रिमंडल ने 2023-24 से 2027-28 तक पांच साल की अवधि के लिए आईबीसीए की खातिर 150 करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता को मंजूरी दी है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय करने के लिए एमएमडीआर अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस बारे में फैसला किया गया। बयान के मुताबिक-केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों के संबंध में रॉयल्टी की दर निर्दिष्ट करने के लिए खान एवं खनिज विकास और विनियमन (एमएमडीआर) अधिनियम, 1957 की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

### संसद के पास खनिज संपदाओं पर कर लगाने की शक्ति नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा कि संविधान में खनिज संपदा अधिकारों पर कर लगाने की शक्ति संसद को नहीं बल्कि राज्यों को दी गई है। न्यायालय ने साथ ही यह भी कहा कि ऐसे अधिकार को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ इस बात पर विचार कर रही है कि क्या खनन पट्टों पर एकत्रित रॉयल्टी को कर के रूप में माना जा सकता है, जैसा कि 1989 में सात न्यायाधीशों की पीठ ने माना था। पीठ ने कहा कि संसद केवल यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ सीमाएं तय कर सकती है कि खनिज विकास का काम अवरुद्ध न हो। कहा कि संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार संसद प्रतिबंध लगा सकती है, लेकिन वह यह नहीं कह सकती कि उसके पास कर लगाने की शक्ति है।

# सरकार ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन किया तय

- कृषि मंत्रालय ने फैसले के बारे में दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सरकार ने 2024-25 रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन तय किया है। खाद्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सरकार के गेहूं खरीद के लक्ष्य को कुछ कम माना जा रहा है।

कृषि मंत्रालय को फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में रिकॉर्ड 11 करोड़ 20.1 लाख टन गेहूं का उत्पादन होने का अनुमान लगाया है। इसके बावजूद सरकार द्वारा खरीद का लक्ष्य कम रखा गया है। राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में राज्यों के खाद्य सचिवों की बैठक हुई थी। इसी बैठक में विचार-विमर्श के बाद गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया गया है। मंत्रालय ने बयान में कहा-विचार-विमर्श के बाद आगामी रबी विपणन सत्र 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद का अनुमान तीन से 3.2 करोड़ टन का तय किया गया है। गेहूं के अलावा, मंत्रालय ने चावल के मामले में रबी धान खरीद का लक्ष्य 90 लाख से एक करोड़ टन तय किया है। सरकार ने रबी मोटे अनाज/बाजरा (श्रीअन्न) के लिए 6,00,000 टन का खरीद लक्ष्य भी निर्धारित किया है। केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से फसलों के आहार में पोषण बढ़ाने के लिए बाजरा की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,850 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,025 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,700-47,900 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 71,500 |
| चांदी तैयार | 71,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 708 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,050 |
| चांदी आभूषण | 71,800। |

# देश में एफडीआई प्रवाह 13% घटकर 32 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह यानी अप्रैल-दिसंबर-2023 में 13 प्रतिशत घटकर 32.03 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, वाहन और फार्मा क्षेत्रों में कम निवेश के कारण एफडीआई घटा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश में 36.74 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान एफडीआई प्रवाह 18 प्रतिशत बढ़कर 11.6 अरब डॉलर रहा है, जो 2022-23 की समान तिमाही के दौरान 9.83 अरब डॉलर था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआई प्रवाह (जिसमें इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेश आय और अन्य पूंजी शामिल है) अप्रैल-दिसंबर, 2022 के 55.27 अरब डॉलर के मुकाबले चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में सात प्रतिशत घटकर 51.5 अरब डॉलर रह गया है।

### औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी 2024 में घटकर 4.59 प्रतिशत रही, जो दिसंबर 2023 में 4.91 प्रतिशत थी। इस दौरान मुख्य रूप से कुछ खाद्य पदार्थों की कीमतें घटने से खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी आई। श्रम मंत्रालय ने कहा कि जनवरी 2024 में औद्योगिक श्रमिकों के लिए खाद्य मुद्रास्फीति 7.66 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले महीने में 8.18 प्रतिशत और एक साल पहले इसी महीने (जनवरी 2023) में 5.69 प्रतिशत थी। औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी 2023 में 6.16 प्रतिशत थी।

# आठ उद्योगों की वृद्धि 15 माह के निचले स्तर पर

- आंकड़ों के अनुसार-जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6% पर आ गई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6 प्रतिशत पर आ गई। यह इसका 15 माह का निचला स्तर है। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात और बिजली जैसे क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण वृद्धि धीमी हुई।

गौरतलब है कि आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन दिसंबर, 2023 में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 9.7 प्रतिशत थी। इन आठ क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। जनवरी, 2024 से कम वृद्धि दर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह अप्रैल-जनवरी के दौरान बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 8.3 प्रतिशत थी। जनवरी, 2024 में रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक का उत्पादन घट गया है।

समीक्षाधीन महीने में कोयला, इस्पात और बिजली के उत्पादन में वृद्धि की गति धीमी हो गई। हालांकि, इस दौरान कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और सीमेंट के उत्पादन में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में आठ प्रमुख क्षेत्रों का योगदान 40.27 प्रतिशत है।



# 400 पार का नारा जनता ने दिया, हमारी गारंटी पर देश को विश्वास: नरेंद्र मोदी

## मध्य प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री ने 17,551 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**भोपाल, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में उतर रही है तथा चारों ओर एक ही बात सुनाई दे रही है कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) इस बार 400 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा हमने नहीं, जनता ने दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के उनके कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की साख कई गुना बढ़ी है, जिससे देश में निवेश आकर्षित करने में मदद मिली है और दुनिया भर के देश भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने के इच्छुक हैं।

मोदी ने भाजपा शासित मध्य प्रदेश में 17,551 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद 'विकसित भारत, विकसित मध्य प्रदेश' कार्यक्रम को वर्चुअल तौर पर संबोधित किया।

### प्रधानमंत्री बिहार, झारखंड और बंगाल में करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार और शनिवार को झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और करोड़ों रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के मुताबिक प्रधानमंत्री एक मार्च को लगभग 11 बजे झारखंड के सिंदरी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वह राज्य में 35,700 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह करीब तीन बजे पश्चिम बंगाल के हुगली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अगले दिन शनिवार को प्रधानमंत्री लगभग 10:30 बजे पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कृष्णानगर पहुंचेंगे, जहां वे 15,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

### राष्ट्रपति ने केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दी

**तिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दे दी है लेकिन उन्होंने तीन विश्वविद्यालय कानून विधेयकों पर अपनी स्वीकृति अभी नहीं दी है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राष्ट्रपति को ये विधेयक उनकी स्वीकृति के लिए भेजे थे। राजभवन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ने केरल विश्वविद्यालय कानून (संशोधन संख्या 2) विधेयक 2022 पर अभी अपनी स्वीकृति नहीं दी है। बयान के अनुसार इसके अलावा विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2022 और विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2021 को भी राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। राष्ट्रपति को भेजे गए सात विधेयकों में से केवल एक विधेयक केरल लोकायुक्त संशोधन विधेयक, 2022 को सहमति दी गई है।

# शाहजहां शेख से हमें कोई हमदर्दी नहीं

- कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखालि मामले में की टिप्पणी

**कोलकाता, एजेंसी**



कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि अदालत को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के साथ कोई 'हमदर्दी' नहीं है और उनके वकील से चार मार्च को उसके समक्ष पेश होने को कहा। शेख के वकील अदालत में पेश हुए और अपने मुवक्किल के संबंध में तत्काल सुनवाई की मांग की।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि अदालत को शेख के साथ कोई 'हमदर्दी' नहीं है और उसके वकील से कहा कि वह सोमवार को उसके पेश हों जब संदेशखालि में कथित यौन अत्याचार एवं आदिवासी लोगों की भूमि कब्जे को लेकर मामले की सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। अदालत ने कहा कि अगर शेख ने वकील को वकालतनामा दिया है तो उसके ठिकाने का भी पता होगा। यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के आरोपी शेख को राज्य पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। जब शेख के वकील ने कहा कि उसकी अग्रिम जमानत याचिका दो दिन पहले खारिज कर दी गई थी और चार अन्य आवेदन अब भी अदालतों के समक्ष लंबित हैं तो मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि टीएमसी नेता के खिलाफ 42 मामले लंबित हैं। मुख्य न्यायाधीश ने वकील से कहा कि उनके पास अगले 10 वर्ष तक शानदार काम होगा क्योंकि वह शेख से संबंधित मामलों को संभालने में व्यस्त रहेंगे। उन्होंने कहा कि शेख से संबंधित मामलों को संभालने के लिए वकील को एक बड़ी कानूनी टीम की आवश्यकता होगी।

### जांच संबंधी याचिका पर सुनवाई करेगी अदालत

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपने की मांग वाली जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई होगी। अदालत ने संदेशखालि में महिलाओं पर यौन अत्याचारों और आदिवासियों की जमीन हड़पने के आरोपों पर स्वतः संज्ञान भी लिया है।

## एक नजर

### भाजपा में शामिल हुए बीआरएस सांसद रामुलु

**नई दिल्ली।** तेलंगाना से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सांसद व दलित नेता पी रामुलु बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वह लोकसभा में नागरकुरनूल (आरक्षित) संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य के लक्ष्मण, राष्ट्रीय महासचिव व तेलंगाना के प्रभारी तरुण चुघ और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी के अरुणा की मौजूदगी में रामुलु ने भाजपा की सदस्यता ली।

### फड़णवीस को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने गुरुवार को कथित तौर पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान योगेश सावंत के तौर पर हुयी है और इसने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया पेज पर एक विवादास्पद वीडियो साझा किया था, जिसमें उसने श्री फड़नवीस को जान से मारने की धमकी दी थी। बाद में सावंत को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# कोर्ट ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को शहर पुलिस से जवाब मांगा। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के दौरान पठान पर एक पुलिसकर्मी पर खुलेआम बंदूक तानने का आरोप है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने पठान की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। उच्च न्यायालय ने पठान के जेल में उसके आचरण का विवरण देने का भी आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

अदालत ने कहा-नोटिस जारी किया जाता है। लोक अभियोजक ने नोटिस स्वीकार कर लिया है और स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा है। पठान के वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि उस पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है, जिसके लिए अधिकतम सजा 10 साल है। उन्होंने इस आधार पर जमानत मांगी कि पठान पिछले चार साल से हिरासत में हैं। अभियोजक ने अदालत से आग्रह किया कि वह आरोपी के आचरण पर जेल से भी रिपोर्ट मांगे। पठान ने निचली अदालत के पिछले साल 14 दिसंबर के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी।

#### दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगों का मामला




### सांप्रदायिक दंगों के मामले में 7 लोग बरी

दिल्ली की एक सत्र अदालत ने 2020 में पूर्वोत्तर दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगों के मामले में सात लोगों को बरी कर दिया है और कहा कि उनके खिलाफ कोई 'टिकाऊ और संतोषजनक सबूत' नहीं मिला। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला उन सात लोगों के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रहे थे, जिन पर 24 फरवरी, 2020 को करावल नगर में मुख्य बृजपुरी रोड पर दो दुकानों, एक ऑटोरिक्शा और एक दोपहिया वाहन को जलाने वाली भीड़ का हिस्सा होने का आरोप है। अदालत ने कहा-उपलब्ध साक्ष्यों से भीड़ की पहचान भी नहीं की जा सकी है।

# मणिपुर में शांति बनाए रखने को असम राइफल्स की मांगी मदद

- सरकार ने हिंसा प्रभावित छह जिलों के लिए बनाई रणनीति

**इंफाल, एजेंसी**

मणिपुर सरकार ने राज्य के हिंसा प्रभावित छह जिलों में शांति कायम रखने और जनता का विश्वास बहाल करने के लिए असम राइफल्स से मदद मांगी है।

इंफाल पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट ने बृहस्पतिवार को कानून व्यवस्था के उल्लंघन की खबरों, खासतौर पर भीड़ हिंसा की घटनाओं का उल्लेख किया। आदेश में कहा गया, हालात जिला प्रशासन और पुलिस के नियंत्रण से बाहर हो गए हैं। इसमें कहा गया है कि जिले के विभिन्न हिस्सों में 29 फरवरी से पांच मार्च तक असम राइफल्स की सेवाएं मांगी गई हैं। इससे पहले बुधवार रात को इंफाल पश्चिम में हजारों महिलाओं ने मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार और कुकी उग्रवादी समूहों के बीच अभियानों का निलंबन (एसओओ) समझौते को समाप्त करने की मांग की। करीब 200 हथियारबंद लोगों ने 27 फरवरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम अमित सिंह के आवास में गोली चलाईं और तोड़फोड़ की थी।

# राजस्थान में लव जेहाद के मामले में दो लड़कियों सहित तीन लोग गिरफ्तार

**अलवर।** राजस्थान में अलवर शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत एक मोहल्ले में किराए पर रहने वाली हिंदू लड़कियों से दोस्ती कर 'लव जेहाद' कराने के मामले में पुलिस ने दो लडकियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि गत 27 फरवरी को अलवर में कॉलेज में पढने वाली दो लड़कियों ने थाना कोतवाली में एक शिकायत दी कि उनकी दो रूममेट काजल उर्फ बबीता और सकीना मेव है जो धर्म परिवर्तन करने की बात कहती हैं और जबरन वसीम नामक युवक से दोस्ती करने की बात कहती है। शिकायत के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### पाकिस्तान भाजपा के लिए दुश्मन, हमारे लिए पड़ोसी देश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगने का मामला बढ़ता जा रहा है। इस मामले पर विधानसभा में भाजपा नेताओं ने हंगामा भी किया। इस बीच कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद ने पाकिस्तान को लेकर एक ऐसा बयान दिया, जिसने मामले को और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भाजपा के लिए दुश्मन हो सकता है, लेकिन कांग्रेस के लिए एक पड़ोसी देश है। हरिप्रसाद के इस बयान पर भाजपा ने कांग्रेस पर देश विरोधी भावनाएं उकसाने का आरोप लगाया है।

# असम : विपक्ष ने राष्ट्रपति से सीएए रद करने का किया आग्रह

**गुवाहाटी, एजेंसी**

असम में विपक्षी दलों ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को रद करने के लिए बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप करने की मांग की और कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे राज्य भर में 'लोकतांत्रिक जन आंदोलन' करेंगे। सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच असम (यूओएफए) ने मुर्मू को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा।

यूओएफए ने कहा-यह अधिनियम न केवल असंवैधानिक है बल्कि यह इतिहास, संस्कृति, सामाजिक ताने-बाने, अर्थव्यवस्था और असमिया लोगों की पहचान को खतरे में डालकर 1985 के ऐतिहासिक असम समझौते को भी रद करने वाला है। यूओएफए ने राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप करने और केंद्र को असम में नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 को लागू करने के अपने फैसले से बचने व इस 'असंवैधानिक और राष्ट्र-विरोधी' अधिनियम को रद्द करने का निर्देश देने का आग्रह किया। ज्ञापन में कहा गया, ''हम आपको सूचित करते हैं कि अगर भारत सरकार इन मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो हम विपक्षी राजनीतिक दलों और असम के लोगों के पास सरकार को मजबूर करने के लिए लोकतांत्रिक जन आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

#### हस्तक्षेप की मांग

- सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच यूओएफए ने लागू करने पर आंदोलन की दी चेतावनी




### सीएए के खिलाफ अब प्रदर्शन का कोई मतलब नहीं आंदोलनकारी उच्चतम न्यायालय जाएं: हिमंत



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि इस समय नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ किसी प्रदर्शन की कोई प्रासंगिकता नहीं है और कानून के खिलाफ लोग उच्चतम न्यायालय का रुख कर सकते हैं। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद, जिसने कानून पारित किया था, 'सर्वोच्च नहीं' है क्योंकि शीर्ष अदालत इसके ऊपर है और वह किसी भी कानून को रद कर सकती है जैसा उसने चुनावी बांड के मामले में किया। उन्होंने कहा कि सीएए के खिलाफ प्रदर्शन की कोई प्रासंगिकता नहीं है क्योंकि आंदोलन संसद द्वारा पारित किसी कानून के संबंध में कारगर नहीं हो सकते। बदलाव केवल उच्चतम न्यायालय में हो सकता है जैसा कि उसने भाजपा द्वारा लागू चुनावी बांड के मामले में किया।

## एक नजर

### प्रवासी भारतीयों से जुड़ने के लिए शुरू की लेबर इंडियंस पहल

**लंदन।** इस साल के आखिर में होने वाले आम चुनाव में विपक्षी लेबर पार्टी अपनी नैया पार लगाने के लिए ब्रिटिश भारतीयों को साधने में जुट गई है। लेबर पार्टी ने प्रवासी भारतीयों से जुड़ने और सत्ता में आने के बाद एक साल में भारत के साथ बातचीत को मजबूत करने के मकसद से नया प्रवासी आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है। लेबर पार्टी के विदेश मामलों के सचिव डेविड लैमी ने लंदन में संसद भवन परिसर में लेबर इंडियंस' पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी हालिया भारत यात्रा का जिक्र किया।

### छत्तीसगढ़ के प्रख्यात पुरातत्वविद अरुण कुमार शर्मा का निधन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पुरातत्ववेत्ता पद्मश्री अरुण कुमार शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। 92 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। अरुण शर्मा वही शख्स हैं जिनकी मांग पर अयोध्या में राम जन्म भूमि पर खुदाई कराई गई थी। उन्होंने ही खुदाई में मिले अवशेषों के रिसर्च के आधार पर कोर्ट में मंदिर होने के सबूत पेश किए थे। अरुण के बेटे मनीष ने बताया कि रायपुर स्थित आवास पर पिता ने अंतिम सांस ली। बता दें, वह छत्तीसगढ़ सरकार के पुरातत्व सलाहकार भी रहे थे।



### चाय वाले के साथ छा गई बिल गेट्स की जुगलबंदी

**नागपुर।** माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक और समाजसेवी बिल गेट्स बड़े कारोबार के अलावा अपने अनोखे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। इस समय वह अपने भारत दौरे के कारण सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में बिल गेट्स का नागपुर के फेमस डॉली चायवाले के साथ एक वीडियो वायरल हुआ है। चाय वाले के साथ बिल गेट्स की जुगलबंदी लोगों को खूब पसंद आई। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने भारत की तारीफ की है।

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में छह आतंकियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने कहा- सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना पर एक अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा, अभियान के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई जिसमें छह आतंकवादी मारे गए, एक सैनिक भी घायल हुआ है।

## डब्ल्यूटीओ में भारत ने कहा ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क स्थगन की समीक्षा करने की जरूरत

**अबू धाबी, एजेंसी।** भारत ने गुरुवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विकासशील और अल्प विकसित सदस्य देशों के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन की फिर से समीक्षा करने की जरूरत है। भारत ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन को आगे जारी रखने के पक्ष में नहीं है, इसका असर विकासशील देशों पर पड़ रहा है।

यह मुद्दा विश्व व्यापार संगठन के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में ई-कॉमर्स सत्र के दौरान उठाया गया। बता दें, मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का गुरुवार को अंतिम दिन रहा। भारत ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का यह उभरता हुआ खंड अल्प विकसित देशों (एलडीसी) सहित विकासशील देशों के लिए आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं लाता है। ऐसे में भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि डिजिटल औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क लगाने सहित सभी नीतिगत विकल्प डब्ल्यूटीओ सदस्यों के पास होने चाहिए। वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा, भारत ने बताया कि विकसित और विकासशील देशों के बीच एक बड़ी डिजिटल खाई है। इससे वैश्विक ई-कॉमर्स में विकासशील देशों की भागीदारी बढ़ाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

## सर्वाधिक संख्या के साथ मध्य प्रदेश का 'तेंदुआ स्टेट' तमगा बरकरार

मध्य प्रदेश का तेंदुआ स्टेट का तमगा इस बार भी बरकरार है। देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या 3,907 मध्य प्रदेश में है, वर्ष 2018 में 3421 थी। इसके बाद महाराष्ट्र में 1985, कर्नाटक में 1,879 और तमिलनाडु में 1,070 रही। टाइगर रिजर्व या सबसे अधिक तेंदुए की आबादी वाले स्थल आंध्रप्रदेश के श्रीशैलम में नागार्जुन सागर और इसके बाद मध्य प्रदेश में पन्ना और सतपुड़ा हैं। यह तथ्य गुरुवार को नई दिल्ली में भारत में तेंदुओं की स्थिति पर जारी रिपोर्ट में रेखांकित हुआ है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसकी रिपोर्ट जारी की।

**3,907**

के साथ मध्य प्रदेश देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या वाला प्रदेश, वर्ष 2018 में 3421 थी संख्या



### तेंदुओं की आबादी का अनुमान



वहीं वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि वन्य जीव हमारे जंगल की शान है। उल्लेखनीय है कि पांचवें चक्र में तेंदुओं की आबादी का अनुमान राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारतीय वन्य जीव संस्थान द्वारा, राज्य वन विभागों के सहयोग से किया जा रहा है। चतुर्वर्षीय "बाघों की निगरानी, शिकारियों, शिकार और उनके आवास की निगरानी" अभ्यास के एक भाग के रूप में यह प्रयास किया गया था। इससे बाघ संरक्षण प्रयासों को गति मिली है।

### तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियां

बाघ रेंज वाले राज्यों और विविध परिदृश्यों को शामिल करते हुए, व्यापक सर्वेक्षण में तेंदुए की बहुतायत का आकलन करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके मजबूत वैज्ञानिक पद्धतियों का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान कैमरा ट्रैपिंग, आवास विश्लेषण और जनसंख्या के संयोजन की एक सावधानीपूर्वक प्रक्रिया के माध्यम से, तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियों में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि का पता चला।

### भारत में तेंदुओं की कितनी है आबादी

भारत में तेंदुओं की आबादी 13,874 (रेंज: 12,616 – 15,132) व्यक्ति होने का अनुमान है। यह 2018 में 12852 (12,172–13,535) व्यक्तियों के समान क्षेत्र की तुलना में स्थिर आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। यह अनुमान तेंदुए के निवास स्थान की 70 प्रतिशत आबादी को दर्शाता है। इसमें हिमालय और देश के अर्धशुष्क हिस्सों का नमूना नहीं लिया गया है, क्योंकि यह बाघों का निवास स्थान नहीं हैं।

### सबसे बड़ी वृद्धि दर मध्य भारत

मध्य भारत में तेंदुओं की आबादी की स्थिर या थोड़ी बढ़ती दिखाई देती है। शिवालिक पहाड़ियों और गंगा के मैदानी इलाकों में गिरावट देखी गई। यदि हम उस क्षेत्र को देखें जिसका पूरे भारत में 2018 और 2022 दोनों में नमूना लिया गया था, तो प्रतिवर्ष 1.08 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शिवालिक पहाड़ियों में, प्रतिवर्ष –3.4 % की गिरावट हो रही है।

# पाकिस्तान-तुर्की हमारे आंतरिक मामलों में न करें टिप्पणी: भारत

### यूएनएचआरसी में भारत की दो टूक- जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न-अविभाज्य हिस्सा

### अनुपमा बोलीं- जो खुद आतंकियों को पालता हो उसे भारत पर बोलने का अधिकार नहीं

**संयुक्त राष्ट्र/ जिनेवा**

कश्मीर को लेकर तुर्की और पाकिस्तान के हालिया बयानों पर भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में बुधवार को बैठक के दौरान कश्मीर के मुद्दा उठाने के लिए पाकिस्तान को फटकार लगाई। साथ ही भारत ने इसे झूठ फैलाने को हताश प्रयास बताया।

यूएनएचआरसी में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने परिषद की बैठक में कहा, आज जब हम यूएनएससी सुधारों पर चर्चा करने के लिए मिल रहे हैं, तो पाकिस्तान के एक प्रतिनिधि ने फिर से जम्मू-कश्मीर का बेफिजूल मुद्दा उठा दिया। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है, भले ही पाकिस्तान का प्रतिनिधि कुछ भी मानता हो।

यूएनएचआरसी के 55वें सत्र में दोनों देशों ने कश्मीर का मुद्दा उठाने के बाद भारत ने तुर्की और पाकिस्तान के जवाब पर पलटवार करते हुए कहा, हमें तुर्की द्वारा ऐसे मामले पर की गई टिप्पणी को लेकर खेद है जो भारत का आंतरिक मामला है और हम उम्मीद करते हैं कि वह भविष्य में हमारे आंतरिक मामलों पर अवांछित टिप्पणी करने से बचेगा। अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान के मानवाधिकारके उल्लंघन के रिकॉर्ड को निराशाजनक बताया और पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर उसे जमकर लताड़ा।





### पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न

एक ऐसा देश जहां सरकारी संस्थाएं अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को सपोर्ट करती हैं और जिसका मानवाधिकार ट्रैक रिकॉर्ड निराशाजनक है वह भारत पर टिप्पणी कर रहा है। उन्होंने पाकिस्तान में ईसाई समुदाय पर हमले का उदाहरण देते हुए कहा, अगस्त 2023 में पाकिस्तान के जरनवाला शहर में अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय के खिलाफ बड़े पैमाने पर क्रूरता की गई, जिसमें 19 चर्चों को नष्ट कर दिया गया और 89 ईसाई घरों को जला दिया गया।

**आतंकियों का पालता है पाकिस्तान :** अनुपमा सिंह ने कहा कि एक ऐसा देश जो खुद यूएन की ओर से बैन किए आतंकियों को पालता है। उसे भारत को लेकर कुछ भी बोलने अधिकार नहीं है। हम ऐसे देश पर ध्यान नहीं देते जो दुनिया भर में आतंक फैलाने का काम करता है।

### सुरक्षा परिषद में सुधार पर चीन ने कहा- वार्ता से बने आम सहमति

**बीजिंग।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के मसले पर चीन ने एक बार फिर अस्पष्ट रुख प्रदर्शित किया है। सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के दावे के विरोध से इनकार करते हुए चीन ने कहा है कि सुधार के लिए गंभीर चर्चा करके सहमति बनाए जाने की जरूरत है। चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने कहा कि विश्व उम्मीद करता है कि संयुक्त राष्ट्र वैश्विक चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटे और उनका समाधान निकाले। चीन सुरक्षा परिषद में सुधार का समर्थन करता है, लेकिन वह सही दिशा में होना चाहिए और उसमें विकासशील देशों की आवाज शामिल होनी चाहिए। वांग ने यह बात सुरक्षा परिषद में सुधार के सिलसिले में सरकारों से बात करने वाली संयुक्त राष्ट्र की समिति के सदस्यों–एमएएम अल्बनाई और एलेक्जेंडर मार्सचिक से वार्ता के दौरान कही।

## परमाणु युद्ध को तैयार रूस, पश्चिमी देशों को पुतिन की चेतावनी



**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों पर भड़ास निकाली है। पुतिन ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम वार्षिक संबोधन में आरोप लगाया है कि पश्चिमी देश परमाणु संघर्ष के हालात पैदा करने चाहते हैं, जो मानव सभ्यता को नष्ट कर देगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश परमाणु युद्ध का 'वास्तविक' खतरा पैदा कर रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि रूस के परमाणु हथियार उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार में हैं। पुतिन ने आगाह किया है कि यूक्रेन युद्ध में दखलअंदाजी करने वालों के लिए परिणाम बहुत ही दुखद होंगे...उन्हें (पश्चिम) समझना चाहिए। मैंने उनसे कहा है कि हमारे पास भी ऐसे हथियार हैं जो उनके क्षेत्रों पर लक्ष्यों को नष्ट कर सकते हैं। पुतिन ने कहा कि रूस किसी को भी अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं देगा।

## नेशनल असेंबली का पहला सत्र शुरू, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

- राष्ट्रपति ने संविधान की शक्तियों का किया इस्तेमाल, 21 दिनों के भीतर होगा सत्र चुनाव

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान की नवनिर्वाचित संसद ने गुरुवार को अपना पहला सत्र शुरू कर दिया है। कार्यवाहक सरकार के साथ चल रहे मतभेदों के बाद राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने आखिरकार विधानसभा सत्र बुलाया है। दोनों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीटें आवंटित किए जाने के मुद्दे को लेकर विवाद चल रहा था। पिछली संसद के निवर्तमान अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ की अध्यक्षता में उद्घाटन सत्र एक घंटे से अधिक की देरी के बाद शुरू हुआ।

एक्स अकाउंट पर जारी बयान में कहा गया, 'कुछ आपत्तियों के अधीन, राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 54(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 29 फरवरी को नेशनल असेंबली बुलाई है।' बता दें कि कि राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 91 (2) में दी गई समयसीमा के जनादेश और निहितार्थों को ध्यान में रखते हुए और कुछ आरक्षणों के अधीन और 21वें दिन से पहले आरक्षित सीटों के मुद्दे के समाधान की उम्मीद करते हुए अपनी मंजूरी दे दी।



### नवाज सहित 302 सांसदों ने ली शपथ

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा नेशनल असेंबली का सत्र बुलाए जाने के बाद देश के शरीफ समेत 302 नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ ली। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीट आवंटित करने के मुद्दे पर कार्यवाहक सरकार के साथ मतभेद के कारण अल्वी के शुरुआती इनकार के बाद नई संसद का पहला सत्र आयोजित किया गया। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सांसदों ने चुनाव में धांधली के नारे लगाए।

## शीर्ष कोर्ट ने पलटा फैसला, संविधान की शक्ति वादी के हक की अनदेखी का अधिकार नहीं देती

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- शीर्ष अदालत की अहम टिप्पणी 2018 के आदेश को पलटा

संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट की असाधारण शक्ति उसे दीवानी और आपराधिक मामलों में रोक लगाने वाले वैध न्यायिक आदेशों का आनंद ले रहे वादकारों के मूल अधिकारों की अनदेखी करने की ताकत नहीं देती है।

शीर्ष अदालत ने गुरुवार को एक मामले में सुनवाई करते हुए यह अहम टिप्पणी की। संविधान का अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को देश के भीतर अदालत के समक्ष लंबित किसी भी मामले में पूर्ण न्याय करने के लिए आवश्यक कोई भी व्यवस्था या आदेश पारित करने का शक्ति देता है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-जजों की संविधान पीठ ने इस टिप्पणी के साथ फैसला दिया कि छह महीने के बाद दीवानी और आपराधिक मामलों में निचली अदालत या हाईकोर्ट द्वारा दिए गए स्थगन आदेश को स्वतः रद नहीं किया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने 2018 के शीर्ष अदालत के आदेश को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि निचली अदालतों और हाईकोर्ट द्वारा दी गई ऐसी रोक छह महीने के बाद स्वयं रद हो जाएगी, अगर इसे विशेष रूप से नहीं बढ़ाया गया। जस्टिस एएस ओका ने फैसला लिखते हुए कहा कि न्यायालय के समक्ष पक्षों के बीच न्याय करने के लिए क्षेत्राधिकार का प्रयोग किया जा सकता है और अनुच्छेद 142 के तहत इस न्यायालय की शक्ति का प्रयोग प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को पराजित करने के लिए नहीं किया जा सकता है, जो हमारे न्यायशास्त्र का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने आगे कहा, अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल बड़ी संख्या में उन वादीकारों द्वारा उनके पक्ष में वैध रूप से पारित न्यायिक आदेशों के आधार पर प्राप्त लाभों को रद करने के लिए नहीं किया जा सकता है जो इस न्यायालय के समक्ष कार्यवाही के पक्षकार नहीं हैं। अनुच्छेद 142 इस न्यायालय को वादकारों के मूल अधिकारों की अनदेखी करने का अधिकार नहीं देता है।

### एटमी हथियार केंद्र बंद...



**टेक्सास :** सैन फ्रांसिस्को अमेरिका में टेक्सास के जंगलों में लगी आग विकराल हो गई है। 5 स्थानों पर लगी इस आग ने 3.7 लाख एकड़ क्षेत्र को चपेट में ले लिया है। इससे अमेरिका का परमाणु हथियार सुविधा संचालन केंद्र खतरे में पड़ गया है। आग के बेकाबू होने के बाद अमेरिका के परमाणु शस्त्रागार को जोड़ने और अलग करने वाली मुख्य सुविधा ने मंगलवार रात टेक्सास में काम करना बंद कर दिया। आग बढ़ती देख छोटे शहरों को खाली करने के आदेश दिए गए हैं। गवर्नर ग्रेग एबॉट ने इसे आपदा घोषित कर दिया है। ● एजेंसी

## विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ

- मॉरीशस में परियोजनाओं के उद्घाटन पर मोदी बोले- 10 वर्षों में संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली

**नई दिल्ली, एजेंसी**





मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ के साथ वर्चुअली माध्यम से विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ ने गुरुवार को मॉरीशस के अगालेगा द्वीप पर छह सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही नई हवाई पट्टी (एयरस्ट्रिप) और सेंट जेम्स जेट्टी का भी संयुक्त रूप से लोकार्पण किया।

पीएम कार्यालय के एक बयान के अनुसार, यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया था। इन कई परियोजनाओं का उद्घाटन दोनों देशों, भारत और मॉरीशस के बीच मजबूत और दशकों पुरानी विकास साझेदारी का प्रमाण है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में, भारत-मॉरीशस संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली है। हमने इस रिश्ते में नई ऊंचाइयां हासिल कीं।

हमने वैज्ञानिक और ऐतिहासिक संबंधों को एक नया रूप दिया। विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ रही है। भारत ने हमेशा मॉरीशस की जरूरतों का सम्मान किया है'। आधिकारिक बयान के अनुसार, ये परियोजनाएं मुख्य भूमि मॉरीशस और अगालेगा के बीच बेहतर कनेक्टिविटी की मांग को पूरा करने में मदद करेंगी। पीएमओ के अनुसार इससे समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

दरअसल, कुछ सप्ताह पहले दोनों नेताओं ने मॉरीशस में यूपीआई और रुपे कार्ड सेवाओं के शुभारंभ किया था। इसके बाद अब इन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन इस क्षेत्र में बहुत महत्व रखता है।

**विज्ञान** कम हो रही दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद, वैज्ञानिकों ने जताई थी तीन ग्रहों पर संभावना

## खत्म हो रहा बाहरी सौरमंडल के ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वातावरण

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** सात ग्रहों का ट्रैपिस्ट एक्सोप्लैनेट (बाहरी ग्रहों) का सौरमंडल खत्म हो जाएगा। कुछ ऐसी ही संभावनाएं खगोल वैज्ञानिक जता रहे हैं। ताजा शोध में पता चला है कि रहने योग्य इस इस सोलर सिस्टम का एक ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वारावरण नष्ट हो रहा है। इस जानकारी के बाद किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद जाती रही।

ट्रैपिस्ट सात ग्रहों वाला सौर मंडल है। जिसके तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना वैज्ञानिकों ने जताई थी। मगर अब जो जानकारी मिली है, उससे पता चलता है कि इस बाहरी सिस्टम में रहने योग्य ग्रहों को उसके लाल बौने तारे से निकलने वाले कठोर विकिरण उसके वायुमंडल से खत्म कर रहा है। जिसमे ट्रैपिस्ट-1ई जीवन के लिए दुर्गम बना सकती है।



ट्रैपिस्ट-1 का सौरमंडल।

वैज्ञानिकों के अनुसार प्रतीत होता है कि इस ग्रह के अपने लाल बौने मेजबान तारे के चारों ओर विद्युत धाराएं उत्पन्न हो रही हैं। इस सोलर सिस्टम के ग्रह लाल बौने तारे की परिक्रमा करते हैं। इस सिस्टम में सभी सात ग्रह पृथ्वी के समान चट्टानी हैं। जिनमें 3 रहने योग्य क्षेत्र में स्थित हैं। यह क्षेत्र न तो बहुत गर्म है और न ही बहुत ठंडा है और इनमें तरल पानी की प्रबल संभावना थी। ट्रैपिस्ट-1ई पृथ्वी से 40 प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है। ट्रैपिस्ट-1 ई एक्सोप्लैनेट में वायुमंडल की विस्तृत जानकारी के लिए नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद ली गई थी और गहन अध्ययन के बाद वैज्ञानिकों को निराश होना पड़ा है। अमेरिका के सेसिलिया गैराफो, हार्वर्ड और स्मिथसोनियन के वैज्ञानिक इस सौर मंडल का सामूहिक अध्ययन कर रहे हैं।

### पृथ्वी के आकार का है ट्रैपिस्ट 1ई, 0.7 गुना है द्रव्यमान

ट्रैपिस्ट-1ई लगभग पृथ्वी के आकार का है। इसका द्रव्यमान हमारे ग्रह के लगभग 0.7 गुना है। यह अपने तारे से चौथे नंबर का ग्रह है, जो पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी से केवल 0.028 गुना दूरी पर परिक्रमा करता है, और केवल 6.1 पृथ्वी दिनों में एक चक्कर लगाता है। एक्सोप्लैनेट ट्रैपिस्ट-1बी का अपना वातावरण पहले ही खो चुका है। इस सौरमण्डल के सातों ग्रहों के नाम ट्रैपिस्ट-1बी, 1ई, 1सी 2डी आदि रखे गए हैं।

## गाजा में राहत सहायता की प्रतीक्षा कर रहे लोगों पर हमला, सौ की मौत

**राफा।** गाजा शहर में मानवीय सहायता की प्रतीक्षा कर रहे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर इजराइली हमले में सौ लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

शिफा अस्पताल के नर्सिंग विभाग के प्रमुख डॉ. जदल्लाह शफाई ने अल जजीरा नेटवर्क को बताया कि लगभग 100 लोग मारे गए और 250 घायल हो गए। उन्होंने सटीक मरने वालों की संख्या नहीं बताया। अल जजीरा ने फुटेज चलाया जिसमें कई शव और घायल लोग शिफा पहुंचते हुए दिखाई दे रहे थे। कमल अदवान अस्पताल में एम्बुलेंस सेवा के प्रमुख फारेस अफाना ने कहा कि घटनास्थल पर पहुंचने वाले चिकित्सकों ने सैकड़ों को जमीन पर पड़ा हुआ पाया। उन्होंने कहा कि मृतकों और घायलों को गधे द्वारा खिंची जाने वाली गाड़ियों पर अस्पतालों में लाया जा रहा था।

## एच-1बी वीजा प्रक्रिया में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे

- भारतीय-अमेरिकियों को लेकर बोलीं व्हाइट हाउस प्रवक्ता

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन एच1बी वीजा प्रक्रिया, 'ग्रीन कार्ड' बैकलॉग और देश की कानूनी आव्रजन प्रणाली से संबंधित अन्य मुद्दों में सुधार के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। एच1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियोजित करने की अनुमति देता है जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ने बुधवार को कहा, अगर हम एच1बी वीजा प्रक्रिया को देखें, तो हमने उसमें सुधार करने के लिए कार्रवाई की है और वैध स्थायी निवासियों (ग्रीन कार्ड) के लिए प्रक्रिया और बैकलॉग जो अमेरिकी नागरिक बनने के लिए पात्र हैं।

### भारत की अध्यक्षता में क्वाड की प्रगति बरकरार रहेगी : व्हाइट हाउस

व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को उम्मीद है कि क्वाड 2024 में भारत की अध्यक्षता में अपने पिछले तीन वर्षों की गति को बरकरार रखेगा। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान चार देश शामिल हैं। जीन-पियरे ने कहा, राष्ट्रपति पिछले तीन वर्षों में क्वाड की प्रगति पर बहुत गर्व महसूस करते हैं। क्वाड के सदस्यों ने मार्च 2021 में व्हाइट हाउस में अपना पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। उन्होंने कहा- क्वाड की 2024 में वर्षगांठ आ रही है, हम उम्मीद कर रहे हैं अमेरिका के बारे में नहीं, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बारे में भी बात कर रहे हैं।

## ट्रंप एक और राज्य के प्राथमिक चुनाव के लिए अयोग्य घोषित



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बुधवार को कैपिटल हिल हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली। शीर्ष अदालत उनकी दलीलों को सुनने पर सहमत हुआ।

वहीं दूसरी ओर, इसी मामले को लेकर इलिनॉय राज्य में एक स्थानीय अदालत से उन्हें झटका लगा। अदालत ने ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव के लिए होने वाले प्राथमिक मतदान से बाहर करने का आदेश दिया है। इससे पहले मेन और कोलाराडो राज्य भी ट्रंप को राज्य के प्राथमिक मतदान के लिए अयोग्य घोषित कर चुके हैं। इलिनॉय में 19 मार्च को प्राथमिक चुनाव होंगे। कोर्ट ने कहा- ट्रंप ने एक विद्रोह में भाग लिया था। इसलिए उन्हें राज्य के मतपत्र में रहने की अनुमतिनहीं है।